आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 58 अंक 331 | उज्जैन, रविवार 14 दिसम्बर, 2025 | पौष कृष्ण 10 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### एसबीआई ने ब्याज दर 0.25 फीसदी घटाई, 15 दिसम्बर से लागू

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) ने रजिर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) की नीतिगत दर रेपो रेट में कटौती के बाद अपनी लेंडिंग रेट 0.25 फीसदी घटा दिया है, जिससे मौजूदा और नए कर्जदारों के लिए लोन सस्ता हो गया है। नई दरें 15 दिसंबर, 2025 से लागू होंगी। एक बयान में बैंक ने बताया कि एसबीआई ने ब्याज दर में 0.25 फीसदी की कटौती की है। इस कटौती के साथ ही स्टेट बैंक की बाह्य मानक आधारित ब्याज दर (ईबीएलआर) 0.25 फीसदी घटकर 7.90 फीसदी हो जाएगी। बैंक ने यह कदम रिजर्व बैंक के इस महीने नीतिगत दर रेपो रेट में 0.25 फीसदी की कटौती के बाद उठाया है।

### शशि थरूर जहां से सांसद, वहां एनडीए निकाय चुनाव जीता

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के निकाय चुनाव में एनडीए को बड़ी कामयाबी मिली है। गठबंधन ने तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों में से 50 वार्डों पर जीत दर्ज की है। पिछले 45 साल से यहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा का कब्जा है। एलडीएफ 29 और कांग्रेस गठबंधन को 19 वार्डों में विजय मिली है। 2020 में तिरुवनंतपुरम के स्थानीय निकाय चुनावों में एलडीएफ ने 52 वार्ड जीते थे। भाजपा-नेतृत्व वाले एनडीए को 33 वार्ड मिले थे और यूडीएफ ने 10 वार्डों में जीत हासिल की थी। तिरुवनंतपुरम कांग्रेस सांसद शशि थरूर का गढ़ माना जाता है। केरल के 1,199 स्थानीय निकायों के लिए सुबह 8 बजे से मतगणना जारी है। यहां दो फेज 9 और 11 दिसंबर को वोटिंग हुई थी। चुने गए पंचायत सदस्यों और नगर पालिका पार्षदों, कॉर्पोरेशन पार्षदों का शपथ ग्रहण 21 दिसंबर को होगा।

### नवादा में मॉब लिंचिंग, युवक की पीट-पीटकर हत्या

**नवादा।** बिहार के नवादा में 5 दिसंबर को हुई मॉब लिंचिंग में घायल युवक की शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक की पहचान नालंदा जिले के निवासी मोहम्मद अतहर हुसैन (40) के रूप में हुई है। मरने से पहले मोहम्मद अतहर हुसैन ने 7 दिसंबर को कैमरे पर अपना बयान दर्ज कराया था, जिसमें उन्होंने पूरी वारदात डिटेल में बताई। मोहम्मद अतहर हुसैन ने बताया कि 4-5 लोगों ने घेरकर उनके साथ मारपीट की। उन्हें एक कमरे में ले गए, फिर पैंट उतारकर चेक किया कि वो मुस्लिम हैं या नहीं। उसके बाद गर्म रॉड से मारा, स्टील के रॉड से मारकर सिर फोड़ दिया। लाठी-डंडे, ईंट से पीटा गया। किसी ने उंगलियां तोड़ीं, तो कोई सीने पर चढ़कर गला दबाने लगा। इतना ही नहीं प्लायर से उनके कान काटे गए।

### आंदोलन की रणनीति के लिए आज जुटेंगे 18 जिलों के किसान नेता

# आरपार पर मंथन आज, खेतों पर लहराया भाकिसं का ध्वज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ क्षेत्र लैंड पुलिंग योजना के विरोध में किसान सरकार से आरपार के मुड में आ गए हैं। इसके लिए मोर्चा संभाल रहे भारतीय किसान संघ के मालवा प्रांत के 18 जिलों के प्रतिनिधियों की रणनीति रविवार को तय होने वाली है। इसके पहले सिंहस्थ लैंड पुलिंग के दायरे में आ रहे किसानों ने बैठक की है और उनकी जमीनों एवं खेतों पर शनिवार से ही भाकिसं का ध्वज लहराने लगा है।

सिंहस्थ लैंड पुलिंग योजना को लेकर सरकार एवं भारतीय किसान संघ के बीच भोपाल में समझौता हुआ था। इसमें दोनों पक्षों ने सिंहस्थ लैंड पुलिंग योजना टीडीएस 8,9,10,11 निरस्त को लेकर घोषणा की थी। बाद में सरकार की ओर से संशोधन जारी किया गया। इस पर भाकिसं ने आपत्ति जताई एवं निरस्त आदेश जारी करने की मांग रखी थी, लेकिन ऐसा सरकार की ओर से नहीं किया गया। इसी से नाराज किसान संघ ने सरकार को दो बार इसके लिए आगाह करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी थी। अंतिम 7 दिन की समयावधि बीतने के बाद भी कोई हल नहीं निकलने पर किसान संघ ने अपने मालवा प्रांत के प्रतिनिधियों की बैठक आंदोलन की रणनीति एवं उसके स्वरूप के मंथन को लेकर रखी है।

### पीपलीनाका पर बैठक में 17 गांव के किसान जुटे, ध्वज लगना शुरू






#### किसान गुस्साए, खेतों पर ध्वज लगाए

शनिवार को सिंहस्थ लैंड पुलिंग योजना अंतर्गत सिंहस्थ क्षेत्र के 17 गांवों के ग्रामीणों ने पीपलीनाका पर बैठक आयोजित की थी। इस बैठक में किसानों ने जमकर अपना गुस्सा जताया है। किसान संघ के नेताओं की मौजूदगी में आयोजित बैठक में शनिवार से ही 17 गांवों की जमीनों एवं खेतों पर भाकिसं का ध्वज लहराने की बात तय हुई और उसके तहत सिंहस्थ क्षेत्र के 17 गांवों में ध्वज लहराने शुरू हो गए हैं।

#### आंदोलन का संभावित स्वरूप यह हो सकता है

- पूरे मालवा प्रांत के 18 जिलों में किसानों का चक्काजाम यानिकी गांव का गांव में।
- मालवा प्रांत में शहरों में सब्जी, दूध, तमाम उपज सप्लाय बंद।
- मालवा प्रांत में शहर जाम, घेरा डालो-डेरा डालो।
- पूरे प्रांत में मंडी कारोबार बंद, गांव का गांव में।
- पूरे प्रांत के 18 जिलों में बड़े प्रदर्शन, ज्ञापन।
- ग्रामीण क्षेत्रों में जनप्रतिनिधियों का घेराव।

#### 165 प्रतिनिधि होंगे शामिल

भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष कमलसिंह आंजना के अनुसार रविवार को उज्जैन में चिंतामन रोड पर अंबेडकर भवन में आयोजित बैठक में किसान संघ के मालवा प्रांत के 18 जिलों से जिला अध्यक्ष, मंत्री, प्रचार मंत्री, तहसील अध्यक्ष, मंत्री आंदोलन की रणनीति पर मंथन करने के लिए 165 के करीब प्रतिनिधि जुटने वाले हैं। दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक आंदोलन की रणनीति पर मंथन होगा। अपने आप में भाकिसं की यह बड़ी बैठक होगी।

### राजस्थान और मप्र में कड़ाके की ठंड

## तापमान 10 डिग्री से कम

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

राजस्थान में सर्दी के बीच पश्चिमी विक्षोभ एक्टिव हुआ है। बीकानेर, चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़ सहित कई इलाकों में बादल छाए हुए हैं इससे सर्द हवाएं कमजोर हुई हैं। राज्य के 18 शहरों में शुक्रवार को तापमान 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड किया गया। माउंट आबू में पारा 3 डिग्री पहुंच गया।

मध्य प्रदेश में कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। राज्य के 19 शहरों में कल रात न्यूनतम तापमान 10 डिग्री से कम रिकॉर्ड हुआ। इंदौर में 5.2 डिग्री तापमान रहा। इतना ही तापमान प्रदेश के इकलौते हिल स्टेशन और सबसे ठंडी जगह कहे जाने वाले पचमढ़ी में भी दर्ज किया गया। यूपी और बिहार में घने कोहरे का असर बढ़ता जा रहा है।



यूपी के लखनऊ, गोरखपुर समेत 30 जिलों में सड़कों पर 10 मीटर दूर कुछ भी नहीं दिख रहा है। शनिवार सुबह सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर कोहरे की वजह से कई गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। इससे एक महिला जख्मी हो गई। पहाड़ी राज्यों में बर्फबारी की आशंका है। मौसम विभाग के अनुसार, उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में रविवार को बारिश के साथ हल्की बर्फबारी हो सकती है।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को पाकिस्तान से खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जान का खतरा है। केंद्रीय गृह मंत्रालय को उन पर हमले का इनपुट मिला जिसके बाद शुक्रवार देर रात भोपाल और दिल्ली में शिवराज के आवास पर सुरक्षा और बढ़ा दी गई। भोपाल में 74 बंगला स्थित बी-8 आवास के चारों तरफ पुलिस ने अतिरिक्त बैरिकेडिंग की है। दिल्ली स्थित सरकारी आवास पर भी सुरक्षा बढ़ाई गई है। गृह मंत्रालय ने लेटर जारी कर शिवराज सिंह चौहान की सुरक्षा बढ़ाने को कहा था। इसमें कहा गया है कि आईएसआई केंद्रीय कृषि मंत्री के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसी की सलाह से केंद्रीय मंत्री की सुरक्षा व्यवस्था की जांच की गई। जिसके बाद इसे और सख्त कर दिया गया है। शिवराज सिंह चौहान पहले से ही जेड+ श्रेणी की सुरक्षा में हैं।

### ईरान में नोबेल विजेता नरगिस मोहम्मदी गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ ईरान

ईरान में नोबेल शांति पुरस्कार विजेता और ह्यूमन राइट एक्टिविस्ट नरगिस मोहम्मदी को फिर से गिरफ्तार कर लिया गया है। नगरिस मशहद शहर में एक्टिविस्ट खोसरो अलिकोरदी की एक शोक सभा में शामिल होने गई थीं, जहां उन्हें पकड़ लिया गया। अलिकोरदी पिछले हफ्ते अपने दफ्तर में मृत पाए गए थे। ईरानी अधिकारियों ने उनकी मौत को दिल का दौरा बताया है, लेकिन इस पर शक जताया जा रहा है। नरगिस इसके विरोध में बिना हिजाब के भाषण दे रही थीं।

### सिनीयर मप्र हैंडबॉल की टीम घोषित, 15 से प्रतियोगिता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वावधान में 54वीं सिनीयर राष्ट्रीय पुरुष प्रतियोगिता पश्चिम बंगाल राज्य हैंडबॉल संघ द्वारा हुगली में 15 से 20 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है। मध्यप्रदेश हैंडबॉल टीम की घोषणा अध्यक्ष दीपक जैन टीनू व महासचिव हरदीप सिंह रुप्पल ने की। शुभम भगत (कप्तान), हर्षित घेंघट (उपकप्तान), साईं यादव, हंसराज गुर्जर, अक्षत जैन, ऋषभ जरेले, पीयूष घेंघट, अमान, जय सिंह, राहुल चिमनकर, धरमबीर, वंशकुमार, मोहित मौर्य, चयक प्रधान, नितेश श्रीवास, सौरभ मालवीय, अमित, शिवम सिह यादव, कोच- भरत पांडे, राहुल चित्रे, मैनेजर- किशन बाटु। टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अमित त्रिपाठी, कुलवंत सिंह, राजकुमार सेंगर, संदीप घाडगे, विजय रावल, मधू करोले, दीपेश पवार, राजू शर्मा आदि ने शुभकामंनाए दी।




| ENTRY | BRANCHES |
|---|---|
| AFCAT Entry | Flying/ Technical/ Weapon Systems/ Administration/ Logistics/ Accounts/ Education/ Meteorology |
| NCC Special Entry | Flying (NCC Air Wing 'C' certificate is mandatory) |


- Online test only for AFCAT entry
- Aadhaar card is mandatory for online registration
- For more details, refer to Employment News dated 08 Nov 2025 and for detailed notification visit our website **careerairforce.gov.in** and **afcat.edcil.co.in**

**For updates, follow us on**

Online registration through careerairforce.gov.in and afcat.edcil.co.in

'DISHA' Cell, Air Headquarters, Vayu Bhawan, Motilal Nehru Marg, New Delhi - 110106 Tel: 011-23013690 | Toll-free No.: 1800-11-2448 | E-mail: careeriniaf@gmail.com

## शनिवार का महाकाल श्रृंगार




### पहली बार दिखाया पावर...

नगर की संस्था ने पहली बार अपना प्रशासनिक पावर गेम दिखाया है। उसने ये बताया है कि नगरीय सीमा में उसके पास असीमित अधिकार हैं और वह चाहे तो उसका उपयोग कर सकती है। इसमें किसी प्रकार का दबाव, प्रभाव नहीं चलेगा। नगर की संस्था की वित्तिय स्थिति को सुधारने के लिए पहली बार उसके युवा अधिकारी




ने शासकीय विभागों एवं संस्थाओं को भी हासिए पर लेकर दिखा दिया कि टैक्स चुकता करना ही पडेगा। यहां तक की प्रदे-श के तकनीकी शिक्षा स्थलों में अपना नाम और काम से पहचान रखने वाले संस्थान को भी इसमें नहीं बख्शा गया। संस्थान के स्थानीय कर्ताधर्ता मामले को पिछले लंबे समय से काफी हल्के में ले रहे थे और टैक्स एक करोडी हो गया था। नगर की संस्था की और से प्रशासनिक नियमों के तहत दम दिया तो मामला राजधानी स्तर तक पहुंच गया है। धार्मिक स्थलों को भी बराबर नोटिस देकर अपने हक का टैक्स मांगा गया। धडल्ले से नगर की संस्था के खाते में राशि बढने लगी है। नगर की संस्था के प्रशासनिक अमले की कार्रवाई को देखते हुए कयास लगाए जा रहे हैं कि शनिवार को इसके तहत खजाने में धन वर्षा होने वाली है। यह आंकडा पिछले वर्षों की तुलना में नया रेकार्ड बनाने वाला है। नल से फोकट का जल पाने वाले भी दायरे में आए हैं और उनकी स्थिति भी टाइट की गई है। खुसूर-फुसूर है कि वर्षांत में जो सक्रियता करों को लेकर की जाती है उसे वर्ष भर संचालित करने से राजस्व की प्राप्ति एवं कार्रवाई का स्तर बराबर बना रहे जिससे की अंतिम दौर में जो दबाव की स्थिति बनती है वो नहीं बनेगी। उसके लिए बकायदा कई माध्यम हैं जिससे उपभोक्ताओं को बराबर संदेश देकर इसके लिए स्वप्रेरित किया जा सकता है।जो कि वर्षांत में किया जा रहा है।

### उज्जैन में 'शनि लोक' को हरी झंडी

# 140 करोड़ से निखरेगा विक्रम संवत का उद्गम स्थल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में स्थित त्रिवेणी शनि मंदिर को विश्वस्तरीय स्वरूप देने के लिए मध्यप्रदेश सरकार ने 140 करोड़ रुपये की 'शनि लोक निर्माण परियोजना' को मंजूरी दे दी है। विक्रम संवत के उद्गम स्थल के रूप में प्रसिद्ध यह प्राचीन तीर्थस्थल अब महाकाल महालोक की तर्ज पर विश्वस्तरीय स्वरूप में विकसित होगा।

शनि उपासना, त्रिवेणी घाट और शिप्रा तट को समाहित करते हुए उज्जैन में दूसरा बड़ा धार्मिक कारिडोर आकार लेगा, जो शहर की आध्यात्मिक प्रतिष्ठा, पर्यटन क्षमता और आर्थिक विकास को नई ऊंचाई देगा। यह परियोजना सिंहस्थझ2028 की तैयारियों में एक निर्णायक कदम मानी जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को ये जानकारी मीडिया से साझा की।

### यहां भगवान शनि को शिव स्वरूप में प्रस्तुत किया गया

मालूम हो कि इंदौर रोड स्थित त्रिवेणी शनि मंदिर लगभग 21100 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैला है। मान्यता है कि इसकी स्थापना स्वयं सम्राट विक्रमादित्य ने की थी और इसी पवित्र स्थल से विक्रम संवत की शुरूआत (५्र'१ॅ रॅं५३ झ्र्ॅल्ल स्र्ीॅ) मानी जाती है। यह देश का पहला ऐसा शनि मंदिर है, जहां भगवान शनि को शिव स्वरूप में प्रतिष्ठित किया गया है। हर शनि अमावस्या पर यहां पांच क्विंटल से अधिक तेल का अभिषेक होता है, जिससे मंदिर की आस्था और आकर्षण दोनों बढ़ते हैं।



**उज्जैन में महाकाल महालोक के बाद शहर को अब दूसरा भव्य धार्मिक कारिडोर मिलने जा रहा है। मध्यप्रदेश सरकार ने 140 करोड़ रुपये की 'शनि लोक निर्माण परियोजना' को मंजूरी दे दी है। साथ ही नारायणा धाम में 'श्रीकृष्ण-सुदामा लोक' बनाने की तैयारी की जा रही है।**

नया 'शनि लोक' धार्मिक विकास के साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी गति देगा। महाकाल महालोक के लोकार्पण के बाद 2022 से अब तक सात करोड़ से अधिक श्रद्धालु उज्जैन पहुंचे, जिससे होटल, परिवहन, रोजगार और व्यापार क्षेत्र में अभूतपूर्व वृद्धि दर्ज हुई।

सिंहस्थ-2028 के लिए उज्जैन को नए पर्यटन मॉडल पर तैयार किया जा रहा है, जिसमें त्रिवेणी घाट और शनि लोक प्रमुख धुरी बनेंगे। व्यापक योजना से शहर की आध्यात्मिक पहचान मजबूत होगी और सांस्कृतिक-आर्थिक विकास को नई दिशा मिलेगी।

### नारायणा धाम में बनेगा 'श्रीकृष्ण-सुदामा लोक'

उज्जैन को और दो नई भव्य पहचान मिलने जा रही हैं। नारायणा धाम को 'श्रीकृष्णझसुदामा लोक' और सांदीपनि आश्रम को आधुनिक वैदिक शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने की 201 करोड़ की योजना को प्राथमिकता में रखा गया है। नारायणा धाम पर 120 करोड़ रुपये से बाल्य कथा प्रांगण, मूर्तिझशिल्प, स्मृति वन, ओपन एयर थियेटर और पार्किंग जैसी सुविधाएं विकसित होंगी, जबकि सांदीपनि आश्रम में 81 करोड़ रुपये से में ध्यान क्षेत्र व इकोझकैंपस तैयार होगा।

इन स्थलों से श्रीकृष्ण-सुदामा की ऐतिहासिक कथा और गुरु-शिष्य परंपरा को आधुनिक रूप में अनुभव किया जा सकेगा। दोनों धार्मिक स्थल, श्रीकृष्ण पाथेय योजना के हिस्से हैं। कहा गया है कि यह विकास शहर को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय धार्मिक पर्यटन मानचित्र पर मजबूत स्थान दिलाएगा।

# चार विद्वानों को अटल अलंकरण,डा.जटिया भी होंगे सम्मानित

### अटल जी की 100 वीं जन्म जयंती पर शून्य से शतक कार्यक्रम 21 को, उपराष्ट्रपति, राज्यपाल और मुख्यमंत्री लेंगे भाग, अटल जी पर केंद्रित लघु फिल्म का होगा प्रदर्शन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं राजनीति में सुचिता के प्रतीक स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई के 100 वें जयंती वर्ष के मौके पर इंदौर में 21 दिसंबर को शून्य से शतक कार्यक्रम का आयोजन होगा।इस आयोजन में पूर्व केंद्रीय मंत्री डा.सत्यनारायण जटिया सहित चार विद्वानों को अटल अलंकरण प्रदान किया जाएगा।कार्यक्रम में देश के उपराष्ट्रपति, प्रदेश के राज्यपाल और मुख्यमंत्री भाग लेंगे।

अटल फाउंडेशन की ओर से आयोजित पत्रकार वार्ता में सांसद शंकर लालवानी एवं फाउंडेशन की अध्यक्ष माला वाजपेयी तिवारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी के 100 वें जन्म जयंती वर्ष के मौके पर पूरे वर्ष देश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में अब वर्ष समाप्त होने से पूर्व 21 दिसंबर को डेली कॉलेज के धीरूभाई अंबानी सभागृह में शून्य से शतक के रूप में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रसिद्ध कवि सत्यनारायण सत्तन, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. सत्यनारायण जटिया, भारतीय क्रिकेट टीम चयन समिति के पूर्व चयनकर्ता संजय जगदाले और सागर के पारंग शुक्ला को अटल अलंकरण से अलंकृत किया जाएगा। इस अवसर पर अटलजी के जीवन पर केंद्रित एक लघु फिल्म का प्रदर्शन भी होगा। अटल जी से जुड़े संस्मरणों पर आधारित किताब के तीसरे एडिशन सदा अटल महा ग्रंथ के कवर पेज का लोकार्पण भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए देश के उपराष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन, राज्यपाल मंगू भाई पटेल और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर आ रहे हैं। कार्यक्रम का आयोजन 21 दिसंबर को दोपहर 3:00 बजे किया गया है। इस कार्यक्रम में बीएसएफ के बैंड के द्वारा वंदे मातरम की प्रस्तुति दी जाएगी। इस कार्यक्रम में लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन सहित कई राज्यों के मंत्री और सांसद भी भाग लेंगे।

## योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसो.ने पूजन अर्चना कर मनाई हनुमान अष्टमी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

योगा कनक श्रृंगा एवं स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा शक्ति के दाता हनुमान जी के शुभ दिवस पर मुख्य अतिथि स्वामी रामतीर्थ महाराज जी द्वारा हनुमान जी की पूजन अर्चना कर हनुमान अष्टमी मनाई। इस अवसर पर संस्था के सचिव व कोच संतोष सोलंकी, संस्था उपाध्यक्ष सपना माली तथा संस्था के सभी बच्चों मौजूद रहे।



# जूना सोमवारिया स्थित शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाया





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा के निर्देश के क्रम में जूना सोमवारिया स्थित पानी की टंकी के पास शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही अधीक्षण यंत्री नगर निवेश श्री संतोष गुप्ता भवन अधिकारी श्री राजकुमार राठौर उपयंत्री प्रवीण वाडिया की उपस्थिति में देर रात तक की गई अवैध अतिक्रमण मैं स्थल पर जप्त सामग्री फर्नीचर कबाड़ी समान इत्यादि करीबन 15 डंपर स्थल से हटाए गए एवं चालानी कार्यवाही की गई।

## अमर शहीद श्री तोमर के बलिदान दिवस पर स्मृति सम्मान समारोह

**उज्जैन।** आज अमर शहीद श्री अरविंद सिंह तोमर के बलिदान दिवस पर निगम द्वारा स्मृति सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।

अमर शहीद श्री अरविंद सिंह तोमर के 24 वे बलिदान दिवस पर नगर पालिक निगम उज्जैन द्वारा रविवार को गणेश नगर आगर रोड पर सायं 4 बजे स्मृति सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा जिसमें शहीद श्री अरविंद सिंह तोमर के माता-पिता का सम्मान किया जाएगा।

## श्री रामदास हनुमान भक्त मंडल ने भव्य विशाल भंडारा का आयोजन किया





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री रामदास हनुमान भक्त मंडल द्वारा भव्य विशाल भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें श्री गुजराती रामी माली समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम नारायण जी परमार (छोटू सर तराना) और उनकी पूरी टीम द्वारा सभी ने श्री रामदास हनुमान भक्त मंडल के सदस्यों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर दिलीप पीपलोंनकला, दिनेश परमार तराना, पुरुषोत्तम चौहान डांन साहब, द्वारकाधीश चौहान, लक्ष्मण पटेल, भगवान पटेल, शिव नारायण जागीरदार, लक्ष्मी नारायण चौहान, लीलाधर आढ़तीया, ओम बाबू, उमेश परमार, दिनेश दूधवाले सभी समाज जन ने स्वागत अभिनंदन किया गया।

## अब रिटायर होने वाले पुलिसकर्मियों को नहीं मिलेगा परोपकार योजना का फायदा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अब रिटायर होने वाले पुलिसकर्मियों को परोपकार योजना का फायदा नहीं मिलेगा। यानी विभाग की तरफ से दी जाने वाली परोपकार निधि की सहायता उन्हें नहीं मिलेगी। पुलिस मुख्यालय ने आदेश जारी किया है। पुलिस मुख्यालय में इस बदलाव को लेकर कहा है कि तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी, जिनकी सेवानिवृत्ति के 2 साल बाद उनकी मौत होती है, उन्हें भी 1 लाख रुपए की पात्रता है।

इस विषय में बदलाव करते हुए कहा गया है कि परोपकार निधि योजना 2025 के अंतर्गत पात्रता में सेवानिवृत्ति के बाद परोपकार निधि न दिए जाने का प्रस्ताव जारी किया गया है। पिछले दिनों आला अफसरों ने फैसला लिया था कि परोपकार निधि के तहत सेवारत पुलिसकर्मी की मृत्यु होने पर परिजनों को एक के बजाय पांच लाख दिए जाएंगे। इसमें फंड की कमी आने की संभावना देखते हुए रास्ता खोजा गया। कमलनाथ सरकार ने अगस्त 2019 में पुलिस समेत अन्य विभागों के कर्मचारियों की रिटायरमेंट आयु 60 से बढ़ाकर 62 कर दी थी।

तब प्रचलित नियम के अनुसार पुलिस महकमे में परोपकार की राशि रिटायरमेंट के दो साल बाद तक यानी 64 साल की आयु तक दी जा रही थी। रिटायरमेंट की आयु 60 वर्ष थी तब 62 वर्ष की आयु तक के रिटायर कर्मी इसके पात्र थे। लिहाजा इस नियम में संशोधन करते हुए दो साल की अवधि को घटा दिया गया। ऐसे में नया नियम बनाकर रिटायर कर्मचारियों को इसके दायरे से बाहर कर दिया गया। दरअसल मध्य प्रदेश में अभी तक पुलिसकर्मियों के रिटायरमेंट के 2 साल के बाद मौत होने पर परोपकार के तौर पर 1 से 5 लाख रुपए के परिजनों को दिया जाता था लेकिन अब यह निधि की राशि नहीं दी जाएगी। इसके लिखित आदेश पीएचक्यू ने सभी यूनिटों को जारी कर दिए हैं। परोपकार निधि के तहत रिटायरमेंट के दो सालों के भीतर तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के जिन भी कर्मचारियों की मृत्यु रिटायारमेंट के दो साल के भीतर होती है, उनके परिजनों को एक लाख रुपए की राशि दी जाती थी। हाल ही में परोपकार निधि योजना में बदलाव करते हुए ये फैसला लिया गया है कि अब ये सुविधा किसी भी रिटायर कर्मचारी को नहीं दी जाएगी। एक अक्टूबर से रिटायर कर्मचारी परोपकार निधि से बाहर हो गए हैं। स्पेशल डीजी कल्याण एवं महिला सुरक्षा अनिल कुमार का कहना है कि परोपकार राशि को बढ़ाने के लिए नए नियम 1 अक्टूबर से लागू हो गए हैं। अब रिटायर कर्मचारी इसके दायरे में नहीं आएंगे।

# समानता का उजला पक्ष, जिन्दगी बचाने मे भी अग्रणी मातृशक्ति

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

महिला समानता व स्त्री सशक्तिकरण आज सिर्फ कागजों मे सिमटा शब्द नहीं है वरन महिलाएं इसे साबित करके भी दिखाती नजर आ रही हैं। शहर की कुछ महिलाओं ने महिला सशक्तिकरण के भाव को समझकर वाकई ऐसा कुछ किया जो स्तुत्य है । विगत दिनों एस एस गुप्ता हास्पिटल मे उज्जयिनी रक्त संचार समिति, लायंस क्लब सुरभि व स्नेहजीत सोश्यल वेल्फेयर सोसायटी द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर मे शहर की मातृशक्ति ने बढचढकर हिस्सा लिया और ब्लड डोनेट करनेवाली अधिकांश डोनर महिलाएं ही थीं।

### जीवन बचाना सबसे पवित्र कर्म



मानव सेवा से अच्छी कोई सेवा नहीं है और किसी का जीवन बचाने के लिए अपना योगदान देना सबसे पुण्य का काम है। इसी सोच के साथ मैने शिविर मे रक्त दान किया है ताकि मेरा खून किसी जरूरतमंद के काम आए।

**-सुश्री तिशा शर्मा ,23वर्ष अवंतिपुरा**

### डरने की मनोवृति छोडे, रक्तदान करें



आम धारणा होती है कि रक्त देने से शरीर कमजोर हो जाता है किन्तु ये मिथ्या है और मैं तो कहती हूं कि ब्लड डोनेट करने से शरीर को लाभ होता है । इससे ब्लड क्लोट नहीं होता है और शरीर स्वस्थ व स्फूर्तिवान बना रहता है।

**-क्षमा भदौरिया 38वर्ष, नियमित ब्लड डोनर।**



### युवतियों को आगे आना चाहिए

महिला सशक्त हो रही है तो फिर समाज हित मे भी महिलाओ को अपनी भूमिका सुनिश्चित करना चाहिए। रक्तदान मे भी महिलाओं को बढचढकर हिस्सेदारी करना चाहिए ताकि रक्त अल्पता के शिकार मरीजों की जान बचाई जा सके। युवतियों को ब्लड डोनेट करके अपने सशक्त होने का प्रमाण देना चाहिए

**-नम्रता बडगोत्या, 23वर्ष , फ्रीगंज।**

### रक्तदान कर हम देने का सुख चखें

हम यदि स्वस्थ हैं तो ये ईश्वर की कृपा से फिर रक्त देने मे क्यों हिचक रखें। ब्लड डोनेशन के बाद तो शरीर मे पुनः जल्दी से नया रक्त बन जाता है। किसी घायल या बीमार जरूरतमंद को ब्लड डोनेट करने से बडा कोई नेक काम नहीं है इसे करके हम देने के सुख की अनुभूति करते हैं।

**-अलका शर्मा , प्लेटलेट्स डोनर, महाशक्तिनगर।**



### महिलाओं की सहभागिता सराहनीय



पिछले दो तीन कैम्प मे शहर की महिलाओं ने उत्साह से भाग लिया और ब्लड डोनेट करके अपने सशक्त होने की इबारत को पुष्ट किया है। इस कैम्प मे ब्लड डोनेट करनेवाली अधिकांश युवतिया ही रहीं ये एक शुभ संकेत है।

**-रूपेश बिडवान, उज्जयिनी रक्त संचार समिति।**

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

उज्जैन | रविवार, 14 दिसंबर, 2025 | awantika.com




## आपकी खबरें...

### स्कूली बच्चों को औषधीय पौधों के बारे में जानकारी दी गई



**उज्जैन।** शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़ावदा के कक्षा 9 वीं एवं 11 वीं के छात्र-छात्राओं ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर घिनोदा के औषधि गार्डन का भ्रमण किया। उन्हें आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज विश्वकर्मा द्वारा औषधियों के सामान्य उपयोग एवं उनके महत्व का परिचय कराया। साथ ही योग, दिनचर्या एवं ऋतुचर्या के बारे में जानकारी दी। इस दौरान आयुष्मान आरोग्य मंदिर घिनोदा का स्टाफ एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़ावदा के प्राचार्य श्री शिवनारायण सारविया एवं अन्य शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### जिला चिकित्सालय में स्किन ग्राफ्टिंग का निशुल्क ऑपरेशन किया

**उज्जैन।** सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने बताया कि श्री रोहित पिता बंशीलाल, निवासी फाजलपुरा उज्जैन को लगभग 4 महीने पहले बाएं पैर में बाइक स्टैंड से चोंट लगी थी। जिसके कारण बाएं पैर में ठीक न होने वाला घाव हो गया था। रोहित जब जिला चिकित्सालय आए तो प्रतिदिन ड्रेसिंग करके घाव साफ करके समस्त आवश्यक जांचे करवाकर उन्हें ऑपरेशन के लिए तैयार किया गया।

इसके पश्चात रोहित की जिला चिकित्सालय के सर्जरी विभाग के वरिष्ठ सर्जन डॉ. मुंशी खान के नेतृत्व में डॉ. ए.के. सिंह ने स्किन ग्राफ्टिंग सर्जरी की एवं निश्चेतना विभाग के डॉ. दिनेश सिसौदिया, डॉ. सपना शर्मा का सहयोग रहा। सहयोगी स्टाफ में श्री मती अमिता गांगुली, ओ.टी. इंचार्ज एवं सुनील पाटीदार, ऋतु, अर्चना, तपन, सचिन, चंदन, राजेश, मुकेश आदि स्टाफ भी उपस्थित थे। निजी चिकित्सालय में स्किन ग्राफ्टिंग सर्जरी करने पर अनुमानित खर्च 1 लाख का खर्चा आता है जिसे जिला चिकित्सालय में पूर्णतः निःशुल्क किया गया।

### सिनीयर म प्र हैंडबॉल टीम घोषित



**उज्जैन।** हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के तत्वाधान मे 54वी सिनीयर राष्ट्रीय पुरुष प्रतियोगिता पश्चिम बंगाल राज्य हैंडबॉल संघ द्वारा हुगली मे दिनांक 15 से 20 दिसंबर तक आयोजित की जा रही है। मध्यप्रदेश हैंडबॉल टीम की घोषणा अध्यक्ष दीपक जैन टीनू व महासचिव हरदीप सिंह रुप्पल ने की।

1)शुभम भगत (कप्तान)2)हर्षित घेंघट (उपकप्तान)3) साईं यादव 4)हंसराज गुर्जर 5) अक्षत जैन6) ऋषभ जरेले7)पीयूष घेंघट8) अमान 9) जय सिंग 10)राहुल चिमनकर 11)धरमबीर12) वंश कुमार 13) मोहित मौर्या14) चयक प्रधान15) नितेश श्रीवास16)सौरभ मालवीय 17) अमित 18) शिवम सिह यादव

**कोच भरत पांडे, राहुल चित्रे, मैनेजर किशन बाटु**: टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अमित त्रिपाठी, कुलवंत सिंह, राजकुमार सेंगर, संदीप घाडगे, विजय रावल, मधू करोले, दीपेश पवार, राजू शर्मा आदि ने शुभकामंनाए दी।

अंतिम संस्कार से पहले दिखे चोट के निशान

## नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक की मौत, परिजनों का आरोप हुई मारपीट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती युवक को शुक्रवार शनिवार रात रोड आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। परिजन पहुंचे तो डॉक्टर ने मौत होने की जानकारी दी। परिजन रात में ही बॉडी घर लेकर आ गए। सुबह अंतिम संस्कार से पहले मृतक के शरीर पर चोट के निशान दिखाई दिए। मामला पंवासा थाने पहुंचा, जांच के लिए जीवाजीगंज थाना पुलिस को अवगत कराया गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है।

मक्सी रोड शंकरपुर में रहने वाला हरीश पिता ग्यारसी लाल निर्मल 39 वर्ष नशा करने का आदी हो चुका था। परिजनों ने उसे 5 दिसंबर को मंगलनाथ मंदिर मार्ग पर नव मानस नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती कर दिया। 7 दिन बाद शुक्रवार शनिवार रात नशा मुक्ति केंद्र के लोगों ने परिजनों को सूचना दी कि हरीश की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई है, आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है। परिजन रात 12:30 बजे के लगभग मेडिकल कॉलेज पहुंचे। डॉक्टर ने मौत होने की सूचना दी।





सामान्य मौत मानकर परिजन उसे घर ले आए। शनिवार सुबह अंतिम संस्कार से पहले मृतक हरीश को नहलाया जा रहा था, तभी पीठ और पैर पर चोट के निशान और खून जमा दिखाई दिया। परिजन सामान्य मौत मानकर अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे लेकिन चोट के निशान देखकर पंवासा थाना पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी गमर सिंह मंडलोई ने शव देखा और परिजनों से चर्चा की उन्होंने मारपीट होने का आरोप लगाया। शव को पोस्टमार्टम के लिए चरक अस्पताल भेजा गया, वहीं नशा मुक्ति केंद्र जीवाजीगंज थाना क्षेत्र में होने पर पोस्टमार्टम और जांच के लिए अवगत कराया गया। एसआई सुरेश चंद्र देवड़ा पोस्टमार्टम कक्ष पहुंचे उन्होंने मर्ग कायम कर परिजनों से चर्चा की। इस दौरान सामने आया कि नशा मुक्ति केंद्र के दो लोगों ने सूचना देकर बताया था कि सीने में दर्द उठने पर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया है, लेकिन शरीर पर चोट के निशान है। एसआई ने मामले की जांच का आश्वासन दिया और पोस्टमार्टम के बाद शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंपा। पुलिस द्वारा नशा मुक्ति केंद्र और आसपास में लगे सीसीटीवी कैमरो के फुटेज खंगाल रही है।

### पिता बोले 2 दिन पहले गया था मिलने

हरीश की मौत के बाद पिता ने बताया कि 2 दिन पहले ही नशा मुक्ति केंद्र मिलने गए थे। उसे नहाने के लिए साबुन और रोज उपयोग होने वाली सामग्री दी थी। हरीश बिल्कुल ठीक दिखाई दे रहा था। परिजनों ने बताया कि हरीश बिल्डिंग मटेरियल सप्लाई का काम करता था। लेकिन उसे नशे की लत पड़ गई थी नशा छुड़ाने के लिए उसे नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती किया गया था। हरीश दो बच्चों का पिता था। पिता स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत है।

### नशा मुक्ति केंद्र पर नहीं हुई मारपीट

नव मानस नशा मुक्ति केंद्र का संचालन करने वाले उमेश वैष्णव ने केंद्र पर मारपीट नहीं होने की बात कही है। उमेश का कहना था कि हरीश 6-7 दिन पहले भर्ती हुआ था। पहले से उसे हार्ट की प्रॉब्लम थी रात में अचानक तबियत बिगड़ने पर उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती किया गया था। परिजनों द्वारा लगाया जा रहे आरोप निराधार है।

## जिले को मिलेंगे 113 नए शिक्षक फिर भी 1700 की कमी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

2 साल पहले वर्ष-2023 में संविदा शाला शिक्षक की परीक्षा पास करने वाले अभ्यर्थियों को नियुक्त करने के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस नई भर्ती से उज्जैन जिले को 41 प्राथमिक विद्यालय और 72 माध्यमिक विद्यालय कुल 113 नए शिक्षक मिल जाएंगे। इनकी नियुक्ति के बावजूद जिले में 1700 से ज्यादा अतिथि शिक्षक रहेंगे।जिले के लिए चयनित किए अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन के लिए 8 दिसंबर से ही काम शुरू हो गया, जो शुक्रवार शाम तक निपटा दिया गया। इसके लिए डीईओ कार्यालय में मौजूद पेनल ने अभ्यर्थियों के ऑनलाइन अपलोड किए दस्तावेजों का हार्डकॉपी से मिलान कर लिया है। सत्यापन प्रक्रिया निपटते ही अब जल्द ही संबंधित शिक्षकों को रिक्त पदों वाली संस्था में नियुक्त कर दिया जाएगा।ज्ञात रहे उज्जैन जिले में फिलहाल 6545 शिक्षक कार्यरत हैं। बावजूद इसके शिक्षण कार्य कराने के लिए शिक्षा विभाग को 1857 अतिथि शिक्षक रखना पड़े। यानी जिले में स्थाई शिक्षकों के 1857 पद रिक्त है। अब नई भर्ती से 113 पदों की पूर्ति होने के बाद भी विभाग को 1700 से ज्यादा अतिथि शिक्षकों से काम कराना पड़ेगा।

संविदा शाला शिक्षक परीक्षा में चयनित हुए अभ्यर्थियों के दस्तावेज सत्यापन करवा लिए हैं। नई भर्ती से उज्जैन जिले को प्राविव मावि के 113 नए शिक्षक मिल जाएंगे। इससे शिक्षण व्यवस्था में सुधार होगा। - गिरीश तिवारी, एडीपीसी शिक्षा विभाग

## मेला अधिकारी सिंह और कलेक्टर ने सिंहस्थ निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक की

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन,13 दिसम्बर। मेला अधिकारी श्री आशीष सिंह और कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी सिंहस्थ महापर्व 2028 के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा करवाए जा रहे निर्माण कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक की।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कूमट, नगर निगम आयुक्त श्री अभिलाष मिश्रा एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।



बैठक में स्मार्ट सिटी के अंतर्गत महाकाल मंदिर से 24 खंबा मार्ग, विक्रम कीर्ति मंदिर, नरसिंह घाट से राम घाट तिराहा मार्ग, वीर भारत संग्रहालय, नगर पालिका निगम के अंतर्गत जंतर-मंतर मार्ग, मकोड़िया आम से कानीपुरा मार्ग, रिगल टाकीज रेनोवेशन, देवास रोड से हामुखेड़ी मार्ग, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अंतर्गत यूनिटी माल, भक्त निवास, भैरुगढ़ चौराहे से पीपली नाका मार्ग निर्माण, जूना सोमवारिया से पीपली नाका मार्ग निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की गई।

बैठक में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर ध्यान देते हुए उन्हें समय सीमा में करने के निर्देश दिए गए।

कर्मचारियों ने माला पहनाकर किया स्वागत, दोपहर तक 1.46 करोड़ संपत्ति कर जमा

## लोक अदालत में निगम दफ्तरों पर करदाताओं की भीड़





दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में नेशनल लोक अदालत में शनिवार को अलग ही रंग देखने को मिला। नगर निगम के जोन कार्यालयों में टैक्स जमा करने आए करदाताओं का मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं करदाताओं ने भी लोक अदालत के प्रति उत्साह दिखाया। लाइन में लगकर टैक्स जमा किया। यही कारण है कि दोपहर 2:30 बजे तक एक करोड़ 46 लाख रुपए से अधिक का संपत्तिकर जमा हो गया था।

यह इस साल की आखिरी नेशनल लोक अदालत थी, जिसका आयोजन नगर निगम के सभी छह जोन कार्यालयों में किया गया। कर संग्रह का काम सुबह 10 बजे शुरू हुआ और देर रात 12 बजे तक चलने की संभावना जताई गई।

इस दौरान निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने जोन कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यालयों में आने वाले करदाताओं से टैक्स वसूली के साथ-साथ बड़े बकायेदारों से वसूली के लिए स्टाफ को फील्ड में भी भेजा जाए, ताकि तय लक्ष्य समय पर पूरा किया जा सके।

## देवास रोड स्थित होटल आश्रय के पास वृक्षों की अवैध कटाई पर एफआईआर दर्ज



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

झोन क्रमांक 04 अंतर्गत विश्वविद्यालय मार्ग स्थित होटल आश्रय जहाँ एक्सिस बैंक संचालित हो रहा है, उक्त परिसर में वृक्षों की अवैध कटाई से प्राप्त लकड़ियों एवं टहनियों के अवशेष पाये गये, उक्त भवन के सामने वृक्षों की अवैध कटाई की गई जिसमें भवन स्वामी शैलेंद्र जैन, निखिल निगम एवं उनके निर्देशित लोगों द्वारा बिना अनुमति के वृक्षों को काटे जाने का अवैध कार्य किया गया है जिसमे 04 केशिया और 01 पारस पीपल प्रजाती के वृक्ष काटे गये है जिनकी कुल संख्या 05 है जो कि पूर्ण रूप से अवैधानिक है। मप्र वृक्षों का परीक्षण (नगरीय क्षेत्र) अधिनियम 2002 की उपधारा 2 के अंतर्गत यह दण्डनीय अपराध है।अतः उक्त प्रक्ररण में भवन स्वामी एवं संबंधित के द्वारा निर्देशित लोगो के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के लिए एफ आई आर नगर निगम उद्यान विभाग के वृक्ष अधिकारी द्वारा करवाई गई।

मार्च तक का समय कई राशियों के लोगों के लिए गोल्डन पीरियड होगा

## 2026 में ग्रहों की चाल खोलेगी तरक्की के द्वार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नौकरी, व्यापार और निवेश का सुनहरा अवसर, शनि भी जुलाई से पहले पहुंचाएंगे फायदावर्ष 2026 में ग्रहों की स्थिति अनेक राशियों के जातकों के लिए विकास, स्थिरता और आर्थिक प्रगति के द्वार खोलेगी। इस साल कुछ दिन अत्यंत शुभ होने वाले हैं। इस दौरान खरीदारी, व्यापार विस्तार, नौकरी, निवेश, संपत्ति सौदा और नए कार्यों का श्रीगणेश करना सुख-समृद्धिदायी व मंगलकारी होगा। ज्योतिषाचार्य स्मिता पंडित और अंक ज्योतिषियों के मुताबिक इन विशेष तिथियों को गोल्डन डे या गोल्डन पीरियड कहा जा सकता है।

इसकी बड़ी वजह बृहस्पति यानी गुरु का एक जून तक मिथुन राशि में रहना है। खास बात यह है कि वे 11 मार्च तक इसी राशि में वक्री स्थिति में रहते हुए अधिक शक्तिशाली रहेंगे। मार्च तक का समय कई राशियों के लोगों के लिए गोल्डन पीरियड होगा। नए रिश्ते बनेंगे, धनागम बढ़ेगा। यह भी सुखद



संयोग है कि शनि भी वर्तमान में मार्गी स्थिति में चलते हुए अधिकांश राशि के जातकों को 27 जुलाई को वक्री होने से पहले तक लाभ पहुंचाते रहेंगे। उनके दुष्प्रभावों में कमी रहेगी। राहु कुंभ में रहते हुए लोगों को धनलाभ कराने के साथ विदेशों तक का भ्रमण कराने में सक्षम रहेंगे। चंद्रमा की गुरु व शुक्र के साथ युति वाले दिन भी अनेक जातकों के लिए सुख भरे होंगे।जानिए... किस महीने में कौन सी तारीख शुभजनवरी : 7, 12, 15, 24 तारीख को गुरु, शुक्र व मंगल अच्छे योग बनाएंगे। व्यवसाय, नौकरी के लिए अच्छी।फरवरी : 3, 11, 16 और 25 तारीख धन वृद्धि, वाहन खरीदी और नई योजनाओं के लिए श्रेष्ठ।मार्च : 6, 14, 19 और 28 मार्च नए कार्यों की शुरूआत, प्रमोशन और निवेश के लिए शुभ दिन।अप्रैल और मई : 5, 9, 18, 22 अप्रैल और 3, 11, 15, 26 मई अत्यंत शुभ दिन। गुरु की उच्च स्थिति संतान, शिक्षा, नौकरी और व्यापार में सफलता दिलाएगा।जून-अगस्त : ग्रह स्थिरता व उन्नति के संकेत। 9 जून, 21 जुलाई, 7 अगस्त और 18 अगस्त की तिथियां नई नौकरी पाने व व्यापारिक यात्रा के लिए लाभकारी।सितंबर-अक्टूबर : 2, 8, 14 और 30 सितंबर तथा 6, 17 और 27 अक्टूबर के दिन व्यापार बढ़ाने और संपत्ति खरीदने के अति उत्तम।नवंबर-दिसंबर : 4, 12, 19 और 29 नवंबर तथा 6, 14 और 22 दिसंबर भविष्य निर्माण की योजनाएं, विवाह व रोजगार संबंधी निर्णयों के लिए शुभ।चंद्र और शुक्र महिलाओं की स्थिति मजबूत करेंगे... वर्ष 2026 में 2 का अंक दो बार आया है। यह अंक चंद्रमा का है। 6 शुक्र का अंक है। ये दोनों मिलकर महिलाओं की स्थिति को मजबूत बनाएंगे। इस साल महिलाओं का वर्चस्व बढ़ेगा। शिक्षा, अध्यात्म, विज्ञान और खेल में भी ये देश का नाम रोशन करती दिखेंगी। वर्ष 2026 का मूलांक 1 है। यानी पूरे वर्ष पर सूर्य का आधिपत्य रहने से विश्व में भारत की कीर्ति बढ़ेगी।

## सूरत में आयोजित अभा महापौर परिषद कार्यकारिणी की बैठक में महापौर टटवाल हुए सम्मिलित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अखिल भारतीय महापौर परिषद कार्यकारिणी की 116 वीं बैठक शनिवार को सूरत (गुजरात) में आयोजित की गई जिसका उद्घाटन गुजरात के मुख्यमंत्री श्री भूपेश भाई पटेल द्वारा किया गया।

कार्यकारिणी की बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में महापौर श्री मुकेश टटवाल सम्मिलित हुए साथ ही कार्यकारिणी की बैठक में 51 से अधिक की संख्या में महापौर शामिल हुए, महापौर श्री मुकेश टटवाल द्वारा जानकारी देते हुए अवगत कराया गया कि सूरत नगर निगम द्वारा सबसे बड़े कमांड कंट्रोल रूम का संचालन किया जाकर शहर में मॉनिटरिंग का कार्य किया जाता है साथ ही जितने भी मवेशी है उनको जिओ टैग किया गया है जिससे संबंधित पशु मालिकों की जानकारी प्राप्त होती है कि उक्त पशु किस पशु मालिक का है इसी के साथ सूरत में जितने भी स्कूल, कॉलेज, हॉस्पिटल है उन सबका रखरखाव का कार्य भी नगर निगम द्वारा किया जाता है

आपकी खबरें...

## धर्ममय माहौल मे हनुमान जयंती मनाई गई



**उज्जैन।** भैरवगढ़ स्थित श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पर हनुमान अष्टमी उत्सव श्रद्धा भक्ति भाव के साथ धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर कोरोना काल में लोगों का इलाज करने वाले डॉक्टर राजकुमार चौहान को निगम सभापति कलावती यादव , सोनल जोशी पार्षद गब्बर भाटी हेमंत गहलोत , विधायक ,सुरेंद्र यादव, सुधीर सांखला, राजेश कुशवाह,नरेश शर्मा, रवि सोलंकी, भरत पोरवाल, ने सम्मानित किया आभार पंडित रामा गुरु ने माना।

## श्री रामदास हनुमान भक्त मंडल ने किया भंडारे का आयोजन



**उज्जैन।** गुजराती रामी माली समाज के प्रदेश अध्यक्ष प्रेम नारायण जी परमार (छोटू सर तराना) और उनकी पूरी टीम द्वारा सभी ने श्री रामदास हनुमान भक्त मंडल के सदस्यों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर दिलीप पीपलोंनकला, दिनेश परमार तराना, पुरुषोत्तम चौहान डांन साहब, द्वारकाधीश चौहान, लक्ष्मण पटेल, भगवान पटेल, शिव नारायण जागीरदार, लक्ष्मी नारायण चौहान, लीलाधर आढ़तीया, ओम बाबू, उमेश परमार, दिनेश दूधवाले सभी समाज जन ने स्वागत अभिनंदन किया गया।

# पूरा शहर जिन आवाजों से कभी कांप उठता था, वे अब फिर से गूंजने लगी

## पुलिस की सख्ती गई छुट्टी पर... पटाखा बुलेटें फिर निकलीं ड्यूटी पर..

### सड़कों पर टशन दिखाते नजर आते हैं

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**



शहर की सड़कों पर एक बार फिर पटाखा साइलेंसर वाली बुलेटों का आतंक लौट आया है। जिन आवाजों से कभी पूरा शहर कांप उठता था, वे अब फिर से गूंजने लगी हैं।

रात ढलते ही हर गली-मोहल्ले और मुख्य मार्गों पर धड़-धड़, पट-पट की आवाजें सुनाई देती हैं। , जिनमें युवा तेज रफ्तार में बुलेट दौड़ाते और धमाके जैसी आवाजें निकालते दिख रहे हैं। फ्रीगंज, सांवेर रोड, देवास रोड, नानाखेड़ा, इंदौर रोड सहित आरटीओ की तरफ अधिकतर यह पटाखा साइलेंसर वाली बुलेट सड़क पर दौड़ती हुई दिखाई दे रही है। कई युवक अपनी गर्लफ्रेंड या दोस्तों को साथ बैठाकर सड़कों पर टशन दिखाते नजर आते हैं, जैसे शहर उनकी रेस ट्रैक बन गया हो। कुछ महीने पहले तक पुलिस की सख्ती से इस आवाजों पर रोक लग गई थी दो माह पहले पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के निर्देश पर शहर भर में मोडिफाइड साइलेंसरों के खिलाफ अभियान चला था। उस दौरान सैकड़ों चालान काटे गाएं, कई बुलेट जब्त की गई तथा पटपट की आवाजे निकालने वाले जप्त साइलेंसरों को पुलिस ने रोड रोलर से नष्ट किया था। और कुछ समय के लिए शहर की सड़कों से यह धमाकेदार आवाजें गायब हो गई थीं, लेकिन अक्टूबर के बाद से हालात फिर पुराने जैसे हो गए हैं। अब जगह-जगह बुलेटें तेज रफ्तार में दौड़ रही हैं और किसी को रोकने वाला नजर नहीं आता। सबसे हैरानी की बात यह है कि ये बुलेटें उन्हीं रास्तों से निकलती हैं जहां पुलिस चौकियां मौजूद हैं। शहर के मुख्य चौराहों से गुजरते वक्त भी इन बाइकों की तेज आवाजें लोगों के कान फाड़ देती हैं। बुजुर्ग, बच्चे और मरीज इन आवाजों से परेशान हैं।

सूत्रों के अनुसार कई लोगों ने शिकायत की है कि रात में अचानक ऐसे धमाके सुनाई देते हैं जैसे कोई पटाखा या गोली चल गई हो। बच्चे डर जाते हैं, बुजुर्ग चौक जाते हैं और मरीजों की नींद उड़ जाती है। इन बुलेटों से निकलने वाली तेज आवाजों से शहर में ध्वनि प्रदूषण भी बढ़ रहा है। कई चालक जानबूझकर साइलेंसर को फुल बॉटल पर चलाते हैं ताकि लोग चौंके और उनकी ओर ध्यान दें।

### पटाखा साइलेंसरों पर अब कार्रवाई ठंडी पड़ी

प्रशासन ने जहां हेलमेट और ट्रैफिक चालान को लेकर तो सख्ती दिखाई है, वहीं पटाखा साइलेंसरों पर अब कार्रवाई ठंडी दिख रही है। गौरतलब है कि पहले चला यह अभियान शहर में मिसाल बन गया था। लोगों ने पुलिस की सख्ती की तारीफ की थी। लेकिन अब वहीं अभियान ठंडे बस्ते में चला गया है। पुलिस का ध्यान अब अन्य मामलों की और ज्यादा है और इन बुलेट सवारों ने मौके का फायदा उठाकर फिर सड़कों पर कब्जा जमा लिया है। लोगों का कहना है कि अब वक्त आ गया है जब पुलिस को फिर सिंघम मोड लौटना चाहिए। ऐसे चालकों पर दोबारा सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, जो अपनी बुलेटों से शहर की शांति को भंग कर रहे हैं।

## गोपाल मंदिर टंकी चौराहे पर हो रहा चेंबर का निर्माण वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद




**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

गोपाल मंदिर छत्री चौक पर टंकी चौराहे की तरफ मार्ग पर चेंबर का निर्माण किया जा रहा है इस कारण इस मार्ग की सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे खोदे गए हैं और चेंबर का निर्माण कार्य चल रहा है इस वजह से इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही अवरुद्ध है इस कारण लोगों को घूम कर जाना पड़ रहा है तथा संकरे मार्गो से वाहनों की आवाजाही हो रही है इस कारण कार्तिक चौक, गणगौर दरवाजा, दानी गेट तरफ के मार्गों पर वाहनों का लंबा जाम लग रहा है और पूरे दिन यहां की यातायात व्यवस्था बिगड़ी रहती है।

शहर में सीवरेज लाइन बिछाने के लिए जगह-जगह खोदे गए गड्ढे वाहनों चालकों के लिए मुसीबत बन गए हैं। सीवरेज का कार्य पूरा होने के बाद इन गड्ढों का ना तो ठीक से भराव किया जा रहा है नाहीं इनकी मरम्मत की जा रही है इसी तरह पिछले कई दिनों से गोपाल मंदिर टंकी चौराहे पर बड़े चेंबर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कारण यहां का मार्ग अवरुद्ध है।

इस मार्ग पर वाहनों की आवाजाही भी बंद है इस कारण लोगों को घूमकर जाना पड़ रहा है प्रमुख मार्ग होने की वजह से इस मार्ग पर हमेशा वाहनों का दबाव अधिक रहता है। लेकिन पिछले कई दिनों से यहां किए जा रहे चैंबर निर्माण की वजह से यह मार्ग बंद पड़ा है। ऐसे में इस मार्ग के बंद होने की वजह से शहर के मार्गों पर वाहनों की आवाजाही की वजह से जाम लग रहा है। जाम की वजह से वाहनों की लंबी कतार लगी रहती है।

## गणितज्ञ डॉ. पाण्डेय का निधन



**उज्जैन।** गणित के मूर्धन्य विद्वान डॉ. घनश्याम पाण्डेय (सेवानिवृत्त प्रोफेसर एवं हेड विक्रम विश्व विद्यालय उज्जैन )का 91 वर्ष की उम्र में देहावसान हो गया है। उनकी शवयात्रा 105 संत नगर से 14 दिसंबर रविवार शाम 4:00 बजे निकलेगी।

## अभिरंग नाट्य गृह में सारेगामा संगीत संध्या आज

**उज्जैन।** आज 14 दिसम्बर रविवार शाम 7 बजे कालीदास अभिरंग नाट्य गृह में सारेगामा समूह द्वारा संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। ग्रुप निर्देशक राजेंद्र पटेल ने बताया कि संगीत संध्या में मुख्य अतिथि डॉ. सतविंदर कौर सलुजा होंगी। विशेष सहयोगी आचार्यजी, आशु नागर रहेंगे। इस दौरान गायक विनय, अशोक, भारती, प्रशांत, शेफाली, सपना, पुनित, जयेश, कपिल, संजय, नामजोशी, राजेश द्वारा अपनी सुमधुर आवाज में गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

## खबर का असर

# नानाखेड़ा सी-21 मॉल के समीप की यातायात व्यवस्था में हुआ सुधार, ट्रैफिक सिग्नल लगे

### दैनिक अवंतिका समाचार पत्र ने यहां फैली अव्यवस्था के बारे में लगातार समाचार प्रकाशित किया था


नानाखेड़ा क्षेत्र में सी-21 माल के समीप सड़क पर

स्पीड ब्रेकर नहीं होने से वाहनों की रफ्तार पर नहीं लग रहा ब्रेक

सड़क पर हुए डामरीकरण के दौरान एक साइड के स्पीड ब्रेकर हटाए

तेज गति से वाहन दौड़ा रहे चालक

सिग्नल पर भी नहीं रुक रहे वाहन

बढ़ती दुर्घटना को देखते हुए बनाया था स्पीड ब्रेकर

### पूरे दिन चौराहे पर वाहन आपस में होते थे गुत्थम गुत्था

इस चौराहे पर दुर्घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही थी आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थी यहां सड़क का डामरीकरण किया गया इस दौरान इंदौर की तरफ वाली सड़क के स्पीड बेकर भी हटा दिए गए थे जिससे और ज्यादा दुर्घटनाएं बढ़ गई थी। कई लोग यहां दुर्घटनाओं में अपनी जान भी गंवा चुके हैं। ऐसे में यहां से निकलने वाले वाहनों की स्पीड पर ब्रेक नहीं लग पा रहा था। लेकिन अब सिग्नल लगने के बाद यहां की व्यवस्था में सुधार हुआ है। और क्षेत्रीय लोगों को भी राहत मिली है।

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नानाखेड़ा क्षेत्र में सी-21 माल के समीप सड़क पर स्पीड ब्रेकर नहीं होने की वजह से पिछले कई दिनों से यहां की यातायात व्यवस्था बिगड़ी हुई थी तथा इस चोराहे पर आए दिन वाहन दुर्घटनाएं हो रही थी पिछले दिनों दैनिक अवंतिका समाचार पत्र ने भी इस चौराहे पर फैली अव्यवस्था के बारे में लगातार समाचार प्रकाशित किया था। जिसका परिणाम यह रहा कि इस चौराहे पर यातायात व्यवस्था में सुधार करते हुए ट्रैफिक सिग्नल लगाए गए हैं।

इस चौराहे पर ट्रैफिक सिग्नल लगने से क्षेत्र के लोगों ने भी राहत की सांस ली है। कुछ क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि रात दिन उन्हें इस चौराहे से निकलना पड़ता है ऐसे में जब भी इस चौराहे की सड़क क्रॉस करते हैं तो हमेशा दुर्घटना का अंदेशा बना रहता था।

इस चौराहे पर एक तरफ के स्पीड ब्रेकर भी हटा दिए गए थे इस कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही थी। एक तरफ के स्पीड ब्रेकर हटाने की वजह से वाहनों की रफ्तार पर ब्रेक नहीं लग पा रहे थे।

ऐसे में इंदौर की तरफ से आने वाले वाहन इस चौराहे पर रुकने का नाम ही नहीं लेते थे। अगर कोई वाहन चालक रोड क्रॉस करता था तो वह हादसे का शिकार हो जाता था। कई बार यहां वाहन आपस में भी टकरा चुके हैं और दुर्घटनाएं हो चुकी है। तथा विवाद का कारण भी बन रहा था। लेकिन अब चौराहे पर सिग्नल लग गए हैं सिग्नल लगने से यहां बिगड़ी यातायात व्यवस्था से कुछ हद तक सुधार हुआ है और क्षेत्रीय लोगों को भी राहत मिली है।

# प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक संपन्न




**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासन द्वारा प्रदेश के विकास के लिए किए गए प्रयासों/उपलब्धियों इत्यादि से अवगत कराने एवं आगामी कार्ययोजना पर विचार विमर्श करने के लिए प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल की अध्यक्षता में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में शनिवार को संपन्न हुई।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला विकास सलाहकार समिति का गठन किया गया है। इसके उपाध्यक्ष जिले के प्रभारी मंत्री और सदस्य सचिव कलेक्टर होंगे तथा सदस्य सांसद (समस्त सांसद जिनका क्षेत्र जिले में सम्मिलित है), जिले के समस्त विधायक, जिला मुख्यालय के महापौर/नगर पालिका अध्यक्ष, जिले के समस्त जनपद अध्यक्ष/जिला पंचायत अध्यक्ष, उद्योग,व्यापार, प्रगतिशील किसान, समाजसेवी, चिकित्सा, विधि आदि क्षेत्रों के 20 प्रतिनिधि सदस्य होंगे।

प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल ने बैठक में कहा कि अभ्युदय मध्यप्रदेश के 02 वर्ष पूर्ण हुए है। हम सब अत्यंत भाग्यशाली है। की हमे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में उज्जैन का विकास करने के अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री के निरंतर प्रयासों से उज्जैन का गौरव पूरे विश्व में बढ़ा है। एक नई इबारत लिखी गई है। सुगम-सरल-सुशासन की एक नई परंपरा का शुभारंभ हुआ है। प्रभारी मंत्री ने समिति के सभी सदस्यों का अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में आज विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की जा रही है और रविवार 14 दिसंबर को भी समिति की बैठकों का आयोजन किया जाएगा।

बैठक में विकास सलाहकार समिति के उद्देश्य एवं प्रमुख कार्यों के बारे में चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल ने कहा कि समिति में जिले की जनता, जनप्रतिनिधियों और अन्य हितधारकों की आवश्यकताओं के अनुसार तथा सदस्यों द्वारा जिले के विकास के लिए दिए गए महत्वपूर्ण सुझावों के अनुसार दीर्घ कालीन विकास की योजनाएं बनाई जाएंगी। अतः समिति के सभी सदस्य उज्जैन के विकास के लिए अपनी ओर से महत्वपूर्ण सुझाव दें। आने वाले दिनों में भी समिति की समय-समय पर बैठकें आयोजित की जाएंगी। जिले के परंपरागत कौशल को चिह्नित करते हुए वोकल फॉर लोकल के सिद्धांत को दृष्टिगत रखकर प्रदेश, राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देते हुए जिले की समृद्धि का रोडमेप तैयार किया जाएगा।

स्थानीय प्रयासों से प्रचलित नवाचारों को भी योजना के रूप में मूर्त रुप दिया जाएगा। अतः समिति के सदस्य अपने सुझाव ऑफलाइन/ऑनलाईन दे सकते है। समिति के सचिव एवं कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से पिछले 02 वर्षों में उज्जैन जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# माधव साइंस कालेज के छात्र निहार जैन और राज भोगे चयनित

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट उज्जैन के द्वारा राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद का आयोजन विश्वविद्यालय स्तर पर 3 दिसम्बर को किया गया। इसमें पर्यावरण केंद्रित विषयों पर ऑनलाइन माध्यम में वाद - विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें लगभग 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। शासकीय माधव विज्ञान महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व छात्र राज भोगे, निहार जैन और कपिल गोठवाल ने किया। इसमें से राज भोगे और निहार जैन का चयन क्षेत्रीय स्तर हेतु विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के शीर्ष 10 प्रतिभागियों में हुआ।



पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर छत्तीसगढ़ एवं स्टूडेंट फॉर डेवलपमेंट के संयुक्त तत्वाधान में 6 दिसंबर को ऑनलाइन माध्यम से क्षेत्रीय स्तर की राष्ट्रीय पर्यावरण युवा संसद का आयोजन किया, जिसमें मध्यप्रदेश के 13 एवं छत्तीसगढ़ के 11 विश्वविद्यालयों के लगभग 200 छात्रों ने प्रतिभागिता की। निर्णायकों द्वारा श्रेष्ठ 20 प्रतिभागियों का चयन राष्ट्रीय स्तर के लिए किया गया इसमें सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय की ओर से राज भोगे का चयन किया गया।

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भूमि स्वामी श्री नितेश पण्ड्या पिता श्री दिनेश पण्ड्या, निवासी-ग्राम हरनावदा तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) के मालिकी स्वामित्व, स्वत्व एवं आधिपत्य में कृषि भूमि सर्वे नंबर-334/1 (S) रकबा 0.5800 हेक्टर, 334/2 (S) रकबा 0.0500 हेक्टर एवं 352/1 (S) रकबा 0.3900 हेक्टर कुल किता 03 कुल रकबा 1.0200 हेक्टर ग्राम पिपलोदा द्वारकाधीश तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को क्रय करने का सौदा मेरे पक्षकार ने क्रय अनुबंधीत श्री मनोज चौधरी पिता श्री नगजीराम चौधरी, निवासी-127 पावापुरी धाम, सांवेर रोड उज्जैन से कर आंशिक राशि अदा कर दी है, शेष राशि का भुगतान कर, केवल विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना बाकी है। उपरोक्त भूमि पर क्रय अनुबंधीत श्री मनोज चौधरी के अतिरिक्त अन्य किसी व्यक्ति, संस्था वित्तीय निकाय, बैंक मही, समूहः शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था आदि से किसी भी प्रकार का कोई ऋण आदि लिया हो अथवा उक्त भूमि पर अन्य किसी का कोई स्वत्व, हित, आधिकार, सुखाधिकार अथवा भार, बोड़ा दान विक्रय, मक्षीस, सौदा चिट्ठी, अनुबंध, कब्जा, पारिवारिक विवाद आदि हो अथवा इस विक्रय व्यवहार से किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के 07 (सात) दिन में अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में आकर प्रस्तुत करे, ताकि उसका निराकरण किया जा सके, अन्यथा मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त भूमि के विक्रय पत्र का ई पंजीयन उपरोक्त भूमि स्वामी से करा लेंगे व समय अवधि गुजर जाने के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-13.12.2025

**राजकुमार प्रजापत एडवोकेट कार्यालय-A-1 भरतपुरी काम्पलेक्स, देवांस रोड उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. नं.-94259-46659**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- केशर बाई बेवा मांगीलाल 2- कन्हैयालाल पिता मांगीलाल 3- दिलीप पिता मांगीलाल 4 जगदीश पिता मांगीलाल समस्त निवासी ग्राम पानबिहार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन से भूमि स्वामी स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 83 रकबा 0.74 हेक्टर, सर्वे नम्बर 84 रकबा 0.43 हेक्टर, सर्वे नम्बर 85/2 रकबा 0.22 हेक्टर सर्वे नम्बर 815 रकबा 1.85 हेक्टर मे से रकबा 0.77 हेक्टर, कुल किला 04 कुल रकबा रकबा 2.16 हेक्टर ग्राम पानबिहार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन में स्थित है। उक्त कृषि भूमि को मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा कर विक्रय प्रतिफल की धनराशि में से आंशिक धनराशि अदा कर दी है तथा सौदा चिट्ठी अनुसार शेष धनराशि अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। उक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी व्यक्ति, वित्तीय संस्था, शासकीय बैंक या अर्द्धशासकीय बैंक, सोसायटी या अन्य किसी संस्थान का कोई ऋण, भार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि को विक्रय करने में किसी को आपत्ति हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय असल दस्तावेज व तथ्यात्मक प्रमाण के आपत्ति कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके। अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपति/कृषि भूमि के सौदा चिट्ठी अनुबंध की शेष धनराशि अदा कर उसके अंतरण लेख का विधिवत निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी। सूचित हो।
दिनांक 13/12/2025

**गुलनाज मन्सूरी एडवोकेट डी-6 भरतपुरी कॉम्प्लेक्स, देवास रोड, उज्जैन मो. न. 9907101111**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारमा को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी श्री ललीत वासवानी पिता टिकमदास जी वासवानी, निवासी-46, बृजधाम, शिवाजी पार्क कालानी, उज्जैन व कृषक ग्राम बनाना तहसील व जिला उज्जैन से कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 294/1 रकबा 0.790 हेक्टर में भूमि स्वामी का निहित 3600/7900 स्वत्व/ हिस्सा अर्थात रकबा 0.360 हेक्टर में से पश्चिम दिशा तरफ की रकबा 0.265 हेक्टर तथा कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 296/1/1 रकबा 0.030 हेक्टर में भूमि स्वामी का निहित 200/300 स्वत्व/ हिस्सा अर्थात रकबा 0.020 हेक्टर में से पश्चिम दिशा तरफ की रकबा 2.015 हेक्टर, कुल सर्वे क्रमांक संख्या 2. कुल रकबा 0.280 हेक्टर (जो अनुबंधीत भूमि हैं।) स्थित ग्राम दताना तहसील व जिला उज्जैन में है, जिसका मुख्य मार्ग पर फ्रन्ट 80 फीट से 90 फीट के बीच है एवं जिसके उत्तर दिशा में मुख्य सड़क हैं. को मय तल, जमीन व हवाई हक सहित एवं मय निर्विवाद व रिक्त अवस्था में क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक धनराशि अदा कर दी है।
उक्त सम्पति पर किसी भी संस्था, व्यक्ति, बैंक, वित्तिय संस्थान, शासकीय/ अर्द्धशासकीय विभाग आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो तो ये सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेजी व तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें। बाद मियाद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा।
दिनांक 13.12.2025, उज्जैन

**निखिल सोडानी, एडव्होकेट, कार्यालय-दुकान नं. डी-8, भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, आर.टी.ओ. आफिस के पीछे, देवास रोड, उज्जैन, मोबाईल नम्बर-9301376778**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्री राजेश कुमार पिता बी हसराज कुमार, निवासी 97, इन्दिरा नगर कालोनी उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य का भवन क्रमांक एम.आई.जी 97. स्थित इन्दिरा नगर, उज्जैन में शहरी सीमा के अन्दर है तथा जो दो मंजिला अर्थात तल लगायत प्रथम मंजिल आर.सी.सी. की छत का निर्मित होकर आवासीय उपयोग का है पूर्व उक्त भवन जिस भूमि पर निर्मित हैं, वह लीजहोल्ड राईटस की हैं व उस पर निर्मित भवन फ्रीहोल्ड राईट्स का है तथा जो पूर्वी पार्श्व में उत्तर से दक्षिण 15:00 मीटर व पश्चिम पार्श्व में दक्षिण से उत्तर 15.00 मीटर एवं जो उत्तर पार्श्व से पूर्व से पश्चिम 9.00 मीटर व दक्षिण पार्श्व में पश्चिम से पूर्व 9.00 मीटर होकर जिसका कुल क्षेत्रफल 135.00 वर्गमीटर है तथा जिसके पूर्व दिशा में भवन क्रमांक एल.आई.जी. सेकण्ड 124, पश्चिम दिशा में रोड उत्तर दिशा में रोड व दक्षिण दिशा में भवन क्रमांक एम.आई.जी. 98-है, को निर्विवाद व रिक्त अवस्था में मय तल, जमीन व हवाई हक सहित एवं मय फिक्चर्स, फिटिंग्स व नल/किजली कनेक्शन डिपाजिट राशि सहित क्रय करने का सौदा किया होकर आशिक धनराशि अदा कर दी हैं।
उक्त सम्पत्ति पर किसी भी संस्था, व्यक्ति, बैंक, वित्तिय संस्थान, शासकीय/अर्द्धशासकीय विभाग, आदि का कोई स्वत्व, हित, अधिकार, सुखाधिकार, कब्जे आदि का अधिकार, अनुबंध, गिरवी आदि का भार अथवा इस विक्रय व्यवहार में किसी भी व्यक्ति को या अन्य किसी को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति आदि हो, तो वे सूचना प्रकाशन से 7 दिन में मय असल दस्तावेजी व. तथ्यात्मक प्रमाण के मुझसे आकर मिले, ताकी उसका निराकरण करवाया जा सकें । बाद मियांद किसी की कोई आपत्ति आदि मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नहीं रहेगी तथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति के अंतरण लेख का निष्पादन व पंजीयन करवा लिया जावेगा।
दिनांक-13.12.2025. उज्जैन

**निखिल सोडानी, एडव्होकेट, कार्यालय-दुकान नं. डी-8 भरतपुरी शॉपिंग काम्पलेक्स, आर.टी ओ. आफिस के पीछे देवास रोड, उज्जैन, मोबाईल नम्बर-9301376778**

खास न्यूज

## प्रशस्ति पत्र और नगद इनाम से प्रधान आरक्षक सम्मानित



**उज्जैन।** पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने महाकाल थाने का शुक्रवार को औचक निरीक्षण किया था। इस दौरान थाने में अपराधों का रिकार्ड और अन्य दस्तावेजों का रख-रखाव बेहतर पाया। थाने में रिकार्ड मेंटेन रखने वाले की जानकारी लेने पर पता चला कि प्रधान आरक्षक अलकेश पंड्या द्वारा किया जाता है। पुलिस अधीक्षक ने प्रधान आरक्षक की कर्तव्य निष्टा और काम को देखते हुए प्रशस्ति पत्र के साथ नगद इनाम से पुरूस्कृत किया। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक लगातार जिले के थानों का औचक निरीक्षण कर रहे है। पूर्व में भैरवगढ़ थाना एसआई और प्रधान आरक्षक को पुरूस्कृत कर चुके है। वहीं नीलगंगा थाना स्टॉफ के 13 सदस्यों की कार्यशैली से नाराज होकर उनका एक दिन का वेतन काटने के आदेश भी जारी कर चुके है।

## दादागिरी कर मांगे 5 लाख, नहीं देने पर मारने की धमकी

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के काजीपुरा में शहजाद पिता कल्लू खां का प्लाट को लेकर सलमान से विवाद चला आ रहा है। सलमान प्लाट पर अपना कब्जा होना बताया है। जिसके चलते इनके बीच पूर्व में भी विवाद हो चुका है। 10 दिसंबर को एक बार फिर सलमान ने शहजाद का रास्ता रोका और दादागिरी करते हुए प्लाट के एवज में पांच लाख देने की डिमांड की। शहजाद ने प्लाट उसका होने और रूपये देने से मना किया तो सलमान ने मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने शहजाद की शिकायत पर जांच करने के बाद मामले में सलमान के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। पांच लाख नहीं देने पर जान से मारने की धमकी देने वाले की तलाश की जा रही है। जो बड़नगर कस्बे से फरार हो गया है।

## रेस्टोरेंट का काम बंद करने की बात पर मैनेजर से मारपीट

**उज्जैन।** दाऊदखेड़ी तिरूपति ड्रिम्स में ड्रिम स्कूयर कैफे एवं रेस्टोरेंट में मैनेजर के पद पर शुभम पिता कमलकांत राजोरिया निवासी शांतिनगर काम करता है। उसके साथ रवि राव और उसकी मां तनुजा ने रेस्टोरेंट का काम करने की बात पर गाली-गलौच करते हुए मारपीट की। शुभम की शिकायत पर नीलगंगा थाना पुलिस ने मारपीट का मामला दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि कैफे एवं रेस्टोरेंट मारपीट करने वाले रवि राव की पत्नी आयुषी के नाम पर है। रवि और आयुषी के बीच पारिवारिक विवाद चल रहा है। आयुषी अपने मायके में रहती है। उसके नाम से रेस्टोरेंट और कैफे होने पर रवि चाहता है कि उसे बंद कर जगह पर कब्जा किया जाये। इसी के चलते उसने मैनेजर के साथ मारपीट कर रेस्टोरेंट बंद करने का दबाव बनाया है।

## बच्चों के पुराने विवाद में 2 पक्षों के बीच मारपीट

**उज्जैन।** महिदुपर के किला में बच्चों के बीच हुई गाली-गलौच के पुराने विवाद में एक बार फिर 2 पक्षों के बीच विवाद हो गया। दोनों ओर से पाइप-डंडे चले। जिसमें पांच लोग घायल हो गये। महिदपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है। बताया जा रहा है कि सोहेब पिता मोहम्मद हुसैन अपनी बहन रूबीना के घर पहुंचा था। बहन का 4 माह पहले पड़ोस में रहने वाले अरमान पिता अब्दुल हफीज खान से बच्चों के बीच हुई गाली-गलौच को लेकर विवाद हुआ था।

उस वक्त मामला शांत हो गया, लेकिन एक बार फिर पुराने विवाद को लेकर रूबीना और अरमान के बीच कहासुनी हो गई और मामला मारपीट में बदल गया। एक पक्ष से रूबीना और उसका भाई सोहेब घायल हुआ है। दूसरे पक्ष से अरमान उसकी बुआ अजीज नूर और बहन रूहानाबी को चोंट लगी है। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। अरमान के परिवार का महिदुपर और सोहेब के साथ उसकी बहन रूबीना का उपचार उज्जैन चरक अस्पताल में चल रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 490-3 | 235-0 |
| मिलन डे | 238-3 | 347-4 |
| मिलन नाइट | 259-6 | 580-3 |
| मधुर डे | 348-5 | 689-3 |
| मधुर नाइट | 229-3 | 580-3 |
| शुभांक | 3 4 | 8 |

### हिरासत में मैरिज ब्यूरो का संचालक, भाई की तलाश

# रिश्ता तय करने नाम पर खरगोन के युवक से ठगे 17 हजार

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

मैरिज ब्यूरो के माध्यम से रिश्ता तलाशने आये खरगोन के युवक से 17 हजार की ठगी हो गई। ब्यूरो संचालक ने रजिस्ट्रेशन के नाम पर रूपये लिये और 4 माह बाद भी रिश्ता नहीं कराया। मामला पुलिस के पास पहुंचते ही दबिश दी गई। ब्यूरो संचालक को हिरासत में लिया गया है। उसके भाई की तलाश जारी है।

खरगोन के बडवाह में रहने वाले राजू वर्मा ने माधवनगर थाने पहुंचकर बताया कि उसके साथ 17 हजार रूपये की धोखाधड़ी हुई है। उसे 4 माह पहले उसके गांव में जीवन संगनी वेयर फेयर संस्था हार-फूल की गली फ्रीगंज उज्जैन का पर्चा मिला था, जिसमें अच्छे रिश्ते कराने की बात लिखी हुई थी। उसने पर्चे पर लिखे पते पर संपर्क किया गया। उज्जैन आने पर मैरिज ब्यूरो में भरत खंडेलवाल और उसका भाई विजय खंडेलवाल मिले।

जिन्होने रजिस्ट्रेशन के नाम पर 17 हजार रूपये लिये और रिश्ता बताने की बात कहीं। लेकिन चार माह बाद भी रिश्ता नहीं कराया। रूपये लौटाने में आनाकानी कर रहे है। थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि शिकायत पर मामले की जांच कर मैरिज ब्यूरो संचालक भाईयों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज किया गया। शनिवार को एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम की टीम ने हार-फूल वाली गली में दबिश दी गई और भरत खंडेलवाल को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया। मैरिज ब्यूरो से दस्तावेज भी बरामद किये गये है। आरोपित का भाई विजय फरार है जिसकी तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि खंडेलवाल भाईयों ने पूर्व में भी कुछ लोगों के साथ धोखाधड़ी की थी। मामले थाने पहुंचने पर उन्होने शिकायत करने वालों को उनकी राशि वापस लौटा दी थी, जिसके चलते मामला दर्ज नहीं हो पाया था।

### उज्जैन के युवको का नहीं करते रजिस्ट्रेशन

थाना प्रभारी भारती के अनुसार प्रारंभिक जांच में सामने आया कि भरत खंडेलवाल और विजय खंडेलवाल रिश्ता तय कराने के लिये उज्जैन के युवकों का रजिस्ट्रेशन नहीं करते है। आसपास के जिलों के लोगों से संपर्क होने पर 17 हजार रूपये जमा कराते है और 7-8 युवतियों को दिखाने की बात कहीं जाती है। लेकिन बडवाह खरगोन के राजू वर्मा को ना तो लड़की दिखाई गई, ना ही रिश्ता तय कराने के नाम लिये रूपये वापस लौटाये।

### नीलगंगा पुलिस दर्ज कर चुकी है मामला

एएसआई लक्ष्मीकांत गौतम ने बताया कि भरत खंडेलवाल के खिलाफ कुछ साल पहले नीलगंगा थाने में भी शिकायत दर्ज हुई थी। उस दौरान पुलिस ने पकड़ा था, उसके बाद फ्रीगंज क्षेत्र में जीवन संगनी वेलफेयर संस्था के नाम से मैरिज ब्यूरो संचालित किया जाने लगा। धोखाधड़ी करने वाले आरोपितों के गिरफ्त में आने पर संभवतः कुछ ओर मामले सामने आ सकते है।

# युवतियों के साथ था मुस्लिम युवक, हिन्दूवादी संगठन ने बुलाई पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उंडासा तालाब के पास शनिवार को तीन युवतियों के साथ 2 युवक घूम रहे थे। एक मुस्लिम था, हिन्दूवादी संगठन को पता चला तो मौके पर पहुंचे और पुलिस को बुलाया। मामला थाने आने पर युवतियों ने किसी भी प्रकार की कार्रवाई से इंकार कर दिया।

बताया जा रहा है कि एक ही कॉलेज में अध्ययन करने वाले 2 युवक और तीन युवतियां दोपहर बाद उंडासा तालाब पहुंचे थे, युवकों में एक मुस्लिम था, पांचों वहां बने धार्मिक स्थल के आसपास घूम रहे थे, इस दौरान मोबाइल से फोटो लिये जा रहे थे। हिन्दू युवतियों के साथ मुस्लिम युवक के होने का पता चलते ही हिन्दूवादी संगठन के सदस्य पहुंच गये, उन्होने मुस्लिम युवक को घेर लिया और चिमनगंज थाना पुलिस को सूचना दी। हिन्दूवादी संगठन का कहना था कि धार्मिक स्थल की सुचिता भंग होने और संस्कृति विरूद्ध गतिविधियां चल रही थी। पुलिस युवकों के साथ युवतियों को थाने लेकर आई। जहां सामने आया कि सभी एक कॉलेज के छात्र है।

उंडासा तालाब घूमने गये थे और फोटो शूट कर रहे थे। पांचों युवक-युवतियों के परिजन भी थाने आ गये थे। जहां युवतियों ने किसी भी प्रकार का गलत नहीं होने पर शिकायत दर्ज कराने से इंकार कर दिया। युवतियों ने लिखित में थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया को बताया कि सभी दोस्त है। किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं चाहते है। पुलिस ने दोनों युवकों को छोड़ दिया।

# सायबर फ्रॉड मामले में हरियाणा पुलिस की उज्जैन में दबिश

### लोन के नाम पर ठगी करने वाले 3 युवक हिरासत में

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

हरियाणा पुलिस की टीम ने शनिवार को उज्जैन के तीन थाना क्षेत्रों में दबिश मारी और स्थानीय पुलिस टीम के साथ 3 युवको को हिरासत में लिया। तीनों युवको का हरियाणा ले जाया गया है। मामला सायबर फ्रॉड का सामने आया है।

बताया जा रहा है कि हरियाणा से पांच सदस्यों की पुलिस टीम उज्जैन पहुंची थी, उन्होने इंगोरिया के छानखेड़ी से दीपक नामक युवक को हिरासत में लिया। टीम माधवनगर थाना क्षेत्र के वल्लभनगर पहुंची और वहां से अजय नामक युवक को पकड़ा। उसके बाद चिमनगंज थाना क्षेत्र के तिरूपति सेफ्रॉन कालोनी से संजय को हिरासत में लेकर रात में हरियाणा के लिये रवाना हो गई। तीनों युवक लोन के नाम पर हुई लाखों की ऑनलाइन ठगी में शामिल होना बताये गये है।

हरियाण में हुये सायबर फ्रॉड में 18 बैंक खातों का उपयोग किया गया था। जिसमें उज्जैन के युवक भी शामिल थे। जिनकी डिटेल और लोकेशन सामने आने पर हरियाणा पुलिस की टीम यहां तक पहुंची थी। तीनों युवकों को हिरासत में लेने के बाद हरियाणा की टीम ने स्थानीय पुलिस को जानकारी दी गई है।

# बाइक चालक की मौत के मामले में कार चालक पर केस

**उज्जैन।** रूपाखेड़ी रोड पुलिया के पास ग्राम खाकरी सुल्तान में 3 दिसंबर को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार संजय पिता जगन्नाथ 40 साल निवासी ग्राम धम्मानी विजयागंज मंडी की मौत हो गई। दुर्घटना के उसकी पत्नी सीमा गंभीर घायल हुई थी। नरवर थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 9 दिन बाद जांच में आये तथ्यों के आधार पर कार चालक के खिलाफ लापरवाही और तेजगति से गाड़ी चलाने का प्रकरण दर्ज किया है। थाना प्रभारी बल्लू मंडलोई के अनुसार कार की पहचान कर ली गई है। जल्द चालक को गिरफ्तार किया जायेगा।

### सिंहस्थ 2028 की तैयारी में पुलिस के बढ़ते कदम

# पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण करने निकला पुलिस का अमला





दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

12 ज्योतिर्लिंगों में विश्व प्रसिद्ध महाकालेश्वर की नगरी में सिंहस्थ महाकुंभ का आयोजन 2028 में होगा। पुलिस प्रशासन ने सिंहस्थ को राष्ट्रीय स्तर का मॉडल बनाने का लक्ष्य रखा है, जिसकी प्रति सप्ताह मॉनिटरिंग शुरू कर दी गई है। शनिवार को पुलिस कप्तान अमले के साथ पार्किंग व्यवस्था का मैदानी निरीक्षण करने के लिये निकले।

सिंहस्थ महाकुंभ में सुरक्षा-व्यवस्था के साथ सुव्यवस्थित आयोजन को देखते हुए पुलिस विभाग ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। पुलिस कप्तान प्रदीप शर्मा ने विगत शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित कर सिंहस्थ महाकुंभ को राष्ट्रीय स्तर का मॉडल बनाने का लक्ष्य रखते हुए प्रति सप्ताह दिशा निर्देशों की मॉनिटरिंग करने को कहा था। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस कप्तान अधिनस्थ अधिकारियों और यातायात पुलिस टीम के साथ सिंहस्थ पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण करने बस में सवार होकर निकले।

सिंहस्थ क्षेत्र के मार्गो पर पहुंचने के बाद पैदल भ्रमण कर किया और पार्किंग स्थलों की क्षमता, प्रवेश और निकासी मार्ग की योजना को देखा। सिंहस्थ क्षेत्र में पैदल आवागमन की सुविधा पर अधिनस्थ अधिकारियों से विचार विमर्श किया और दिशा निर्देश जारी किये। कई स्थानों पर आवश्यक सुधार की बात भी कहीं। पुलिस कप्तान ने बताया कि सिंहस्थ 2028 में लाखों की संख्या में प्रतिदिन श्रद्धालु आयेगें। उनकी सुविधा, सुरक्षा के साथ सुचारू आवागमन को सुनिश्चित करने के लिये योजना और चरणबद्ध तैयारियां की जा रही है। तैयारियों के तीसरे चरण में निरीक्षण के दौरान सभी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, नगर पुलिस अधीक्षक, यातायात डीएसपी एक बस में सवार होकर निकले थे। जिसके पीछे उद्देश्य था कि केवल ईधन की बचत सुनिश्चित की जाये और यातायात व्यवस्था पर अनावश्यक दबाव भी ना पड़े।

### निरीक्षण से पहले कंट्रोलरूम पर समीक्षा

पुलिस कप्तान ने शाम को निरीक्षण से पहले पुलिस कंट्रोलरूम पर पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की। जिसमें पिछले सप्ताह दिये निर्देशों पर चर्चा की गई। इस दौरान सभी एएसपी, सीएसपी और डीएसपी के साथ भीड़ प्रबंधन, मार्ग सुरक्षा, आपातकालीन प्रतिक्रिया और यातायात नियंत्रण पर व्यापक रणनीतियों पर चर्चा की। बैठक में अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए सिंहस्थ आयोजन की तैयारियों को मजबूत करने की बात कहीं।

## दुर्घटना में घायल की निजी अस्पताल में मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

सड़क दुर्घटना में घायल आलोट के सरवना निवासी कमलेश पिता शंकरलाल अग्रवाल 33 वर्ष को परिजनों ने नानाखेड़ा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में उपचार के लिये भर्ती कराया था। शनिवार रात उपचार के दौरान कमलेश की मौत हो गई। सूचना मिलने पर नानाखेड़ा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पोस्टमार्टम के लिये शासकीय चरक अस्पताल पहुंचाया है। रविवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद मामले की जांच संबंधित थाना पुलिस को भेजी जायेगी।

## हरिफाटक ब्रिज बेगमबाग क्षेत्र में महिला के साथ छेड़छाड़

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

महाकाल दर्शन कर पति के साथ बाइक से लौट रही महिला के साथ स्कूटी सवार 3 युवको द्वारा अभ्रदता कमेंट्स किया गया, विरोध करने पर तीनों ने पति के साथ गाली-गलौच कर धमकी दी। पुलिस ने मामले में छेड़छाड़ और गाली-गलौच करने का मामला दर्ज किया है।

भरतपुरी क्षेत्र की रहने वाली महिला पति के साथ शनिवार शाम महाकाल दर्शन कर लौट रही थी। हरिफाटक ब्रिज बेगमबाग क्षेत्र से गुजरते समय बाइक चला रहे पति की आंख में कीड़ा आ गया। उसने बाइक रोकी, उसी दौरान स्कूटी पर सवार 3 युवक आये और महिला के साथ छेड़छाड़ कर अभ्रद कमेंट्स करने लगे। पति ने विरोध किया तो तीनों ने गाली-गलौच करते हुए धमकी दी और भाग निकले। घटना के बाद पति-पत्नी महाकाल थाने पहुंचे और मामले की शिकायत की। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि तीनों युवकों के खिलाफ छेड़छाड़ और गाली-गलौच का प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। एक टीम तीनों युवकों की तलाश और पहचान के लिये रवाना की गई। इस दौरान सामने आया कि युवक बेगमबाग क्षेत्र के रहने वाले अरबाज, सोहेल और एक अन्य है। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है।

# ब्रिज से महिला ने चामला नदी में लगाई छलांग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



बड़नगर तहसील के चामला नदी में ब्रिज से एक महिला ने छलांग लगा दी थी। उसे कूदता देख कुछ लोगों नदी में कूदे और महिला को बचाकर बाहर निकाल लिया।

बड़नगर थाना प्रभारी अशोक पाटीदार ने बताया कि महिला के नदी में छलांग लगाने की खबर मिलने पर पुलिस पहुंची थी, लेकिन लोगों ने महिला को बचाकर बाहर निकाल लिया था। पूछताछ करने पर महिला का नाम सोना पति अर्जुन डाबी 25 साल निवासी सुर्यांश कालोनी सामने आया। महिला का रात में पति से विवाद हुआ था। इस दौरान सास और देवरानी ने भी उसे फटकार लगाई थी। इसी बात से क्षुब्ध होकर सोना ने नदी में जान देने की नियत से छलांग लगाई थी। घटना के बाद परिजनों को बुलाकर समझाईश दी गई। फिलहाल महिला अपने मायके चली गई है।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल
ई-निविदा सूचना
वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु IREPS पोर्टल के माध्यम से खुली निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **निविदा क्रमांक: EL/TRD/58/2025-26/17, दिनांक 12.12.2025. कार्य का नाम:** TRD Work in connection with Two New freight Examination line & upgradation of existing Examination line at Shambhupura. **अनुमानित लागत:** रु.1,72,19,175/-. **बयाना राशि:** रु.2,36,100/-. **समापन अवधि:** 12 Months. **निविदा दस्तावेज़ की राशि:** Nil. **ऑनलाइन बिडिंग बंद होने की दिनांक एवं समय:** 07.01.2026 at 15:00 hrs. **ऑफर की वैधता:** 60 days from the date of opening. **वेबसाइट:** www.ireps.gov.in. **नोटिस बोर्ड:** वरिष्ठ मंडल विद्युत् इंजीनियर, कर्षण वितरण, रतलाम मंडल, पश्चिम रेलवे के कार्यालय के प्रवेश द्वार के सामने।
Sr. DEE/TRD/RTM
SPAN/13/1/378 रतलाम, (पश्चिम रेलवे)
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट संख्या K9561811 में मेरा नाम नीलु (NEELU) पिता रमेश चंद्र गर्ग (RAMESH CHANDRA GARG) है, जो कि गलत है मेरा सही नाम नीलु बंसल (NEELU BANSAL) पिता रमेश चंद्र गर्ग (RAMESH CHANDRA GARG) है। अतः भविष्य में मुझे मेरे इसी सही नाम नीलु बंसल (NEELU BANSAL) पिता रमेश चंद्र गर्ग (RAMESH CHANDRA GARG) से जाना एवं पचाना जाए।
नीलु बंसल पिता रमेश चंद्र गर्ग
NEELU BANSAL S/o RAMESH CHANDRA GARG
148, गोपाल मंदिर मार्ग, उज्जैन (म.प्र.)

नाम परिवर्तन सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट संख्या K9561793 में मेरा नाम रवि प्रकाश (RAVI PRAKASH) पिता बद्रीलाल (BADRILAL) है, जो कि गलत है मेरा सही नाम रवि प्रकाश बंसल (RAVI PRAKASH BANSAL) पिता बद्रीलाल (BADRILAL) है। अतः भविष्य में मुझे मेरे इसी सही नाम रवि प्रकाश बंसल (RAVI PRAKASH BANSAL) पिता बद्रीलाल (BADRILAL) से जाना एवं पचाना जाए।
रवि प्रकाश बंसल पिता बद्रीलाल
RAVI PRAKASH BANSAL S/o BADRILAL
148, गोपाल मंदिर मार्ग, उज्जैन (म.प्र.)

# पिछले 02 वर्ष वास्तव में उज्जैन के लिए विकास का स्वर्णिम अध्याय साबित हुए हैं

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रदेश सरकार के 02 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शनिवार को प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल ने प्रशासनिक संकुल भवन के सभाकक्ष में स्थानीय प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की।

प्रभारी मंत्री श्री टेटवाल ने मीडिया से चर्चा के दौरान बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में अभ्युदय मध्यप्रदेश के विकास और सेवा के 02 वर्ष आज पूर्ण हुए है। आज सभी जिला मुख्यालयों पर जिला विकास सलाहकार समिति की बैठकें आयोजित की गई है। हम सब के लिए यह अत्यंत गौरव और हर्ष का विषय है कि उज्जैन के विकास और सेवा का अवसर हमें प्राप्त हुआ है।

मध्यप्रदेश के इतिहास में वह क्षण अत्यंत महत्वपूर्ण रहा जब उज्जैन के गौरव, जननायक डॉ. मोहन यादव ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इन दो वर्षों में उनकी सरकार ने विकास, सुशासन और जनता के कल्याण को नई दिशा दी है। यह अवधि केवल कार्यकाल नहीं, बल्कि परिवर्तन और गति का युग रही है। मुख्यमंत्री ने "सरल शासन-सुगम शासन" को वास्तविक स्वरूप दिया है।

उज्जैन के लिए पिछले दो वर्ष वास्तव में "विकास का स्वर्णिम अध्याय" साबित हुए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने उज्जैन को केवल धार्मिक पहचान ही नहीं, बल्कि आधुनिक, व्यवस्थित और विश्वस्तरीय शहर बनाने का जो संकल्प लिया है, वह धरातल पर साफ दिखता है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा उज्जैन के लिए दो महत्वपूर्ण परियोजनाएं चलाई जा रही हैं- जिसमें कान्ह डक्ट परियोजना जिसमें 919 करोड़ से कान्ह डायवर्जन एवं क्लोज डक्ट परियोजना है, जो शिप्रा नदी को दूषित जल से मुक्त कर अविरल प्रवाहमान बनाए रखेगी और 614 करोड़ की लागत से सेवरखेडी-सिलारखेड़ी परियोजना जो वर्षभर शिप्रा नदी के पवित्र जल की उपलब्धता को सुनिश्चित करेगी।

म.प्र. शासन द्वारा 778 करोड़ रु की राशि से 29 किमी लंबे घाट निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही 9 किलोमीटर लंबे स्थायी घाटों के उन्नयन का कार्य भी चल रहा है, जिसकी अनुमानित लागत 120 करोड़ रुपए है। अनुमान है कि इस व्यवस्था के तहत 24 घंटे में लगभग ढाई करोड श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे।

जल निगम द्वारा नर्मदा-गंभीर समूह जल प्रदाय योजना के अंतर्गत उज्जैन और इंदौर जिले के कुछ भागों को सम्मिलित कर 885 गांवों के लिए 1275 करोड़ रुपए की लागत से जल प्रदाय के तहत क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस योजना में उज्जैन विकासखंड के 131 गांव, घटिटया विकासखंड के 128 गांव, तराना विकासखंड के 206 गांव, बडनगर विकासखंड के 189 गांव, खाचरौद विकासखंड के 176 गांव सम्मिलित किए गए हैं।

उज्जैन जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत 3 लाख 17 हजार 697 हितग्राहियों को प्रति माह मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का लाभ मिल रहा है। पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली योजना के अंतर्गत संस्था में आईटीआई, इलेक्ट्रिशियन एवं इलेक्ट्रॉनिक व्यवसाय के 91 प्रशिक्षणार्थियों को सोलर रूफ टॉप इंस्टालेशन और मेंटेनेंस का प्रशिक्षण दिया गया।



## आतंकवाद की जड़

आतंकवाद रातोंरात पैदा नहीं होता, इसे बचपन से ही गलत शिक्षाओं के माध्यम से लोगों के मन में बोया जाता है। यह खतरनाक धारणा कि किसी की हत्या करने से स्वर्ग में जगह पक्की हो जाती है। इस तरह की विकृत मान्यताएं, जो कोमल मन में बिठाई जाती हैं, असल समस्या हैं। यदि मानवता को एक शांतिपूर्ण दुनिया के निर्माण की ओर बढ़ना है, तो इस विकृत सोच को जड़ से उखाड़ फेंकना होगा। जो लोग कभी चरमपंथी मानसिकता को बढ़ावा देते थे, वे खुद उस माहौल से पीड़ित हैं, जिसे उन्होंने खुद बनाया था और अब उन्हें इसे नियंत्रित करना नहीं आता, इसीलिए आध्यात्मिकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह धर्म से परे है। यह हमें वसुधैव कुटुंबकम के विचार की ओर ले जाती है, कि संपूर्ण विश्व एक परिवार है। सनातन धर्म ने हमेशा अहिंसा का पालन किया है, लेकिन समय के साथ इसके वास्तविक अर्थ को गलत समझा गया है। इसके कारण भारत को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। एक समय था, जब हमारे देश ने बौद्ध धर्म को अपनाया था, जो अहिंसा पर विशेष बल देता है। ऐसे नाजुक समय में, आदि शंकराचार्य ने भिक्षुओं को शस्त्र वापस सौंपते हुए उनसे कहा, देश की रक्षा करो, धर्म की रक्षा करो! इस प्रकार अखाड़ों या योद्धा-भिक्षु संघों का उदय हुआ। सनातन धर्म का पुनरुद्धार हुआ और भारत का पुनर्निर्माण हुआ। आप धर्म की रक्षा के लिए युद्ध में शहीद हो सकते हैं और इससे स्वर्ग प्राप्त हो सकता है, लेकिन यह सोचना कि मैं किसी को मारूंगा और स्वर्ग प्राप्त करूंगा, गलत है। ऐसी धारणाओं को सुधारने की आवश्यकता है।



**सम्पादकीय**

# अब जनगणना

भारत में आगामी जनगणना के अभियान पर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतिम मुहर लगा दी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को 11,718.24 करोड़ रुपये की लागत से भारत की जनगणना 2027 आयोजित करने के प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है। यह स्पष्ट रूप से संसार की सबसे बड़ी जनगणना होगी और इस पर एक तरह से पूरी दुनिया की नजर होगी। बहरहाल, यह अवश्य लिखना चाहिए कि सब कुछ ठीक रहता, तो जनगणना 2021 हमारे सामने आ गई होती, पर महामारी कोरोना की वजह से समय से जनगणना नहीं हो पाई। जब महामारी का आतंक घटा, तब देश लोकसभा चुनाव में लग गया और अब लोकसभा चुनाव के बाद जनगणना के कार्य को मंजूरी मिली है। यहां यह कहने में हर्ज नहीं कि इस बार जनगणना का प्रारूप तय करने में काफी वक्त लगा है। यह जनगणना 2027 देश की 16वीं जनगणना और स्वतंत्रता के बाद आठवीं जनगणना होगी। इसमें सबसे खास बात यह है कि इसमें जाति संबंधी आंकड़े विशेष रूप से जुटाए जाएंगे। जाति आधारित जनगणना की मांग विभिन्न पार्टियां करती रही हैं और जब इस बारे में आम सहमति है, तो इसे कराने में कोई हर्ज नहीं है।

यह पहले से ही विदित है कि यह जनगणना दो चरणों में होनी है। साल 2026 के अप्रैल से शुरू होकर साल 2027 के मध्य तक जनगणना संपन्न हो जाएगी। उसके आंकड़े भी अपेक्षाकृत कम समय में सामने आ जाएंगे, क्योंकि पहली बार डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल जनगणना में किया जा रहा है। लोगों को भी डिजिटल भागीदारी का मौका मिलेगा। अतः यह जनगणना केवल अधिकारियों पर निर्भर नहीं रहेगी। इसमें लोग भी अपनी सक्रिय भूमिका निभा सकेंगे। वैसे भी जनगणना एक राष्ट्रहित का कार्य है और उसके लिए सभी को स्वतः आगे बढ़कर योगदान देना चाहिए। आशंका है, जिस तरह की परेशानियां मतदाता गहन पुनरीक्षण में गिनाई जा रही हैं, वैसी ही स्थिति जनगणना में भी पैदा हो सकती है। सरकार के अनुमान के अनुसार, लगभग 30 लाख फील्ड कर्मचारी राष्ट्रीय महत्व के इस विशाल कार्य को अंजाम देंगे। अगर सरकार ने अपने जनगणना संबंधी एप और पोर्टल को आसान व सुलभ रखा, तो यह जनगणना अब तक हुई तमाम जनगणनाओं की तुलना में ज्यादा आसानी से संपन्न हो जाएगी। मोबाइल एप और पोर्टल के ठीक काम करने से जनगणना अधिकारियों या कर्मचारियों पर ज्यादा दबाव नहीं आएगा।

**जन्मशती स्मरण पर विशेष**

# माणकचंद कटारिया : सेवा, विचार और संयम का उजला अध्याय



कुमार सिद्धार्थ
(दैनिक अवन्तिका)

गांधीवादी विचारक,चिंतक, लेखक, स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय भागीदार रहे इंदौर में 29 नवंबर 1925 को जन्मे माणकचंद कटारिया उन विरल व्यक्तित्वों में थे, जिनके जीवन में सेवा, विचार और संयम का ऐसा संतुलन दिखाई देता था, जो आज भी प्रेरक बना हुआ है। उनका जीवन जितना सरल, उतना ही गहन था। 29 अक्टूबर 1977 को उनका अवसान हुआ, जो यह एक ऐसे ०?यक्ति का वियोग था, जिसकी शांत उपस्थिति हर कार्य, हर योजना और हर संवाद में महसूस की जाती थी।

उनके सार्वजनिक जीवन की शुरूआत बाल्यावस्था में हो गई थी। 1941 में वे वीर वाचनालय और प्रजामंडल से जुड़े। वह समय स्वतंत्रता आंदोलन का था और वाचनालय की अलमारियों में सत्य-साहित्य और क्रांतिकारी पुस्तकों की गूंज से युवा मनों की दिशा बदल रही थी। इन्हीं पुस्तकों ने उनके भीतर राष्ट्रधर्म और नैतिक चेतना की ज्योति जलाई। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में प्रतिबंधित साहित्य के प्रसार की जिम्मेदारी उठाना किसी बालक का कार्य नहीं था, पर उन्होंने इसे अपने स्वभावगत निर्भीक संयम के साथ निभाया। करो या मरो के पर्चों और साइक्लोस्टाइल की गई पत्रिकाओं के साथ उनकी गिरफ्तारी इसी कर्मठता का परिणाम थी। रिहा होने के बाद भी उनका कार्य-जीवन वहीं से आगे बढ़ता रहा–शांत, निरंतर और उद्देश्यपूर्ण।

सन 45 से 47 तक उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से राजनीति शास्त्र में एम.ए. किया। यह अध्ययन उनके भीतर एक ऐसी दृष्टि लेकर आया जिसने सत्ता के मार्ग को किनारे रखते हुए लोकनीति और समाज-सेवा के पथ को चुना। उन्हें ज्ञात था कि राजनीति के अवसर आकर्षक हो सकते हैं, पर समाज के भीतर जाकर बदलाव की राह खोजने में ही सच्चा अर्थ है। इसी विचार के साथ वे गांधीवादी चिंतन के निकट आए और संपादकीय कार्य को अपने जीवन का साधन बनाया। उन्होंने प्रजामंडल, लोक सेवक और कुछ समय के लिए दैनिक जागरण का संपादन गहन निष्ठा से किया। उनकी लेखनी में विचार की स्पष्टता, भाषा की सहजता और अनुभव की गहराई दिखाई देती थी। इंदौर में जब बाल निकेतन संघ की स्थापना हुई तब प्रसिद्ध चिंतक और इंदौर की राजनीति के सूत्रधारों में प्रमुख तात्या सहब सरवटे ने उन्हें बाल निकेतन संघ के कार्य मंडल में सम्मिलित किया।

उनके जीवन का सबसे व्यापक और निर्णायक अध्याय इंदौर स्थित कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट में बीता। 1954 से 1976 तक उन्होंने कस्तूरबा-दर्शन का संपादन किया। यह संपादन केवल पत्रिका के प्रबंधन का कार्य नहीं था; यह विचारों को आकार देने, संगठन की दिशा तय करने और गांधीवादी मूल्यों को समकालीन जीवन से जोड़ने का प्रयास था। कस्तूरबा-स्मारिका, ट्रस्ट की पच्चीस वर्षीय रिपोर्ट और साहित्यिक दिवाली अंकों में उनकी दृष्टि, भाषा और बौद्धिक अनुशासन स्पष्ट रूप से पहचाना जा सकता है। गांधी-दर्शन प्रदर्शनी के आयोजन में भी उनकी भूमिका रही।

ट्रस्ट की अनेक योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में उनका योगदान महत्वपूर्ण था। कस्तूरबाग्राम में आयोजित बड़े राष्ट्रीय सम्मेलनों का संयोजन, राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री सहित विभिन्न राज्यों के वरिष्ठ अतिथियों की व्यवस्था और ग्राम-उन्नति संबंधी योजनाओं की प्रस्तुति में उनकी संगठनात्मक दक्षता बार-बार सामने आती थी। भवन-निर्माण के निर्णयों में उनकी व्यावहारिक दृष्टि और ग्राम-जीवन की बारीकियों पर उनकी पकड़ कस्तूरबा ग्राम की संरचना में आज भी प्रमाण की तरह उपस्थित है।

समय के साथ उनका सेवा-क्षेत्र और भी विस्तृत हुआ और वे दिल्ली स्थित हरिजन सेवक संघ में सचिव की भूमिका में आए। हरिजन चेतना, समरसता एवं सुधार कार्यक्रमों में उन्होंने अपनी संपूर्ण ऊर्जा समर्पित की। इसी दौरान घनश्याम दास बिड़ला के अमूल्य संग्रह बापू की प्रेम प्रसादी के संपादन कार्य में सहयोग किया।

आज जब हम सार्वजनिक जीवन के दौरान माणकचंद कटारिया द्वारा लिखी दैनंदिनी डायरी को देखते है तो पाते है कि कोई साधारण व्यक्ति की निजी टिप्पणियाँ भर नहीं है, बल्कि स्वतंत्रता-संग्राम के दौर में एक सजग, संवेदनशील और चिंतनशील युवा मन की जीवंत दस्तावेजी गाथा है। उनके डायरी के पन्ने भारतीय इतिहास के उन दिनों के साक्षी है, जब राष्ट्र जाग रहा था, बदल रहा था और अपने भविष्य की खोज में संघर्षरत था। उनकी डायरी का सबसे बड़ा मूल्य उनकी ईमानदार आत्मदृष्टि है। डायरी के पन्नों में कटारियाजी अपने भीतर की कमजोरियों, असफलताओं, संदेहों और द्वंद्वों को भी छिपाते नहीं है। वे बार-बार स्वयं से प्रश्न करते हैं हम आजाद हैं तो फिर इतना रक्तपात क्यों? यह प्रश्न केवल उस समय का नहीं, बल्कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी विचारणीय है। उनकी बेचैनी बताती है कि स्वतंत्रता केवल राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि नैतिक और आध्यात्मिक जागरण भी है। कटारिया की डायरी का एक और महत्त्वपूर्ण पक्ष है उनका सक्रिय सार्वजनिक जीवन। इलाहाबाद में सत्याग्रह, छात्र-आंदोलनों, पुलिस दमन, नेताओं से संवाद ये सब डायरी को इतिहास के दस्तावेज के रूप में विश्वसनीय बनाते हैं। 1943 और 1946 के प्रसंग विशेष रूप से दशार्ते हैं कि एक युवा स्वतंत्रता आंदोलन को केवल समाचार की तरह नहीं देख रहा था, बल्कि उसका हिस्सा था।

डायरी में कटारिया जैन दर्शन, महावीर के सिद्धांतों, और व्यावहारिक जीवन के बीच की दूरी पर तीव्र आत्ममंथन करते हैं यदि धर्म मनुष्य को आकार देता है, तो हम मंदिरों तक सीमित क्यों हों? डायरी में उल्लिखित गांधीजी का 1946 का प्रसंग बताता है कि कटारियाजी के भीतर गांधी की करुणा, सत्य और विनम्रता के प्रति गहरा आकर्षण था। लेखन कर्म की इसी श्रृंखला में महावीर जीवन में पुस्तक माणकचंद कटारिया की उस विशिष्ट लेख-श्रृंखला का संकलन है, जिसमें उन्होंने महावीर के अहिंसा धर्म, अनेकान्त, अपरिग्रह और सहअस्तित्व जैसे मूलभूत जैन सिद्धान्तों को केवल दार्शनिक अवधारणाओं के रूप में नहीं, बल्कि मानव-जीवन की व्यवहारिक आवश्यकताओं के रूप में समझाया है।

कटारिया जी के व्यक्तित्व को समझने में उनके समकालीनों के उद्गार अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। मालवा के गांधी के नाम से ख्यात काशीनाथ त्रिवेदी ने उनकी स्मृतियों को एक ऐसी अमर धरोहर बताया है जिसे न कोई चुरा सकता है, न मिटा सकता है। त्रिवेदी जी लिखते हैं कि उनकी मिठास, उनकी सरलता और मन को सुख देने वाली उनकी उपस्थिति आज भी आत्मिक आश्वासन देती है।

## आदमी छोटा, सम्मान बड़ा

कभी जमाना था जब सम्मान पाना कठिन था, आज मुश्किल यह है कि सम्मान न मिलना कठिन है। पहले लोग पूज्य बनकर सम्मान पाते थे, अब सम्मान पाकर पूज्य बन जाते हैं। गाँव का गधा भी अगर अपने कानों पर अंतरराष्ट्रीय टैग चिपका ले तो पड़ोसी गधे उसे सर कहने लगते हैं।

कल शाम ऐसी ही चमत्कृति देखी। एक स्थानीय संस्थाध्यक्ष – जिनकी संस्था का कार्यालय उनके झोले में चलता है – ने लेखकश्री को अंतरराष्ट्रीयशरदजोशीसम्मान देने का निश्चय किया। अब लेखक बेचारे बेचैन – बोले, पर मैं तो कवि हूँ, व्यंग्यकार नहीं। अध्यक्ष मुस्कुराए, कोई बात नहीं, हमारे पास बहुउद्देशीय सम्मानहैं। और तत्काल झोले में हाथ डालकर अंतरराष्ट्रीय दुष्यंतकुमार सम्मान निकाल दिया।

मैं सोचने लगा, यह झोला नहीं, मोबाइल एप्लिकेशन है – सबकुछ एक क्लिक में तैयार। बस निमंत्रणपर्ची छपते ही दस-सत्रह अंतरराष्ट्रीय नाम अपने-आप प्रसाद बनकर झरते हैं।

पहले सम्मान की प्रक्रिया में तप की गंध होती थी। वर्षों लेखन-श्रम, सामाजिक योगदान, और किसी न किसी विचारधारा की गहन प्रतिबद्धता। अब न तप, न श्रम – बस संस्था के व्हाट्सऐप ग्रुप में जोड़ लीजिए। पाँच बार पोस्ट लाइक कीजिए, और छठे दिन किसी के फोटो के नीचे हमारे माननीय कवि-व्यंग्यकार को हार्दिक बधाई लिख दीजिए – बस, नाम शॉर्टलिस्ट। अगले महीने मंच पर अंतरराष्ट्रीयसाहित्यरत्नसम्मान तैयार।

सम्मान आज सबसे तेज उगने वाली फसल है। पानी कम, प्रचार ज्यादा चाहिए। बीज चाहिए– पुरानी प्लेट, पुरानी पट्टी, और फोटोजेनिक शिक्षक या स्थानीय पत्रकार। उर्वरक चाहिए– चार प्रायोजक और पाँच फेसबुक स्टोरी। एक फोटो एमएलए के साथ मिल गया तो सम्मान का एक्सपोर्ट दर्जा स्वतः प्राप्त।

हमारे शहर में तो अब सम्मान-सीजन छाया है। हर रविवार नया सम्मान मेला। शर्त यह कि सम्मानग्रहिता और आयोजक दोनों को एक-दूसरे का नामपहले दिन ही भूलना होगा, ताकि अगली बार नई ताजगी बनी रहे। मंच पर अध्यक्षमंडल में छहसज्जन, पीछे पाँच बैनर– सबका उद्देश्य एकः फोटो की डिलीवरी संध्या तक।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 14 दिसंबर 2025 रविवार
सूर्योदय - 07:04 सूर्यास्त 17:40
पौष मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 16:30 से 18:00 तक
तिथि - दसमी 18:50 उपरांत एकादशी
नक्षत्र - हस्त 08:19 उपरांत चित्रा
योग - सौभाग्य 11:45 उपरांत शोभन
करण - विष्टि
चन्द्रमा - कन्या में है। 21:41 पर तुला में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - जमादि उस्मानी मास 22 तारिख

**मेष-** नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य हो जाने से प्रसन्नता रहेगी। निवेश लाभदायक रहेगा।

**वृषभ-** भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

**मिथुन-** नए अनुबंध हो सकते हैं। रोजगार में वृद्धि होगी। रुके कार्य पूर्ण होंगे। प्रसन्नता रहेगी। नौकरी में उच्चाधिकारी की प्रसन्नता प्राप्त होगी।

**कर्क-** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लंबी यात्रा हो सकती है। लाभ होगा। प्रशंसा मिलेगी।

**सिंह-** राजकीय सहयोग से कार्य पूर्ण व लाभदायक रहेंगे। कारोबार मनोनुकूल रहेगा।

**कन्या-** शेयर मार्केट में जोखिम न लें। नौकरी में चैन रहेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी। कार्यों में गति आएगी।

**तुला-** दुष्टजन हानि पहुंचा सकते हैं। ध्यान रखें। तीर्थदर्शन हो सकता है। सत्संग का लाभ मिलेगा।

**वृश्चिक-** प्रॉपर्टी ब्रोकर्स के लिए सुनहरा मौका साबित हो सकता है। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कार्यों में गति आएगी।

**धनु-** रोजगार में वृद्धि के योग हैं। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता रहेगी। मित्रों की सहायता कर पाएंगे।

**मकर-** आय में निश्चितता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें।


**कुंभ-** शोक संदेश मिल सकता है। विवाद को बढ़ावा न दें। किसी के उकसाने में न आएं।

**मीन-** नए मित्र बनेंगे। अच्छी खबर मिलेगी। प्रसन्नता रहेगी। विवेक का प्रयोग करें।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**व्यंग्य**

# दत्तात्रेयः प्रकृति को गुरु मानने वाली सनातन चेतना का अद्वितीय प्रकटन



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

दिसंबर मास की शांत पवित्रता में आने वाली दत्तात्रेय जयंती केवल एक पौराणिक घटना नहीं, बल्कि मनुष्य की चेतना को प्रकृति से जोड़ने वाला वह दिव्य सूत्र है, जो बताता है कि विश्व का प्रत्येक तत्व – पर्वत, आकाश, जल, अग्नि, पशु-पक्षी, लता-वृक्ष – हमारा शिक्षक है। दत्तात्रेय केवल त्रिदेवों के संयुक्त अवतार नहीं, बल्कि आदिगुरु–जो स्वयं प्रकृति से सीखते हैं और मनुष्य को भी यही शिक्षा देते हैं। उनकी सबसे अद्भुत शिक्षा यही है–गुरु केवल मनुष्य नहीं, प्रकृति के 24 तत्व भी गुरु हो सकते हैं। आज जब आधुनिक जीवन प्रकृति से दूर हो रहा है, यह सीख और भी प्रासंगिक हो जाती है। यह पर्व हमें याद दिलाता है– हम जितना प्रकृति से सीखेंगे, उतना ही सहज, संतुलित और सार्थक जीवन जिएँगे। दत्तात्रेय और ह्यप्रकृति-गुरुत्वव्ह्ल का दर्शन :

भारतीय परंपरा में दत्तात्रेय को उस योगी के रूप में जाना जाता है, जो संसार में रहकर भी संसार से परे हैं। उनकी साधना किसी आश्रम, गुफा या पर्वत तक सीमित नहीं। वे हर दिशा में, हर दृश्य में, हर जीव में पाठ खोज लेते हैं। उन्होंने अपने पिता महर्षि अत्रि से कहा था–मेरे 24 गुरु हैं। और जब अत्रि ऋषि ने जिज्ञासा व्यक्त की कि ये गुरु कौन हैं, तो दत्तात्रेय ने प्रकृति का एक-एक तत्व गिनाना प्रारंभ किया। यह दर्शन आज पर्यावरणझ्रमनोविज्ञान का आधार है–

मनुष्य का मानसिक संतुलन प्रकृति से संपर्क पर निर्भर है

दत्त जयंती का आधुनिक संदेशः प्रकृति ही परम गुरु हैआज के समय में यह पर्व इसलिए आवश्यक है क्योंकि– मनुष्यता प्रकृति से दूर हो गई है। मानसिक तनाव चरम पर है जीवन की गति बढ़ी है, संतुलन खो गया है इंसान तकनीक का विद्वान है, पर स्वयं का अज्ञानी दत्तात्रेय कहते हैं– यदि तुम प्रकृति से जुड़ जाओ, तो तुम्हारा जीवन स्वतः संतुलित हो जाएगा।

पेड़ धैर्य सिखा सकते हैं, नदियाँ विनम्रता सिखा सकती हैं ,सूर्य अनुशासन सिखा सकता है ,आकाश स्वतंत्रता सिखा सकता है और भूमि क्षमा सिखा सकती है। दत्त जयंती इस बात का स्मरण है कि हमने गुरुओं की खोज बाहर की, जबकि प्रकृति स्वयं सबसे बड़ी गुरु है।

धरती-केन्द्रित दूरदर्शी दृष्टिकोण से इस पर्व का महत्व : जल, जंगल, जमीन, संवेदना, पर्यावरण– ये सभी मानव विकास के मूल हैं। दत्तात्रेय का दर्शन इसी सोच को पुष्ट करता है– धरती से जुड़ना ही मनुष्य की असली समृद्धि है। आज का मनुष्य चाहे कितना भी आधुनिक क्यों न हो जाए, उसका श्वास, भोजन, ऊर्जा, जल–सब प्रकृति पर निर्भर हैं।

और यही निर्भरता हमें प्रकृति का शिष्य बनाती है। इसलिए यह पर्व केवल धार्मिक नहीं, पर्यावरणीय चेतना, जीवन-दर्शन, और मानसिक संतुलन का पर्व भी है।

इस दत्त जयंती पर एक संकल्प– हम हर दिन प्रकृति के किसी एक तत्व से एक सीख ग्रहण करेंगे। यही है जीवन को सार्थक बनाने का मार्ग। यही है दत्तात्रेय का वास्तविक संदेश। आज मनुष्य–अधिक जानता है, पर कम समझता है, अधिक सुविधा चाहता है, पर कम शांति पाता है

क्योंकि वह प्रकृति से दूर चला गया है। दत्तात्रेय का संदेश आज पहले से ज्यादा महत्वपूर्ण है–

धरती हमारा घर नहीं; हमारी माता है।
वन हमारा संसाधन नहीं; हमारा शिक्षक है।
पशु-पक्षी हमारी संपत्ति नहीं; हमारे गुरु हैं।

जब तक मनुष्य प्रकृति के इस आदर्श को अपनाएगा नहीं, तब तक उसकी प्रगति अधूरी, और उसकी चेतना असंतुलित बनी रहेगी।

# वंदे मातरमः अतीत की शक्ति, वर्तमान का आधार, भविष्य की प्रेरणा



डा मनमोहन प्रकाश
(दैनिक अवन्तिका)

भारत के इतिहास, संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना में यदि किसी एक उद्घोष ने सर्वाधिक ऊर्जा, एकता और आत्मगौरव का संचार किया है, तो वह है वंदे मातरम। यह केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारतीय आत्मा की वह धड़कन है, जिसने स्वतंत्रता संग्राम के कठिनतम क्षणों में लाखों देशभक्तों को शक्ति, साहस और नैतिक दृढ़ता प्रदान की। फांसी के तख़्ते पर चढ़ते हुए वीरों के होंठों पर यही मंत्र था, जेल की यातनाओं को सहते स्वतंत्रता सेनानियों का संबल भी यही रहा। आज यह राष्ट्र की सांस्कृतिक अस्मिता और राष्ट्रीय एकता का अमर प्रतीक है- ऐसा प्रतीक जिस पर न विवाद होना चाहिए, न विभाजन, बल्कि केवल आदर और समर्पण।


वंदे मातरम का इतिहास केवल साहित्यिक नहीं, बल्कि क्रांतिकारी है। उन्नीसवीं शताब्दी में बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित यह गीत 1905 के बंग-भंग आंदोलन के समय जन-क्रांति की धमनी बन गया। इसने बिखरी हुई राष्ट्रीय चेतना को एक सूत्र में बांधा और भारतीयों में स्वाधीनता का विश्वास जगाया।1905 से 1947 तक का पूरा स्वाधीनता संघर्ष इस उद्घोष से ऊर्जा पाता रहा।सत्याग्रहियों के लिए यह सत्य और निर्भीकता का प्रतीक बना;युवाओं के लिए यह समर्पण और नेतृत्व का मार्गदर्शक;और आम भारतीयों के लिए यह देशभक्ति का भावनात्मक स्रोत।कई सेनानी जेल जाते समय, लाठियाँ खाते समय और फांसी चढ़ते समय भी यही उद्घोष बोलते रहे-वंदे मातरम् यह अतीत की वह शक्ति थी, जिसने गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का संकल्प जन-जन में जगाया। आज का भारत तकनीक, रक्षा, विज्ञान, अर्थव्यवस्था और कूटनीति आदि विविध क्षेत्रों में विश्व पटल पर तेजी से उभर रहा है। लेकिन आधुनिक विकास के इस दौर में सामाजिक जिम्मेदारी, सांस्कृतिक आत्मविश्वास और राष्ट्रीय एकता की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है। यह विभिन्न भाषाओं, धर्मों और परम्पराओं को एक साझा भारतीय पहचान में पिरोता है। यह भारत की प्रकृति– नदियों, वनों, खेतों, धरती और मातृभूमि के सौंदर्य का काव्यमय उत्सव है, जो भौतिकतावादी युग में भी संवेदनाओं को जीवित रखता है।

भ्रष्टाचार, पर्यावरण संकट, सामाजिक असमानता और नैतिक विचलन के दौर में यह उद्घोष नागरिक कर्तव्य, अनुशासन और राष्ट्रधर्म की याद दिलाता है। विशेषतः युवाओं के लिए वंदे मातरम् जड़ों से जुड़ने का मार्ग है। यह बताता है कि आधुनिकता का अर्थ अपनी पहचान खो देना नहीं, बल्कि उसे और मजबूत बनाना है।

भविष्य का भारत तकनीकी रूप से अत्याधुनिक होगा, लेकिन उसकी आत्मा भारतीयता में ही रची-बसी रहेगी। वंदे मातरम उसी भारतीयता का शाश्वत प्रतीक है। एक ऐसी प्रेरणादायक ध्वनि, जो समय, परिस्थितियों और पीढ़ियों की सीमाओं से परे है।आने वाले समय में जब भारत वैश्विक मंच पर संस्कृति, ज्ञान, शांति और मानवता के आधार पर नेतृत्व करेगा, तब यह उद्घोष और भी अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगा क्योंकि उस समय यह याद दिलाएगा कि राष्ट्रभक्ति किसी धर्म या जाति की नहीं, बल्कि भारत की साझा विरासत है।यह संकेत देगा कि पर्यावरण संरक्षण केवल वैज्ञानिक आवश्यकता नहीं, बल्कि भारतीय आध्यात्मिक दायित्व है।और यह भाव जगाएगा कि देशभक्ति केवल राजनीतिक विचार नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और नैतिक आदर्श है। इस प्रकार वंदे मातरम भविष्य का वह प्रेरणास्रोत बनेगा, जो प्रगति और परंपरा को संतुलन में रखते हुए भारत को विश्वगुरु बनने की दिशा में मार्गदर्शन देगा। अतः यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगा कि वंदे मातरम केवल स्वतंत्रता आंदोलन का गीत नहीं, बल्कि भारत के राष्ट्रीय चरित्र, सांस्कृतिक चेतना और आध्यात्मिक गौरव का शाश्वत घोष है।अतीत में इसने शक्ति और त्याग का संचार किया,वर्तमान में यह एकता और आत्मविश्वास का आधार है,और भविष्य में यह राष्ट्र की प्रेरणा और चेतना की अमर ध्वनि बना रहेगा।

**धर्म-आस्था**

# राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के कम छंदों पर इतना हंगामा क्यों?



पं.रामगोपाल शर्मा
(दैनिक अवन्तिका)

आजादी के दीवानों का यह गीत ओर गान जिसे गाकर हर भारत वासी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहा था।जिसे गा कर राष्ट्रप्रेमी देश में राष्ट्र प्रेम की अलख जगा रहे थे।ओर भारत देश की अखंडता और एकता की मिशाल दिया करते थे।किन्तु आज हमारे देश के लोगों की भावना कैसी हो गई है। जो वन्देमातरम राष्ट्रगीत को गाने में परहेज कर रहे हैं । और राष्ट्र गीत को धर्म और संप्रदाय से जोड़ कर देखा जा रहा है।जो भारत देश की एकता और अखंडता के लिए चिंता का विषय है।हमारे राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान के कुछ छंदों को कम किया गया है जिस पर हंगामा किया जा रहा है। जो कि निंदनीय है।हमे संपूर्ण भारत वासी को राष्ट्र गीत ओर राष्ट्रगान का सम्मान करना चाहिए।

ऐसा है सम्पूर्ण राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत :

भारत के राष्ट्रगान 'जन गण मन' और राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को 24 जनवरी 1950 को संवैधानिक मंजूरी को मिली थी।

इस दिन, संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने औपचारिक रूप से यह घोषणा की थी कि : 'जन गण मन' भारत का राष्ट्रगान होगा। 'वन्दे मातरम्' को राष्ट्रगीत के रूप में 'जन गण मन' के समान ही दर्जा और सम्मान दिया जाएगा, क्योंकि स्वतंत्रता संग्राम में इसका ऐतिहासिक महत्व रहा है।

संविधान सभा ने यह फैसला बहुत ही सोच समझ कर लिया था लेकिन हमें अब फिर इस पर बहस की जरूरत इसलिए पड़ रही है कि बंगाल में विधानसभा का चुनाव है और हम जताना चाहते हैं कि जो लोग राष्ट्रगीत नहीं गाते, वे कुछ अलग हैं.

दुनिया के कई देशों ने अपने राष्ट्रगान में मूल गीत की केवल कुछ पंक्तियां ही रखी है. हमने भी काफी सोच समझकर राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत के बारे में फैसला लिया था. वैसे दुनिया में सबसे लंबा राष्ट्रगान ग्रीस देश का है। जिसका नाम 'हिम्न टू लिबर्टी' है।

मूल रूप से इस कविता में 158 स्ट्रेंजा हैं, जो दुनिया का सबसे लंबा राष्ट्रीय गान होता, लेकिन ग्रीस अपने आधिकारिक समारोहों में केवल पहले दो छंदों का ही उपयोग करता है।ऐसा ही हमारे राष्ट्र गान और राष्ट्रगीत के साथ है. संविधान सभा ने राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत का जो स्वरूप निर्धारित किया है वह छोटा ही है. यहां पूरा राष्ट्रगान और पूरा राष्ट्रगीत दोनों प्रस्तुत कर रहा हूं.

जन-गण-मन अधिनायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता
पंजाब-सिन्धु-गुजरात-मराठा
द्राविड़-उत्कल-बंग
विन्ध्य-हिमाचल-यमुना-गंगा
उच्छल-जलधि-तरंग
तव शुभ नामे जागे
तव शुभ आशिष मागे
गाहे तव जय-गाथा
जन-गण-मंगलदायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता
जय हे, जय हे, जय हे
जय जय जय जय है।
पतन-अभ्युदय-बन्धुर पंथा
युग युग धावित यात्री
हे चिर-सारथि, तव रथचक्रे मुखरित
पथ दिन-रात्रि
दारुण विप्लव-माझे
तव शंखध्वनि बाजे
संकट-दुख-त्राता
जन-गण-ऐक्य-विधायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता
जय हे, जय हे, जय हे
जय जय जय जय है।
घोर-तिमिर-घन-निविड़ निशीथे
पीड़ित मूर्च्छित देशे
जाग्रत छिल तव अविचल मंगल
नतनयने अनिमेषे
दुह्स्वप्ने आतंके
रक्षा करिले अंके
स्नेहमयी तुमि माता
जन-गण-दुःख-त्रायक जय हे
भारत-भाग्य-विधाता
जय हे, जय हे, जय हे
जय जय जय जय हे` 3
रात्रि प्रबुद्ध तारक-मालिका
तव चरणे नत मस्तक
जय जय जय हे, जय राजेश्वर
भारत-भाग्य-विधाता
तव करुणा-आरती-आलोके
दिवस-रजनी तव चरणे प्रणति
तव पूजा-आरती-आलोके
हे चिर-शरण्य, तव चरणे नमि चरणे
भारत-भाग्य-विधाता
जय हे, जय हे, जय हे
जय जय जय जय हे।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2250-2950, चना काबली- 3026-8251, चना बड़ा- 4749-5790, बटला- 2400-4150, राई- 6260, सोयाबीन- 1875-5551, राजमा- 6500, मावा- 280 प्रतिकिलो। सोना-चाँदी- सोना-स्टेण्डर्ड- 1,31,800, रवा- 1,319,600 चांदी-टंच- 1,85,500 पाट- 1,84,800।

## उज्जैन किराना

**अशोक कुमार भगवानदास**

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मुंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## एसडीएम की उपस्थिति में स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित कर खिलाई मिठाई

**महिदपुर रोड।** ग्राम के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में एसडीएम अजय हिंगे की उपस्थिति में स्कूली बच्चों को स्वेटर वितरित किये गये इस दौरान जनपद पंचायत की सीईओ मीना झा सहित ग्राम पंचायत के सरपंच सुमरत राठौड़ बालू सिंह पटेल दशरथ राठौड़ कु शाल सिंह, लाल सिंह चौहान, जीवन सिंह चौहान आदि उपस्थित रहे। स्कूली बच्चों को स्वेटर पटवारी संघ के तत्वा धान में अनुविभागीय अधिकारी की प्रेरणा से वितरित किये गये पटवारी संघ महिद पुर अध्यक्ष व ग्राम पटवारी महेश जो शी का सहयोग रहा। अतिथियों का स्वागत विद्यालय के प्रधानाध्यापक सेवाराम सोनगरा तथा शिक्षिका रुचि पाठक ने किया आदि, शिक्षकगण की गरिमामयी उपस्थिति मे शाला के विद्यार्थियों को स्वेटर व मिष्ठान वितरित कर प्रोत्साहित किया गया।

## देहदान के संकल्प पर पूर्व पटवारी दीनदयाल परमार का सम्मान किया

### 65 मरीजों की आंखों की जांच की



**शुजालपुर।** सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय संत हिरदाराम नगर द्वारा नेत्रदानी स्वर्गीय पदमा देवी चौधरी की स्मृति में रमन लाल चौधरी, मनीष चौधरी, सार्थक चौधरी परिवार के सहयोग से निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर सेवा सदन नेत्र जांच केंद्र सरकारी अस्पताल के सामने शुजालपुर मंडी में संपन्न हुआ, जिसमें 65 मरीजों की आंखों की जांच डॉक्टर जसवंत यादव व नेहा सोनी ने कर 12 मरीजों का चयन ऑपरेशन के लिए किया। इस शिविर में पूर्व पटवारी दीनदयाल परमार द्वारा मृत्यु उपरांत देहदान का संकल्प पत्र भरने पर उनका सम्मान किया गया। सेवा सदन केंद्र प्रभारी खुशीराम आचार्य, हरिनारायण परमार, गंगाधर शर्मा, राजेंद्र कात्यानी, रितेश चौधरी, प्रवीण जैन, अभिषेक चौधरी का सहयोग रहा।

## नंदराम गौशाला लंकोड़ीया में नारायण यादव के आगमन पर स्वागत किया



**खाचरौद।** नगर के ग्राम लेकोड़ीया में स्थित श्री नंदराज गौधाम गौशाला में मुख्यमंत्री के बड़े भाई नारायण यादव का आगमन हुआ। उन्होने गौशाला के निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया गया। गौशाला समिति द्वारा नारायण यादव का पुष्पमाला से स्वागत किया गया। गौशाला का कार्य व सुविधा को देखकर संतुष्ट हुवें। यादव ने कहा कि गौशाला का कार्यप्रणाली बहुत सुंदर है गौशाला समिति के कार्य को साधुवाद दिया गया। गौशाला में सभी के सहयोग से बन रहे शेड का भी निरीक्षण किया गया। ततपश्चात समिति को कहा कि गौशाला के लिये जो भी आवश्यक सुविधा हो उसके लिये में तत्पर हुॅ और निर्माण के लिसे प्रस्ताव बताये निश्चित ही शासन से इसे और भी मुलभुत सुविधा दी जायेगी। इस अवसर पर जितेन्द्रसिंह तॅवर, समाजाजिक नेता हेमंत निगम आदि समिति के सदस्यगण उपस्थि रहे।

### कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया

# ड्यूटी से गायब डॉक्टर और नर्स पर होगी कार्रवाई, कलेक्टर ने मरीजों से भी की बात

दैनिक अवन्तिका ▶▶ देवास

देवास कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने शुक्रवार देर रात जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के वार्डों में जाकर मरीजों से उनके उपचार, सुविधाओं और समस्याओं के बारे में सीधे जानकारी ली। निरीक्षण के बाद कलेक्टर ने अस्पताल प्रबंधन को आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान कुछ वार्डों में डॉक्टर और नर्स ड्यूटी से अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर सिंह ने इसे गंभीरता से लिया है। उन्होंने विशेष रूप से एसएनसीयू



वार्ड (शिशु गहन चिकित्सा इकाई) और मेटरनिटी सेक्शन (मातृत्व अनुभाग) का निरीक्षण किया, जहां डॉक्टर और स्टाफ नर्स ड्यूटी से गायब मिले।

### लापरवाह स्टाफ पर कार्रवाई के निर्देश

ड्यूटी से अनुपस्थित मिले संबंधित स्टाफ के खिलाफ कलेक्टर सिंह ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### रसोई घर का भी लिया जायजा

कलेक्टर ने अस्पताल में मरीजों के लिए खाना बनने वाले रसोई घर (किचन) का भी निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस औचक निरीक्षण के दौरान कलेक्टर के साथ तहसीलदार सपना शर्मा और आरएमओ अजय पटेल सहित अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित थे।

### सुठालिया बायपास पर हो रहे भीषण सड़क हादसे

# प्रशासन को कही बड़े हादसे या नागरिकों के उग्र प्रदर्शन का इंतजार तो नहीं

### सड़क दुर्घटना में एक महिला व बच्चा हुआ घायल

दैनिक अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा



राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर शासन-प्रशासन द्वारा सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत विशेष अभियान चला कर काफी प्रयास किए गए। शासन का लाखों रुपया भी बर्बाद किया गया मगर परिणाम वही ढाक के तीन पात वाले नजर आए, शहर का बगैर नाली निर्माण किये एकमात्र सुठालिया बायपास मार्ग जहां पर गंदा पानी भरा होने के कारण आए दिन भीषण दुर्घटनाएं होती रहती हैं भीषण सड़क हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल भी हो गए स्थानीय प्रशासन को या तो किसी बड़े हादसे का इंतजार होगा या फिर नागरिकों के सड़क पर उतर कर उग्र प्रदर्शन का यह तो आने वाला समय ही बताएगा। ऐसा लगता है मानो प्रशासन किसी बड़े हादसे के बाद ही जागेगा और हमेशा की तरह छुटपुट कार्रवाई कर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर देगा फिलहाल आज सुबह एक बाइक सवार सड़क हादसे का शिकार हो गया उक्त सड़क दुर्घटना में एक महिला और बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया गनीमत रही कि सड़क हादसों में अभी तक किसी के सिर में गंभीर चोट नहीं आई वरना अस्पताल तक ले जाना मुश्किल हो जाएगा। सुठालिया बाईपास से परेशानियों को झेलते हुए प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारी मंत्री और नेता निकलते रहते हैं। वहीं सड़क दुर्घटनाएं भी लोगों के जान माल के साथ खिलवाड़ कर रही है। कई बार तो प्रशासनिक अधिकारी और सत्ता दल के नेता आक्रोशित भीड़ को देखते हुए पतली गली से निकल लेते हैं। मगर सड़क पर भरे गंदे पानी को नाली निर्माण करवा कर निकलवाने की जुगत नहीं करते।




### जांच उपरांत उम्मीदवारों की सूची जारी

## अभिभाषक संघ चुनाव, अध्यक्ष पद के लिए 5 प्रत्याशी, नाम वापसी 16 तक

**शुजालपुर।** अभिभाषक संघ शुजालपुर निर्वाचन अधिकारी ओमप्रकाश पाटीदार ने बताया कि निर्वाचन कार्यक्रम तहत 5 दिसम्बर से नाम निर्देशन पत्र जमा करना प्रारंभ हो गए थे और नाम निर्देशन पत्र 9 दिसम्बर की शाम 5 बजे तक जमा किए गए। अभ्यार्थियों के प्राप्त आवेदनों की सूची का प्रकाशन 10 दिसम्बर को हुआ तथा उम्मीदवारों की योग्यता आदि पर आपत्तियां 11 दिसम्बर को ली गई। उम्मीदवारों की सूची पर प्राप्त आपत्तियों का निराकरण शुक्रवार को किया गया, इसके उपरांत अंतिम सूची का प्रकाशन हुआ। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अभ्यार्थी अजयपाल का नाम राज्य अधिवक्ता परिषद द्वारा प्रेषित फोटोयुक्त मतदाता सूची में नहीं होने के कारण यह नाम निर्देशन पत्र अस्वीकार किया गया। अभ्यार्थियों द्वारा नाम वापसी 16 दिसम्बर की शाम 5 बजे तक की जा सकेगी, उसके उपरांत अंतिम सूची का प्रकाशन होगा। अभिभाषक संघ के लिए मतदान 23 दिसम्बर को प्रातः 10.30 से शाम 4 बजे तक होगें एवं मतदान उपरांत मतगणना कर परिणामों की घोषणा की जाएगी।

## भौंरासा टोल नाके पर गाड़ी की टक्कर से युवक की मौत

**देवास।** देवास के भोपाल रोड पर भौंरासा टोल नाके के पास सोमवार शाम एक सड़क हादसे में युवक की मौत हो गई। उनकी बाइक को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। जानकारी के अनुसार, 27 वर्षीय संदीप जाट सोनकच्छ थाना क्षेत्र के ग्राम बावई का निवासी था और वह भौंरासा टोल नाके से घर लौट



रहा था। तभी अज्ञात वाहन की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी दौरान टोल नाके की एम्बुलेंस से उसे तुरंत जिला चिकित्सालय ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। युवक टोल नाके पर वाहनों के लिए पीयूसी (प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र) बनाने का काम करता था। उसके परिवार में दो छोटे बच्चे हैं और पिता कृषक हैं। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## रास्ता रोककर मारपीट की

**शुजालपुर।** मंडी पुलिस थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम जामनेर में एक ग्रामीण का रास्ता रोककर दो लोगों ने मारपीट की। पुलिस को फरियादी सुरेन्द्र उर्फ पप्पु गेहलोत पिता मानसिंह गेहलोत निवासी निपानिया ने शिकायत करते हुए बताया कि वह अपने गांव से जामनेर काम से जा रहा था तभी शुक्रवार की दोपहर 2 बजे जामनेर कब्रिस्तान के सामने शाहजाद पिता इकबाल खां आया और रास्ता रोककर मोटर साईकल के सामने खडा हो गया। साथ ही सालिब भी आ गया और दोनों ने गालियां देते हुए लोहे की पत्ती व हाथ मुक्कों से मारपीट की, जिससे शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटे आई। दोनों आरोपी मारपीट करने के बाद धमकाते हुए चले गए। पुलिस ने शिकायत पर आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया।

## मंडी में सोयाबीन की आवक कम होने लगी चना कांटा 5200 तक बिका

**शुजालपुर।** एक पखवाडे पूर्व जहां शुजालपुर स्थित कृषि उपज मंडी में सोयाबीन की बम्पर आवक हो रही थी वहीं अब धीरे-धीरे सोयाबीन की आवक कम होने लगी है। अनाज मंडी में शुक्रवार को सोयाबीन की आवक 2728 क्वींटल की रही और भाव 2 हजार से 4561 रुपए तक रहे। मंडी में गेहूं 2300 से 2550, चना सफेद 5100 से 8421, चना मौसमी 5000 से 5340, चना कांटा 4800 से 5200, मसूर 5200 से 6256 रुपए प्रति क्वींटल तक बिकी और अनाज मंडी में कुल आवक 3847 क्वींटल की रही। उधर सिटी स्थित फल सब्जी मंडी में 6 हजार क्वींटल प्याज आया और अधिकतम 1750 रुपए बिका, लहसुन की आवक 2400 क्वींटल रही और अधिकतम दाम 11500 रुपए प्रति क्वींटल रहे।

**संशोधित जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि राजेश राठौर पिता रमेश राठौर जाति तेली निवासी हरसोला महु कृषक शिवगढ जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम शिवगढ तहसील एवं जिला आगर मालवा में सर्वे न. 423 रकबा 0.470, 424 रकबा 1.000, 448/2 रकबा 1.230 हैक्टेयर कुल किता 03 कुल रकबा 2.700 हैक्टयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि को लीज करने का सोदा 29 वर्ष 11 माह के लिए भूमि स्वामी से किया है, उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा लीज पर ली जा रही है, किसी भी व्यक्ति, संस्था फर्म, बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व हित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है, या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त भुमि का लीज पत्र पंजीजन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो । इति दिंनाक :- 13/12/2025

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**डाक बंगला रोड सुसनेर जिला आगर मालवा**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

**संशोधित जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि लाखनसिंह पिता लालसिंह जाति भाट निवासी शिवगढ कृषक शिवगढ जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम शिवगढ तहसील आगर मालवा जिला आगर मालवा में सर्वे न. 390/1/1/2 रकबा 1.470 हैक्टेयर भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि को लीज करने का सोदा 29 वर्ष 11 माह के लिए भूमि स्वामी से किया है, उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा लीज पर ली जा रही है, किसी भी व्यक्ति, संस्था फर्म, बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व हित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है, या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त भुमि का लीज पत्र पंजीजन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो। इति दिंनाक :- 11/12/2025

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**डाक बंगला रोड सुसनेर जिला आगर मालवा**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

**संशोधित जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि देवीसिंह पिता बनेसिंह जी जाति भाट पता शिवगढ कृषक शिवगढ जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम शिवगढ तहसील आगर मालवा जिला आगर मालवा में सर्वे न. 390/1/1/4 रकबा 0.730 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि को लीज करने का सोदा 29 वर्ष 11 माह के लिए भूमि स्वामी से किया है, उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा लीज पर ली जा रही है, किसी भी व्यक्ति, संस्था फर्म, बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व हित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है, या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त भुमि का लीज पत्र पंजीजन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो। इति दिंनाक : 11/12/2025

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**डाक बंगला रोड सुसनेर जिला आगर मालवा**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

**संशोधित जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि शेख मोहम्मद पिता शफी मोहम्मद जाति मुसलमान, पता शिवगढ कृषक शिवगढ जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम शिवगढ़ तहसील आगर मालवा जिला आगर मालवा में सर्वे न. 448/1 रकबा 1.350 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि को लीज करने का सोदा 29 वर्ष 11 माह के लिए भूमि स्वामी से किया है, उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा लीज पर ली जा रही है, किसी भी व्यक्ति, संस्था फर्म, बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व हित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है, या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त भुमि का लीज पत्र पंजीजन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो । इति दिंनाक :- 11/12/2025

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**डाक बंगला रोड सुसनेर जिला आगर मालवा**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

**संशोधित जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि अबरार पिता सत्तारखॉ, साईन पिता सत्तार खॉ, तमन्ना बी पति सत्तार खॉ सर्व जाति पिंजारा, सर्व निवासी शिवगढ कृषक शिवगढ जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम शिवगढ तहसील आगर मालवा जिला आगर मालवा में सर्वे न, 403/4 रकबा 0.110, 411/1 रकबा 0.060, 466/5 रकबा 0.180 कुल किता 03 कुल रकबा 0.350 हैक्टेयर भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि को लीज करने का सोदा 29 वर्ष 11 माह के लिए भूमि स्वामी से किया है, उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा लीज पर ली जा रही है, किसी भी व्यक्ति, संस्था फर्म, बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व हित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है, या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त भुमि का लीज पत्र पंजीजन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो । इति दिंनाक :- 11/12/2025

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**डाक बंगला रोड सुसनेर जिला आगर मालवा**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

**संशोधित जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि वली मोहम्मद पिता सुभान खॉ जाति पिंजारा पता शिवगढ कृषक शिवगढ जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम शिवगढ तहसील आगर मालवा जिला आगर मालवा में सर्वे न. 390/2/2 रकबा 4.000 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि को लीज करने का सोदा 29 वर्ष 11 माह के लिए भूमि स्वामी से किया है, उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा लीज पर ली जा रही है, किसी भी व्यक्ति, संस्था फर्म, बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व हित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है, या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त भुमि का लीज पत्र पंजीजन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो । इति दिंनाक :- 11/12/2025

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**डाक बंगला रोड सुसनेर जिला आगर मालवा**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

**संशोधित जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि सफी खों पिता नबीबक्ष जाति पिंजारा पता शिवगढ कृषक शिवगढ जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम शिवगढ तहसील आगर मालवा जिला आगर मालवा में सर्वे न. 410/1 रकबा 0.050, 411/2 रकबा 0.120, 466/1 रकबा 0.180 कुल किता 03 कुल रकबा 0.350 हैक्टेयर भूमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि को लीज करने का सोदा 29 वर्ष 11 माह के लिए भूमि स्वामी से किया है, उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा लीज पर ली जा रही है, किसी भी व्यक्ति, संस्था फर्म, बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व हित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है, या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त भुमि का लीज पत्र पंजीजन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो । इति दिंनाक :- 11/12/2025

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**डाक बंगला रोड सुसनेर जिला आगर मालवा**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

**संशोधित जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि हकिम पिता नबीबक्ष जाति पिंजारा, पता शिवगढ कृषक शिवगढ जिला आगर मालवा म.प्र. की मालिक व कब्जे की भुमि जो की ग्राम शिवगढ तहसील आगर मालवा जिला आगर मालवा में सर्वे न. 410/2 रकबा 0.170, 466/2 रकबा 0.180 कुल किता 02 कुल रकबा 0.350 हैक्टेयर भुमि राजस्व रिकार्ड में दर्ज है।

मेरे पक्षकार ने उक्त भुमि को लीज करने का सोदा 29 वर्ष 11 माह के लिए भूमि स्वामी से किया है, उक्त भुमि जो मेरे पक्षकार द्वारा लीज पर ली जा रही है, किसी भी व्यक्ति, संस्था फर्म, बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व हित अधिपत्य, बंधक, जमानत, या अन्य प्रकार का भार है, या किसी के पास अंतरण की हुई हो या किसी भी व्यक्ति संस्था फर्म बैंक या अन्य किसी वित्तीय संस्था का कोई स्वत्व आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मय आपत्ति प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में आकर मिले व उक्त अवधि के पश्चात किसी की कोई आपत्ति मान्य नही की जावेगी व उक्त भुमि का लीज पत्र पंजीजन करवा लिया जावेगा सो सुचित हो । इति दिंनाक :- 11/12/2025

**केशव शास्त्री अधिवक्ता**
**डाक बंगला रोड सुसनेर जिला आगर मालवा**
**मोबा. 8269266222, 8251026461**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने चौधरी सिराज मोहम्मद पिता स्वर्गीय ताज मोहम्मद, निवासी मकान नंबर 151, चन्द्रशेखर आजाद मार्ग. उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन कमांक 153, आर्य समाज मार्ग, उज्जैन को क्रय करने का सौदा किया है, जिसके बयाना स्वरूप रुपए भी प्राप्त कर लिये है। उक्त मकान की चर्तुःसीमा निम्नानुसार हैं - पूर्व दिशा में सड़क आर्य समाज मार्ग तथा मकान की चौड़ाई 16 फीट, पश्चिम दिशा में 17 फीट, दक्षिण में 78 फीट, उत्तर में 78 फीट कुल 1287 वर्गफीट है। पूर्व में सड़क सरकारी, पश्चिम में बाड़ा खुला व मकान नंबर 153 के खिड़की दरवाजे व गैलरी है, जिसका सुखाधिकार मकान नंबर 153 को प्राप्त है। दक्षिण में ऊँकार जी माली का मकान अग्रवाल प्रेस की दुकान खुली है। उत्तर में दिलीप सेंव वाले का मकान है। उक्त मकान में किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस विज्ञप्ति से 15 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद गियाद के कोई आपत्ति मान्य नहीं की जायेगी।

नोट :- मकान नंबर 153 के पैसेज संबंध में एक वाद प्रियंका सोनी कोर्ट नंबर 3 उज्जैन के न्यायालय में वाद क्रमांक ए-593/2024 सिराज मोहम्मद विरूद्ध सुंदरलाल पर विचाराधीन है। इसके अतिरिक्त कोई आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें।

**अनिल कुमावत एडव्होकट**
**30-31, सिद्धसेन मार्ग (रामघाट) उज्जैन**
**मोबा. 9098490905**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मेसर्स सिमेन्ट पाइप एण्ड पोल्स, पता प्लॉट नं. 64-65, इण्डस्ट्रीयल एरिया, मक्सी रोड, वार्ड नं. 40, उज्जैन (म. प्र.) पंजीयन क्रमांक 851 दिनांक 27/01/1989 है।

जिसमें दिनांक 01/05/2025 को फर्म का नाम मेसर्स सिमेन्ट पाइप एण्ड पोल्स परिवर्तन कर फर्म का नवीन नाम CEMENT PIPES AND POLES किया गया है।

तथा जिसमें दिनांक 01/05/2025 को फर्म का पता प्लॉट नं. 64-65, इण्डस्ट्रीयल एरिया, मक्सी रोड, वार्ड नं. 40, उज्जैन (म. प्र.) के स्थान पर नवीन पता 64-65, Industrial Area, Maksi Road, Ujjain (M.P.) पर हो गया है।

वर्तमान में फर्म CEMENT PIPES AND POLES, Address 64-65, Industrial Area, Maksi Road, Ujjain (M.P.) नवीन नाम व पते से ही कार्य करेगी।

तथा जिसमें दिनांक 01/05/2025 को विनीत जिन्दल पिता स्व. श्री कृष्ण कुमार जी जिन्दल, पता 55, दशहरा मैदान, उज्जैन, तहसील उज्जैन, जिला उज्जैन (म. प्र.) को नये भागीदार के रूप में फर्म CEMENT PIPES AND POLES, Address 64-65, Industrial Area, Maksi Road, Ujjain (M.P.) में प्रवेश हुआ है।

वर्तमान में इस फर्म CEMENT PIPES AND POLES में निम्न भागीदार रहेगे।

**(1) मधु जिन्दल**
**(2) अमित जिन्दल**
**(3) विनीत जिन्दल**

**जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती समता पत्नि धर्मेन्द्र परमार निवासी 10/7, रामघाट मार्ग, उज्जैन से उनके स्वामित्व के मकान जिसका क्रमांक 217, का दक्षिण दिशा वाला भाग विजय नगर, ग्राम उंडासा तहसील व जिला उज्जैन रहा है। जिसका कुल क्षेत्रफल 34.66 वर्गमीटर हैं, जो कि तीन मंजिला बना हुआ है, जिसको क्रय करने का तय पाया है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त मकान के विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराई जाना है। उक्त मकान के विक्रय के सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या किसी का कोई ऋण, भार हो या किसी बैंक या अन्य वित्तीय संस्था में भारीत किया हुआ हो या उक्त मकान में स्वत्व हित निहित हो, तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 (सात) दिन की अवधि के अन्दर मुझे लिखित में सप्रमाण आपत्ति प्रस्तुत करे, अन्यथा इस अवधि के बाद मेरे पक्षकार द्वारा उक्त मकान को क्रय किये जाने के सम्बन्ध में शेष पूर्ण विक्रय मूल्य चुकाकर विक्रय पत्र की रजिस्ट्री कराली जावेगी व बाद में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। कृपया सूचित हो।

इति दिनांकः 13/12/2025 ई., स्थान उज्जैन

**मेहुल दुग्गड़**
**अभिभाषक 1. युवराज लाईब्रेरी की गली, छत्रीचौक, उज्जैन**
**मोबा. 79871-95622, 94250-91829**

न्यूज-कॉलम

## भारतीय मजदूर संघ ने मनाया स्वदेशी दिवस

**नीमच।** को स्वदेशी दिवस के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के द्वारा बिजली कर्मचारी महासंघ के कार्यालय विद्युत विभाग परिसर में जिला स्तरीय संगोष्ठी एवं व्याख्यान आयोजित कर मनाया स्वदेशी दिवस जिसमे भारतीय मजदूर संघ के पदाधिकारियों कार्यकर्ता साथीयों को हर घर स्वदेशी अभियान के तहत स्वदेशी उत्पादों के प्रचार-प्रसार हेतु संकल्प दिलाया गया इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ जिलाध्यक्ष नितिन साहू ने बताया कि 12 दिसंबर को भारतीय मजदूर संघ स्वदेशी दिवस के रूप में मनाता है इस दिन महाराष्ट्र के बाबू गेनू जी जिन्होंने 1930 में विदेशी कपड़ों से लदे ट्रक के नीचे लेटकर विदेशी माल के बहिष्कार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। स्वदेशी आंदोलन के दौरान विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के लिए अपनी जान दे दी थी, और लोगों को स्वदेशी उत्पादों क उपयोग के लिए जागरूक किया था और भारतीय मजदूर संघ भी निरंतर आज ही के दिन लोगों को स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करने ओर विदेशी उत्पादों का बहिष्कार करने व देश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए आह्वान (अपील) करता है!

## मुख्यमंत्री ने किया विक्रमादित्य स्वागत द्वार का भूमि पूजन

**रतलाम/ भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अपने मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल के दो वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इंदौर-भोपाल सड़क मार्ग पर फंदा ग्राम के पास राजधानी भोपाल के प्रवेश द्वार के रूप में विक्रमादित्य स्वागत द्वार का भूमि पूजन किया और पीएम ई-बस सेवा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने भोपाल की जनता को सड़क, स्कूल एवं कॉलेज भवन सहित अनेकों सौगात दी। मुख्यमंत्री के साथ भोपाल के प्रभारी व एमएसएमई मंत्री चेतन्य कुमार काश्यप, विधायक रामेश्वर शर्मा, भगवान दास सबनानी, महापौर श्रीमती मालती राय सहित अन्य पदाधिकारीगण मंचासीन रहे।

## संत श्री कमल किशोरजी के मुखारविंद से भागवत कथा 16 दिसंबर को

**पिपलिया मंडी।** मल्हारगढ़ जनपद



पंचायत अंतर्गत गांव नारायणगढ़ में मालव माटी के राष्ट्रीय संत पंडित कमल किशोर जी नगर के मुखारविंद से 16 दिसंबर 25 से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन दोपहर 12 बजे से मनासा रोड खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं से आग्रह किया है कि अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेवे।

## जीरन महाविद्यालय टीम ने किया स्कूलों का भ्रमण

**नीमच।** प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग, के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय जीरन द्वारा "कॉलेज चलो अभियान" का शुभारंभ किया गया । इसके तहत जीरन महाविद्यालय परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरन, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरन, ज्ञानसरोवर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरन का भ्रमण किया गया। 12वीं कक्षा में अध्ययनरत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के महत्व, प्रवेश प्रक्रिया और शासन की योजनाओं से अवगत कराने के उद्देश्य आयोजित इस अभियान क तहत विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की ओर सम्पूर्ण मानस के साथ अग्रसर होंने के लिए प्रेरित किया जा रहा है ।

## रतलाम रेल मंडल जनसंपर्क अधिकारी ने मीडिया से चर्चा की

**नीमच।** पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा शुक्रवार को नीमच पहुंचे। इस दौरान पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत नीमच रेलवे स्टेशन का लगभग 90 प्रतिशत विकास कार्य पूरा हो चुका है। वर्ष 1880 में निर्मित इस ऐतिहासिक स्टेशन को उसकी पारंपरिक पहचान बनाए रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जा रहा है। श्री मीणा ने बताया कि स्टेशन के व्यापक विकास पर लगभग 3 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। डेढ़ सौ वर्ष पुराने स्टेशन की मूल विरासत को सुरक्षित रखते हुए थीम आधारित निर्माण और सौंदर्यीकरण किया गया है। स्टेशन पर लिफ्ट लगाने का कार्य अंतिम चरण में है तथा क्लॉक टावर का रिनोवेशन उसके मूल स्वरूप को संरक्षित रखते हुए पूरा किया जा चुका है।

# जिले में दो वर्षों में जल जीवन मिशन के अंतगत 2 लाख 40 हजार से अधिक ग्रामीण नल-जल कनेक्शन- प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया

## 2 वर्ष की उपलब्धियां पर आधारित पुस्तक का हुआ विमोचन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर




विगत दो वर्षों में मंदसौर जिले में धार्मिक, पर्यटन, औद्योगिक, कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, नगरीय एवं ग्रामीण विकास के क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की गई हैं। भगवान श्री पशुपतिनाथ मंदिर परिसर में लगभग 25 करोड़ रुपए की लागत से पशुपतिनाथ लोक का निर्माण लगभग पूर्णता की ओर है। सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत जिले में 61.62 करोड़ रुपए की लागत से 5 निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं।

उक्त बात जिले की प्रभारी मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित सुशासन भवन सभागार में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक एवं प्रेस वार्ता में राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर मंदसौर जिले में अब तक किए गए विकास कार्यों, योजनाओं की प्रगति तथा उपलब्धियों को बताते हुए कही। इस दौरान प्रभारी मंत्री ने 2 वर्ष की उपलब्धियां पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया।

सुश्री भूरिया ने कहा कि जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले के सभी 922 ग्रामों में 2 लाख 40 हजार से अधिक ग्रामीण नल जल कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं तथा लगभग 1332 करोड़ रुपए की नल जल योजनाओं के कार्य प्रगतिरत हैं। इसके साथ ही गांधीसागर जल विद्युत गृह की 115 मेगावाट क्षमता की इकाइयों के नवीनीकरण एवं आधुनिकीकरण हेतु 418.91 करोड़ रुपए की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है। मंदसौर जिला मुख्यालय पर श्री सुंदरलाल पटवा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय अक्टूबर 2024 से 100 सीट्स के साथ प्रारंभ किया गया है, जहां वर्तमान में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के कुल २०० छात्र अध्ययनरत हैं। इसके अलावा जिले में १३ सांदीपनि विद्यालयों की स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनमें से अधिकांश भवनों का निर्माण पूर्ण हो चुका है। कृषि एवं किसान कल्याण के क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के अंतर्गत जिले के 2 लाख 19 हजार से अधिक किसानों को 43.96 करोड़ रुपए की राशि वितरित की गई है। सोयाबीन भावांतर भुगतान योजना के अंतर्गत 8,803 किसानों को सिंगल क्लिक के माध्यम से 10.20 करोड़ रुपए की राशि उनके बैंक खातों में जमा कराई गई है। अतिवृष्टि एवं फसल क्षति पर जिले को 267.29 करोड़ रुपए की राहत राशि आवंटित की गई है। औद्योगिक विकास को गति देने हेतु जिले में 331.47 हेक्टेयर भूमि पर नवीन औद्योगिक क्षेत्रों का विस्तार किया गया है। कृषि उद्योग समागम 2025 का आयोजन मंदसौर में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की उपस्थिति में किया गया, जिसमें ३,600 करोड़ रुपए का पूंजी निवेश हुआ तथा लगभग 12,500 लोगों को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के अंतर्गत विगत दो वर्षों में 487 हितग्राहियों को 335.39 करोड़ रुपए का ऋण प्रदान कर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। नगरीय एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत अमृत 2.0 योजना में 194.82 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत 10,166 आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत भवन, सामुदायिक भवन, ग्राम सड़क, प्रधानमंत्री आवास (ग्रामीण) सहित 50,512 विकास कार्यों के लिए 810.01 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इस दौरान सांसद बंशीलाल गुर्जर, कलेक्टर अदिती गर्ग, एसपी विनोद कुमार मीना, सुवासरा विधायक, जिला योजना समिति सदस्य राजेश दीक्षित, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर आदि भी उपस्थित रहे।

# खेल चेतना मेला में सबसे अधिक सहभागिता करने वाले स्कूल होंगे पुरस्कृत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



क्रीड़ा भारती एवं चेतन्य काश्यप फाउंडेशन द्वारा 20 से 23 दिसंबर तक आयोजित होने वाले खेल चेतना मेला की तैयारी शुरू हो गई है। खेलों का यह महाकुंभ फाउंडेशन अध्यक्ष एवं सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप के नेतृत्व में आयोजित होगा। जिस विद्यालय के सर्वाधिक खिलाड़ी खेल चेतना मेला के खेलों में भागीदारी करेंगे, उन्हें विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

साथ ही खेल चेतना मेला में जो विद्यालय 16 खेलों के सभी वर्गों में सहभागिता करेंगे उन्हें भी विशेष पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इस बार बालिका क्रिकेट आकर्षण का केंद्र रहेगा। खेलों के इस महाकुंभ को लेकर नेहरू स्टेडियम सहित शहर के विभिन्न खेल मैदानों पर तैयारी शुरू हो गई है। इनका जायजा लेने के लिए आयोजन समिति सचिव मुकेश जैन, क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष डॉ. गोपाल मजावदिया, सचिव अनुज शर्मा, खेल संयोजक आर सी तिवारी, खेल अधिकारी रुचिका शर्मा, जितेंद्र धुलिया एवं खेल संयोजकगण मैदान पर पहुंचे।

खेल चेतना मेला आयोजन समिति सचिव मुकेश जैन ने समस्त अभिभावकों, स्कूल संचालक व प्राचार्यों से आव्हान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेल स्पधाओं में शामिल होने के लिए प्रेरित कर मैदान तक लाए। खेल मेला में 7 हजार से अधिक बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित होगी।

स्पर्धा शहर के नेहरू स्टेडियम, अंबेडकर खेल मैदान, रेलवे सीनियर इंस्टीट्यूट, रेलवे खेल मैदान, शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खेल मैदान, संत कंवर राम नगर, लॉ कॉलेज सहित विभिन्न खेल मैदानों पर आयोजित होगी। इनमें योग, बास्केटबॉल, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, एथलेटिक्स, कबड्डी, खो-खो, क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी, कुश्ती, व्हॉलीबॉल, शतरंज, मलखंब, स्केटिंग, शूटिंग की स्पधाएं आयोजित होगी।



## नीमच के दंपति की तीन वाहनों की टक्कर में वैन सवार दम्पति सहित 3 की मौत

**नीमच।** शुक्रवार को राजस्थान के निंबाहेड़ा के समीप देर रात 11 बजे तीन वाहनों की टक्कर में युवा दंपत्ति की दुखद मौत हो गई। ग्रामीणों और निंबाहेड़ा पुलिस के अनुसार, यह हादसा निंबाहेड़ा फोरलेन बाईपास पर स्थित बडौली माधोसिंह सर्कल (वसुंधरा मल्टी) के पास हुआ। घटना की मिली जानकारी अनुसार एमपी के मंदसौर नंबर की पिकअप गाड़ी का टायर पंचर हो गया। सड़क किनारे पिकअप का ड्राइवर, बसंती लाल प्रजापत, गाड़ी खड़ी करके टायर बदल रहा था। रात का अंधेरा और तेज रफ्तार चित्तौड़गढ़ की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार वैन ने सड़क पर खड़ी पिकअप को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस भीषण टक्कर से वैन वहीं रुक गई तभी वैन के ठीक पीछे आ रही एक तेज रफ्तार महिंद्रा थार जीप ने वैन को पीछे से ठोक दिया। आगे लोहे की भारी पिकअप और पीछे लोहे की मजबूत थार- इन दोनों के बीच में वैन पूरी तरह पिचक गई। सैंडविच बन गई। इस वैन में सवार दंपती को संभलने का समय भी नहीं मिला।

# श्रावक को स्वाध्याय एवं धार्मिक क्रियाओं में मन को लगाना चाहिये -आचार्य श्री

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर

भौतिक सुख साधन केवल ब्राह्य क्षणिक सुख प्रदान कर सकते है, लेकिन आत्मिक सुख शांति जो आत्मा का वास्तविक सुख है वो आध्यात्मक के बिना संभव नहीं, प्रत्येक श्रावक को प्रतिदिन देवदर्शन, अभिषेक, पूजन, साधु संतों के आहार, स्वाध्याय एवं धार्मिक क्रियाओं में मन को लगाना चाहिये, क्योंकि मन बड़ा चंचल होता है, मन को ध्यान योग से लगाकर सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान व सम्यक चारित्र के द्वारा ही आत्मिक शांति प्राप्त हो सकती है।

उक्त विचार श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन समवशरण मंदिर तार बंगला मंदिरजी में विराजीत आचार्य श्री आर्जव सागरजी ने धर्मसभा में कहे। आचार्य श्री ने बताया कि तीर्थंकरों के पास असंख्यात सांसारिक वैभव होते हुए भी उन्होंने सब कुछ त्यागकर आत्मिक शांति से ध्यानस्थ होकर मोक्ष मार्ग प्रशस्त किया। धर्मसभा के प्रारंभ में चित्र अनावरण एवं दीप प्रज्जवलन पं. विजयकुमार गांधी, वकील नरेन्द्र कुमार गांधी, एवं सकल दिगम्बर जैन समाज अध्यक्ष अजय कुमार बाकलीवाल द्वारा किया गया, मंगलाचरण अभय कुमार अजमेरा द्वारा एवं गुरू वंदना सुश्री ईशानी शाह द्वारा प्रस्तुत की गई। आचार्य श्री का पाद प्रक्षालन च्तपस्वी सेवा ग्रुपज्ज के सदस्यों द्वारा किया गया, जिनवाणी भेंट श्रीमती लता बाकलीवाल, श्रीमती संतोष सेठी, डॉ. कमला जैन, महावीर रोकड़िया, अजीत जैन बंडी, सुरेश जैन, अशोक जैन चयन, हीरालाल जैन कटलार, जयंतीलाल जुआं, अशोक बड़जात्या द्वारा किया गया। आचार्य श्री को श्रीफल भेंटकर डॉ. मनसुखलाल गांधी, नंदकिशोर अग्रवाल, डॉ. एस.एम. जैन, शांतिलाल बड़जात्या, अरविन्द मेहता, जयकुमार बड़जात्या, विजेन्द्र कुमार सेठी, अनिल जैन, प्रदीप चौधरी, हंसमुखलाल रंगीला ने आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन कोमल प्रकाश जैन पंछी द्वारा किया गया। आभार प्रो. राजकुमार बाकलीवाल ने प्रकट किया।

# विधिक सेवा प्राधिकरण ने स्वास्थ्य अधिकारों व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



विश्व स्वास्थ्य दिवस, के उपलक्ष में सरदार पटेल नर्सिंग कॉलेज पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट एवं अस्पताल एंड रिसर्च सेंटर पर मिशन शक्ति के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

नालसा नई दिल्ली के आदेशानुसार नागरिकों के स्वास्थ्य अधिकारों एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी पैरा लीगल वालंटियर न्याय मित्र युवराज सिंह राणावत मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिला रतलाम जावरा के अंतर्गत प्रदान की गई।

महिला बाल विकास सुपरवाइजर पंकज राणावत द्वारा महिलाओं के अधिकार एवं शासकीय योजनाओं के बारे में बताया जय केला माता सामाजिक सेवा समिति रतलाम आरोग्य प्रकोष्ठ प्रभारी रमेश धाकड़ द्वारा स्वास्थ्य कार्ड सुविधाओ की जानकारी प्रदान की।

सरदार पटेल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन के चेयरमैन डॉक्टर जी एल पटेल ने अपनी संस्थाओं के बारे में विस्तृत रूप से बताया

सरदार पटेल हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉक्टर रोहित पटेल ने कहा कि जावरा में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हमारे हॉस्पिटल में अनेक सुविधाएं उपलब्ध हैं। नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्य सुरेश चिड़े भी उपस्थित रहे। उक्त कार्यशाला में नर्सिंग सुपरीटेंडेंट विकास जायसवाल का भी सहयोग रहा। जानकारी जनसंपर्क अधिकारी प्रेम बनोपा एवं मेहमूद अली अब्बासी ने दी।

## डॉ. एन के कौशिक शिक्षा के क्षेत्र में योगदान हेतु उज्जैन में समनित

**नीमच** - सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय उज्जैन की प्राणिकी अध्यक्षशाला के सभागृह में डॉ एन के कौशिक को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान के लिए विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ अर्पण भारद्वाज द्वारा सम्मानित किया गया। अपने उद्बोधन में डॉ कौशिक ने कहा की प्राणिकी अध्यक्षशाला का यह भवन मेरे लिए सिर्फ ईंट सीमेंट की ईमारत ना होकर एक मंदिर है जहां मैंने पांच दशकों पूर्व शिक्षा व परोपकार का पहला पाठ पढ़ा था ।कार्यक्रम के संयोजक डॉ तेज प्रकाश व्यास ने बताया कि केंद्रीय विद्यालय व नवोदय विद्यालय में सेवा देने के बाद वर्तमान में डॉ कौशिक अध्यापक शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं।

# लीनेस क्लब की चार्टर अध्यक्ष रही पुष्पा वरुण डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट हुई नॉमिनेट

## क्लब ने अवॉर्डों का परचम लहराया

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



लीनेस डिस्ट्रिक्ट कृष्णका एमपी द्वारा आयोजित कल्प शक्ति सम्मान समारोह इंदौर में संपन्न हुआ। जिसमें लीनेस क्लब जावरा की चार्टर अध्यक्ष रही पुष्पा वरुण को सत्र 2026 के लिए डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट नॉमिनेट किया गया ।जावरा क्लब द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर 15 अवार्ड प्राप्त कर डिस्ट्रिक्ट में अपना परचम लहराया।

आयोजित सम्मान समारोह में अतिश्रेष्ठ में क्लब अध्यक्ष पुष्पा गुप्ता सचिव रेखा रावल कोषाध्यक्ष संतोष वर्मा को शामिल किया गया ।वहीं श्रेष्ठ श्रेणी में क्लब की पूर्व अध्यक्ष कविता चौहान को श्रेष्ठ एरिया ऑफिसर बैनर प्रेजेंटेशन अवार्ड सदस्यता वृद्धि में प्रथम अवार्ड से नवाजा गया ।वहीं अति उत्तम परिपत्र के लिए पुष्पा गुप्ता एवं कविता चौहान को सम्मान मिला।

डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट कल्पना बंडी ने क्लब अध्यक्ष को मेडल पहनाकर कल्प शक्ति सेवा सप्ताह का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट वरुण ने अपना नॉमिनेशन होने के पश्चात कहा कि संगठन के प्रति उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता सेवा भावना है ।यह पद केवल सम्मान का नहीं बल्कि जिम्मेदारी का अवसर है। जिसके माध्यम से समाज हित में बेहतर कार्यों को गति दी जाएगी। महिलाओं के सशक्तिकरण सामाजिक सेवा के विस्तार स्वास्थ्य एवं शिक्षा के साथ पर्यावरण से जुड़े अभियानों को प्राथमिकता देना है। इस अवसर पर क्लब की सदस्या विनिता सोनी, रंजना सेठिया, रमा अग्रवाल आदि भी उपस्थित थी।



## 400 पुलिसकर्मियों ने कॉम्बिंग गश्त कर 175 वारंटियों को धर दबोचा

**मन्दसौर।** पुलिस की जिले में अपराधियों के विरूद्ध 12 व 13 दिसम्बर की मध्यरात्रि में सर्जिकल स्ट्राइक कर कुल 175 वारंटियों को धरदबोचा, जिनमें 130 स्थायी वारंटी एवं 42 गिरफ्तारी वारंटी है। एसपी विनोद कुमार मीना के नेतृत्व में जिले के समस्त राजपत्रित/अराजपत्रित अधिकारियों समेत 41 गश्त पार्टियों में कुल 400 से अधिक पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा रात्रि में कॉम्बिंग गश्त कर हिस्ट्रीशीटर गुंडा बदमाशों की चेकिंग करते कुल 47 निगरानी बदमाशों को चेक किया एवं 57 गुंडा/बदमाशों को चेक करते कुल 104हिस्ट्रीशीटर गुंडा बदमाशों/जिलाबदर बदमाशों की चेकिंग की गई। इस दौरान पुलिस के द्वारा अवैध शराब के कुल 7 प्रकरणों में 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर आरोपियों के कब्जे से कुल 39.36 ली. जब्त की। वहीं मंदसौर पुलिस के द्वारा जुआ सट्टा के 4 प्रकरणों में 6 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही करते 6680 रू जब्त किये गये। कॉम्बिंग गश्त के दौरान मंदसौर पुलिस के द्वारा धारा 151 के अंतर्गत 3 प्रकरणों में 6 आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही की गई।

## मध्यप्रदेश महिला मोर्चा में शीतल शर्मा प्रदेश महामंत्री नियुक्त

**पिपलिया मंडी।** समाज सेवा और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय



भूमिका निभाने वाली सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती शीतल दीपक शर्मा को विश्वकर्मा महापंचायत संगठन मध्यप्रदेश महिला मोर्चा के उज्जैन इंदौर संभाग का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की घोषणा होते ही विश्वकर्मा समाज में हर्ष का वातावरण बन गया। समाज के वरिष्ठजन, सहयोगी, ईस्ट मित्रों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें बधाइयाँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। नव नियुक्त महामंत्री शीतल शर्मा ने कहा कि यह जिम्मेदारी उन्हें संगठन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रेमनारायणजी विश्वकर्मा, प्रदेश अध्यक्ष श्री परमानंदजी विश्वकर्मा तथा महिला प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माधवीजी विश्वकर्मा द्वारा सौंपी गई है। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन द्वारा दिया गया यह अवसर समाज सेवा को और अधिक गति एवं मजबूती प्रदान करेगा। श्रीमती शर्मा ने कहा कि वे समाज की प्रगति, एकता और संगठन की गतिविधियों को विस्तार देने हेतु पूर्ण निष्ठा और समर्पण से कार्य करती रहेंगी। उनकी नियुक्ति से न केवल इंदौर नगर, बल्कि पूरे प्रदेश के विश्वकर्मा समाजजनों में उत्साह और गर्व की भावना देखी जा रही है। उक्त जानकारी पत्रकार दिलराज शर्मा द्वारा दी गई।

## शहीद दिवस पर शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया



**मल्हारगढ़** ।शहीद दिवस के अवसर पर कांग्रेसजनों ने सांदीपनि विधालय में स्थित शहीद स्मारक पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन कर उन्हें याद किया। इस मौके पर मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष लियाकत मेव,नगर कांग्रेस अध्यक्ष कोहिनूर मेव,गोपाल भारती,विनोद तंवर,रामचन्द्र प्रजापत आदि मौजूद थे। अंत मे कांग्रेसजनों ने दो मिनट का मोन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## नेशनल लोक अदालत में पति-पत्नी का हुआ पुर्नमिलन




**मन्दसौर।** नेशनल लोक अदालत परिवार न्यायालय मंदसौर में बरसों से अलग रह रहे पति-पत्नी दीपक और रानू साथ-साथ रहने को सहमत हुए। प्रधान न्यायाधीश प्रीया शर्मा के समक्ष दोनों ने एक दूसरे को माला पहनाई और मिठाई खिलाई, कोर्ट से साथ-साथ घर गए। वरिष्ठ अभिभाषक श्री प्रकाश रातड़िया, श्री मोहनसिंह चौहान, श्री जोगेन्द्रसिंह तोमर, श्री कुलदीपसिंह पंवार, सुश्री ममता चौहान, धर्मेन्द्र चौहान एवं एजाज कुरेशी ने सुखद दाम्पत्य के सूत्र बताते हुए शुभकामनाएं व्यक्त की।

## दुकानों के ताले तोड़ने वाले 2 आरोपी गिरफ्तार, 4 मोबाइल जब्त

**मन्दसौर।** जिले के अफजलपुर थाना पुलिस ने रात्रि में 5 से अधिक दुकान के ताला तोडकर चोरी करने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी अनुसार 10 दिसम्बर की दरम्यानी रात को ग्राम डिगावमाली में शातिर अज्ञात बदमाश द्वारा कई दुकानों के ताले तोड़ने की कोशिश कर एक मोबाईल फोन की दुकान का ताला तोड़कर 4 मोबाईल फोन व नकदी कुल कीमत 1 लाख रुपये की चोरी की सूचना प्राप्त होने पर त्वरित कार्यवाही करते पुलिस टीमों ने सीसीटीवी कैमरों व सायबर सेल की मदद से एक संदेही मुकेश मीणा निवासी बाबरेचा से सघनता से पूछताछ करते चोरी हुआ मोबाइल फोन शिवा पिता रमेश मीणा निवासी बाबरेचा से खरीदना बताया जो प्रकरण में आरोपी शिवा (30) पिता रमेश मीणा जाति भील व मुकेश (21) पिता रमेश मीणा जाति भील दोनों निवासी बाबरेचा थाना दलौदा को गिरफ्तार कर प्रकरण मे चोरी गया मशरूका 4 मोबाईल व कीमती एक लाख रुपये के जब्त किये। कर कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है ।



## युथ कांग्रेस NSUI के नेतृत्व में तहसील कार्यालय का घेराव

**महिदपुर।** कस्तूरभा गाँधी छात्रावास में रविवार को हुई गंभीर घटना को लेकर विधायक दिनेश जैन बॉस के मार्गदर्शन में यूथ कांग्रेस अध्यक्ष शैलेंद्र डोडिया और एनएसयूआई प्रदेश महासचिव जुगल पांचाल के नेतृत्व में तहसील कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन कर एसडीम अजय हिंगे को ज्ञापन प्रेषित कियी जिसमें स्पष्ट रूप से बालिकाओं के साथ स्वास्थ्य विभाग में हुई लापरवाही और किस कारण से अचानक 15 से 20 छात्राओं की तबीयत खराब हुई इसका स्पष्टीकरण शासन प्रशासन के द्वारा आज तक नहीं किया गया जिस वजह से नाराज सुई और युथ कांग्रेस के कार्यकताओं ने अंबेडकर चौक से रैली के माध्यम से एसडीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम कार्यालय में प्रदर्शन कर स्पष्ट रूप से प्रशासन को जगाया और कहा कि अगर तीन से चार दिनों में हमें एक तो अच्छा स्वास्थ्य पहले बालिकाओं को उसके बाद किस कारण से और किन लोगों की वजह से यह घटना हुई वह स्पष्ट रूप से महिदपुर की जनता को बताएं और भविष्य में ऐसी कोई घटना ना हो इसके लिए कदम उठाए इस मौके पर उपस्थित विधायक दिनेश जैन एनएसयूआई जिला अध्यक्ष हिमांशु शर्मा यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष जावेद पटेल अंकित यादव रवि यादव तरुण, अरुण बुरड़ शाहरुख मेव अर्जुन शर्मा पंकज जाट प्रदीप ठाकुर विकास जाट प्रेम सिंह एवं समस्त एनएसयूआई यूथ कांग्रेस और वरिष्ठ कांग्रेस जन बड़ी संख्या में सभी उपस्थित रहे अंत में आभार धनसिंह बापू ने व्यक्त किया।

## श्री शनि शरणम गौशाला ग्राम मकला शेड निर्माण हेतु 5 लाख की राशि स्वीकृत



**महिदपुर।** जिला पंचायत सदस्य प्रताप सिंह आर्य द्वारा जिला पंचायत निधि से 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 श्री पूणार्नंद जी भारती महंत श्री सोमेश्वर महादेव मंदिर झारड़ा द्वारा किया गया जिसने गोशाला समिति के सदस्य एवं जनता पार्टी जिला मंत्री निरंजन मेहता, जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह चौहान, जनपद सदस्य किशोर माली ,श्रीराम शर्मा ,मनोहर आंजना ,शंभू सिंह तंवर, कमल सिंह सरावत,विष्णु मालवीय,कुलदीप पंजाबी आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने शासकीय योजनाओं और कार्यों के क्रियान्वयन का जायजा लिया



**बड़नगर।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह और जिला पंचायत सीईओ श्रेयांश कूमट ने शुक्रवार दोपहर बड़नगर ब्लॉक का निरीक्षण किया। बड़नगर दौरे के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने सर्वप्रथम सिविल हॉस्पिटल कजलाना का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। कलेक्टर सिंह ने हॉस्पिटल के अप्रोच रोड़ निर्माण के कार्य का निरीक्षण कर कार्य गुणवत्ता पूर्वक और निर्धारित मापदंड अनुसार करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर सिंह ने ग्राम पंचायत सरसाना द्वारा चंबल नदी पर नवीन घाट निर्माण के कार्य का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर सिंह ने शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय बड़नगर का निरीक्षण कर वहां उपस्थित छात्रों से संवाद कर उन्हें देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कृत किया। इसके पश्चात कलेक्टर सिंह और जिला पंचायत सीईओ कूमट जनपद पंचायत बड़नगर के अमला क्लस्टर में ग्राम पंचायत अमला के पंचायत भवन में आयोजित क्लस्टर अनुश्रवण शिविर में सम्मिलित होकर ,ग्रामीणों की समस्या का निराकरण किया। इस अवसर पर एसडीएम धीरेंद्र पाराशर तहसीलदार रूपाली जैन उपस्थित थी।

## प्रदेश अध्यक्ष शपथ समारोह सम्पन्न



**सुसनेर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर का शपथ ग्रहण समारोह भोपाल में आयोजित हुआ। इस अवसर पर सुसनेर से बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में जिले से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने नए अध्यक्ष को शुभकामनाएँ दीं और संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह में सुसनेर के जिला उपाध्यक्ष अभिजीत बजाज, जिला मंत्री विजय पाटीदार, मंडल अध्यक्ष संतोष पाटीदार, मंडल उपाध्यक्ष अक्षत जैन, नरेंद्र सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे आयोजन में युवाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

### हनुमान अष्टमी पर निकली विशाल प्रभात फेरी, खाटूश्याम की भजन संध्या जैसे आयोजन हुए

# रुद्र अभिषेक, महाआरती कर महाप्रसादी वितरण







दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

स्थानीय हजारीबाग मार्ग पर स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर पर हनुमान महोत्सव के रूप में धूमधाम से मनाई गई। अपने द्वितीय वर्ष में शुक्रवार 12 दिसम्बर पर प्रातः 6 बजे ही संकट मोचन हनुमान मंदिर प्रांगण से विशाल प्रभात फेरी गत वर्ष की तरह ढोल ढमाकों के साथ प्रारंभ हुई। जिसमें हनुमान बाबा नगर भ्रमण पर निकलें।

बुधवार को विधायक जितेंद्रसिंह पंड्या ने संकटमोचन हनुमान मंदिर पर हनुमान बाबा के समक्ष ध्वज पूजन व ध्वजारोहण कर संकटमोचन हनुमान अष्टमी महोत्सव का श्रीगणेश किया। वहीं महोत्सव अंतर्गत पुष्प बंगला महाश्रृंगार के साथ महाआरती हुई। सुख समृद्धि एवं कष्ट निवारण रक्षा सूत्र का निःशुल्क वितरण भी हुआ। साथ ही रुद्र अभिषेक, महाआरती, खाटूश्यामजी की भजन संध्या जैसे आयोजन भी हुए।

**महिदपुर रोड**

हनुमान अष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया सुबह नगर के राम मंदिर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पैदल डेलनपुर बालाजी सरकार उनके दर्शन तथा पूजा अर्चना करने पहुंचे डेलनपुर बाला जी सरकार जाने वाले श्रृद्धांलुओं का पूरे नगर में जगह जग ह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत कि या ग्राम गोगापुर तालाब किनारे स्थित श्री दास हनुमान मंदिर, गोगापुर महिदपुर रोड पर भक्ति और श्रद्धा के साथ कार्यक्रम आयोजित किये गये प्रातः पंडित ओमप्रकाश शर्मा द्वारा श्री रामायण पाठ का विधिवत पूजन कर रामायण जी विराजित की गई शुभम चौरड़िया की और से बालाजी को चोला चढ़ा या गया गौरव शर्मा द्वारा श्री हनु मान जी को 56 भोग अर्पित किये गये मनीष चौरड़िया की और से मंदिर शिखर पर ध्वज चढ़ाया गया भक्तों द्वारा गोशाला में गोमाता को हरा चारा खिलाकर सेवा की गई शाम को तालाब पर मछलियों को दाना डालकर जीव सेवा की गई रात्रि में ढोलझनगाड़ों व आतिश बाजी के साथ हनुमान जी की भव्य आरती के बाद भक्तों को प्रसादी वितरित की गई

**खाचरौद**

नगर में हनुमान अष्टमी पर्व पर श्री उत्तरामुखी हनुमान मंदिर पर अन्नकूट महोत्सव मनाया गया। प्रातः हनुमान जी का अभिषेक पुजन हवन किया गया। दिनभर हनुमान बजरंग पाठ, हनुमान चालीसा भक्तो द्वारा किया गया भगवान का आकर्षक श्रृंगार किया गया। संध्या को उत्तरामुखी हनुमान जी की महाआरती कर महाप्रसादी अन्नकुट का वितरण किया गया। अन्नकुट में नगर अधिक संख्या में पुरूष भक्तगण उपस्थित रहे।

जय महादेव भक्त मंडल नागदा के तत्वाधान में प्रतिवषार्नुसार इस वर्ष भी हनुमान अष्टमी के पावन पर्व पर नागदा से लेकर श्री नरेडी हनुमान मंदिर तक पैदल यात्रा पंडित ओमनारायण उपाध्याय एवं सुबोध स्वामी द्वारा अधिक संख्या में भक्तों को लेकर बैंड बाजे के साथ धूमधाम से ध्वज लेकर निकले। पैदल यात्रा का स्वागत चबूतरा चौराहा पर ओर गणेशदेवली पर गगरानी परिवार द्वारा पुष्प वर्षा कर भक्तों का अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात पैदलयात्री को स्वल्पाहार भाव से ग्रहण करवाया गया। पैदल यात्री बजरंग बली के भजनों पर नृत्य करते हुवे चले। पैदल यात्रा नरेडी हनुमान मंदिर पर पहुंची जहां पर भक्तों द्वारा हनुमानजी का पूजन वी भव्य आरती कर महाप्रसादी ग्रहण किया गया।

### डी.जे. गाडी जप्त कर अपराध दर्ज किया

# देर रात नगर में तेज आवाज में डीजे बजाने वाले पर पुलिस ने की कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर



अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अभिषेक रंजन, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस महेन्द्र परमार के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार व टीम द्वारा बडनगर नगर में देर रात को तेज आवाज में डी.जे. बजाने वाले डी.जे. संचालक वीरेन्द्र पिता इन्दरसिह पंवार जाति मोगिया उम्र 24 साल निवासी ग्राम सनावदा के विरूध्द अपराध पंजीबध्द कर डी.जे. सहित गाडी जप्त की गई ।

थाना प्रभारी पाटीदार ने बताया कि दिनांक 11 दिसंबर को मुख्य मार्ग बडनगर पर एक डीजे वाहन बहुत जोर-जोर से गाना बजाते हुए जा रहा था। जिसके पीछे-पीछे दुल्हे का जुलूस निकल रहा था एवं आस पास के भवनों मे भी कंपन उत्पन हो रहा था । तेज आवाज के कारण आम राहगिर भी काफी असहज महसुस हो रहे थे तथा मुख्य मार्ग पर प्राइवेट और सरकारी अस्पताल है तथा जननी अस्पताल है, जहां मरीज डीजे की आवाज से भयभीत थे तभी गाडी के पास डी.जे. संचालक वीरेन्द्र पिता इन्दरसिह पंवार जाति मोगिया उम्र 24 साल निवासी ग्राम सनावदा से डीजे को तेज आवाज मे बजाने की अनुमती है चाही गई जो डी.जे. मालिक विरेन्द्र द्वारा कोई वैध अनुमति होना नही बताया गया न ही डीजे बजाने का कोई लायसेन्स प्रस्तुत किया गया । जबकि समय समय पर जिला दण्डाधिकारी उज्जैन द्वारा ध्वनि के संबंध मे समय 22.00 बजे से सुबह 06.00 बजे तक का प्रतिबंध लगाया जा चुका है। जिसका डी.जे. संचालक विरेन्द्र द्वारा पूर्णरुप से उल्लघन किया गया है । आरोपी डीजे संचालक वीरेन्द्र का कृत्य म.प्र.कोलाहल अधि 1985 की धारा 7/15 का दंण्डनीय पाया जाने से डीजे वाहन को जप्त कर थाने लाया गया । आरोपी डी.जे. संचालक के विरूध्द अपराध क्र 762/2025 अपराध धारा 223 बीएनएस व म.प्र. 7/15 म.प्र. कोलाहल नियंत्रण अधि. 1985 के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया । कार्रवाई में थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार, उनि सोभाग सिंह, सउनि नारायण सिंह वास्कले, प्र.आरक्षक राहुल सिंह राठौर, आरक्षक नितेश रायकवार, राकेश की सराहनीय भूमिका रही ।

## जिला अस्पताल में अब होंगी कई जटिल सर्जरी

### मरीजों को नहीं भटकना पड़ेगा बाहर

**राजगढ़/ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के मरीजों के लिए एक अच्छी खबर है कि अब उन्हें कई तरह की सर्जरी के लिए निजी अस्पतालों या बाहर के शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। राजगढ़ जिला अस्पताल में तीन विशेषज्ञ सर्जन अपनी सेवाएं दे रहे हैं, जिनके पास विभिन्न प्रकार की छोटी और बड़ी सर्जरी में विशेष योग्यता है। इस जानकारी के अभाव में मरीज अक्सर निजी अस्पतालों में चले जाते थे, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान और अनावश्यक परेशानी उठानी पड़ती थी। लेकिन अब, जिला अस्पताल में ही विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा उच्च गुणवत्ता वाली सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है। जिला अस्पताल में पदस्थ तीन अनुभवी सर्जन डॉ. दिनेश खत्री, डॉ. राजेंद्र कठेरिया और डॉ. शकील अहमद प्रतिदिन मरीजों की सर्जरी कर रहे हैं। ये डॉक्टर कई महत्वपूर्ण और जटिल बीमारियों की सर्जरी करने में दक्षता रखते हैं। डॉ. दिनेश खत्री अपेंडिक्स, आंतों का सिकुड़ना, किडनी संबंधी सभी रोग, स्किन ग्राफ्टिंग, फिशर, पाइल्स और अन्य सर्जरी को करते हैं। वहीं डॉ. राजेंद्र कठेरिया ब्रेस्ट संबंधी फाइब्रोएडीनोमा, गाइनी सेकंडरी सूचरिंग, हर्निया, हाइड्रोसिल सहित आरबीएसके संबंधी आने वाली सर्जरी को करते हैं और डॉ. शकील अहमद भी अन्य दोनों सर्जनों की तरह कई प्रकार की सर्जरी में माहिर हैं। मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल ने सभी संबंधित रोगों से ग्रसित मरीजों से अपील की है कि वे जिला अस्पताल में आकर इन विशेषज्ञ सर्जनों से परामर्श लें और अपनी जांच तथा उपचार कराएं।



## नशे से होने वाले दुष्परिणाम की दी जानकारी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नलखेड़ा

विश्व हिंदू परिषद मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा देश भर में 7 दिसंबर से 14 दिसंबर तक नशा मुक्ति अभियान चलायाजा रहा है। इसी के तहत शुक्रवार को मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर माधव कुंज में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता विश्व हिंदू परिषद की जिला संयोजिका उर्मिला सोनी ने छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणाम की जानकारी देकर जागरूक किया गया। उन्होंने कहा की युवा वर्ग राष्ट्र की शक्ति होते हैं और समाज व देश के विकास में उनका महत्वपूर्ण योगदान होता है इसलिए यह अत्यंत आवश्यक है कि अधिक से अधिक युवा वर्ग नशा मुक्ति भारत अभियान से जुड़े उन्होंने कहा कि देश के सामने मौजूद इस चुनौती को स्वीकार करते हुए आज हम सभी को नशा मुक्त भारत के अभियान के अंतर्गत संकल्प लेते हैं कि हम अपने समाज परिवार और मित्रों को नशे के दुष्परिणाम बात कर जागरूक करेंगे। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं एवं विद्यालय परिवार उपस्थित था।

# क्लैप क्लब के सदस्य करेंगे बच्चो के केयर मार्गदर्शन और स्वास्थ्य पर विशेष कार्य

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर



भारत स्काउट एवं गाइड और यूनिसेफ के सयुक्त तत्वाधान में संचालित प्रोजेक्ट क्लैप के अंतर्गत यूनिसेफ भोपाल ऑफिस में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे जिला कमिशन सह जिला शिक्षा अधिकारी महेश कुमार जाटव के निर्देशन में जिले से 7 सदस्यीय दल सम्मिलित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश प्रार्थना दया कर दान भक्ति का के सामूहिक गान के साथ बबलू गोस्वामी राष्ट्रीय सहायक संचालक प्रोजेक्ट क्लैप नई दिल्ली ओर मोनिका मौर्या यूनिसेफ ऑफिसर की उपस्थिति में किया गया। जिसके पश्चात यूनिसेफ सदस्यों द्वारा छात्रों के कैरियर मार्गदर्शन और पोषण से संबंधित प्रोजेक्ट की जानकारी दी गई वही यूनिसेफ प्रभारी अनिल गुलाटी द्वारा प्रोजेक्ट क्लैप के तहत किए गए कार्यों की प्रशंसा की गई। इस अवसर पर यूनिसेफ प्रभारी अनिल गुलाटी, मोनिका मौर्या, मध्य प्रदेश भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य सचिव राजेश मिश्रा, प्रोजेक्ट सहायक संचालक बबलू गोस्वामी, राज्य कमिश्नर रोवर राजीव जैन, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट बी एल शर्मा, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड जानकीसिंह, सुसनेर जनपद के समीपस्थ शासकीय स्कूल में कार्यरत स्काउट मास्टर भेरूलाल ओसारा द्वारा स्कार्फ एवं पौधे को भेट कर स्वागत सम्मान किया गया। वही द्वितीय सत्र में जिले से पेरेंटल केयर की सफलता की कहानी सुसनेर निवासी स्काउट मास्टर भेरूलाल ओसारा द्वारा प्रस्तुत की गई। ओर आगामी परियोजना को जिला संगठन आयुक्त गाइड अनुभूति सिंह, जिला संगठन आयुक्त स्काउट कालूसिंह वर्मा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त इंद्रा राजोरा, गाइड कैप्टन अंगूरबाला खामोरा, रोवर लीडर मांगीलाल भील तथा स्काउट मास्टर जगदीश संजोदिया द्वारा प्रस्तुत की गई।

## आज स्वदेशी उद्योगों के महत्व पर मार्गदर्शन दिया जाएगा

**शुजालपुर।** अखिल भारतीय व्यापारी परिषद और स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में 15 अक्टूबर 2025 को नागपुर से प्रारंभ हुई स्वदेशी संकल्प यात्रा आत्मनिर्भर भारत और वोकल फ ॉर लोकल के संदेश को जन-जन तक पहुँचाते हुए मध्य प्रदेश में 1 दिसंबर को पांढुरना से प्रारंभ हुई। यह यात्रा 14 दिसंबर रविवार को सीहोर पहुंचेगी, जहाँ सुबह 11 बजे तहसील चौराहे से यात्रा प्रारंभ होकर मुख्य मार्ग से होती हुई कोतवाली चौराहे पर पहुंचेगी, जहाँ 12 बजे आमसभा आयोजित होगी। इसके बाद यात्रा कालापीपल होते हुए शुजालपुर पहुँचेगी, जहाँ विशिष्ट अतिथि केसरिया झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना करेंगे। यात्रा के दौरान नागरिकों को स्वदेशी.विदेशी उत्पादों की पहचान, विदेशी मुद्रा बचत, उद्योग विस्तार, रोजगार सृजन और स्वदेशी उद्योगों के महत्व पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ के संकल्प को साकार करने के लिए आयोजित बैठक मेअम्बर जैन, सुदीप लोवनिया, राजकुमार जैन, नवनीत उपाध्याय, अनेक स्वजन उपस्थित रहे।



## तीन बच्चों का राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता के लिए चयन

**तराना।** यूनिवर्सल एकेडमी के छात्रों का राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है।यह आयोजित 2 जनवरी से 7 जनवरी तक दिल्ली में स्कूल गेम फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित होगा।राष्ट्रीय रग्बी प्रतियोगिता के लिए खेल शिक्षक रंजीत चौहान के मार्गदर्शन में छात्रों ने कड़ी मेहनत के बाद यहां सफलता हासिल की और खिलाड़ियों को नियमित अभ्यास और रणनीति के जरिए तैयार किया।यूनिवर्सल एकेडमी के खिलाड़ी आशीष राजोरिया को अंडर-19 का, कैप्टन बनाया गया वही अंशुल पटेल.विवेक माल्या भी मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे एवं शिक्षा विकास संस्था द्वारा खिलाड़ियों को अच्छी से अच्छी सुविधा देकर बच्चों को नेशनल गेम तक पहुंचा खेल के आयोजन कर प्रतिभाओं की खोज की जा रही है एवं उन्हें निरंतर मार्गदर्शन कर आगे बढ़ाया जा रहा है। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के निर्देशक अशोक चावडा ने कहा है कि खेल और शिक्षा का संतुलन विद्यार्थियों सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक है और ऊंचे लक्ष्य रखें यहां तो आपकी सफलता की शुरूआत है। हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य एमके एलेक्स ने खेल शिक्षक रंजीत चौहान एवं शिपेश यादव और विद्यालय के कोऑर्डिनेटर राजेश पाटीदार, सचिन पटवा ने हर्ष व्यक्त किया है।

## हिंदू हेल्पलाइन के जिलाध्यक्ष रोहित शर्मा ने गरीबों को कंबल बाँटे



**ब्यावरा।** विगत पाँच वर्षों से हिंदू हेल्पलाइन के जिलाध्यक्ष रोहित शर्मा गौसेवा के साथ साथ जनसेवा में भी अपनी अभूतपूर्व भूमिका निभा रहे हैं हर वर्ष गरीबो को कंबल वितरण का कार्य निस्वार्थ भाव से सम्पूर्ण ज़िले में कर रहे हैं जिलाध्यक्ष श्री शर्मा ने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण का आयोजन किया, इस भीषण एवं कड़कड़ाती ठंड में गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण करते हुए श्री शर्मा कहा कि ब्यावरा बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं नगर के विभिन्न क्षेत्रों में युवा साथियों के द्वारा कंबल वितरण किया, युवा साथियों ने गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर मानवता की मिसाल पेश की, जिसमें डायल 112 एव देहात थाना पुलिस ने भी अपना सहयोग प्रदान किया सभी देशवासियों एवं जिले वासियों से अनुरोध किया कि अपने अपने क्षेत्र में जो गरीब जरूरतमंद लोग हैं उनकी सहायता में अपना सहयोग प्रदान करें एवं मानवता की मिसाल पेश करें, क्योंकि हमारे देश की आत्मा वसुदेव कुटुंबकम है, जिसके अंतर्गत संपूर्ण विश्व हमारा परिवार है, आपको यह भी बता दें कि श्री शर्मा निशुल्क एवं निस्वार्थ भाव से गौ माता की सेवा का कार्य संपूर्ण जिले में कर रहे हैं, यहां भी उन्होंने मानवता का परिचय देते हुए जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर सहयोग प्रदान किया, इस मौके पर दीवान संतोष, पायलट शिव दांगी, संजय राज श्रीवास्तव मौके पर मौजूद रहे।

## लंबित प्रकरणों एवं क्रमोन्नत वेतनमान को लेकर दिया ज्ञापन



**ब्यावरा।** क्रमोन्नति आदेश को लेकर जिला प्रांतीय शिक्षक संघ म प्र ने जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ को जिलाध्यक्ष, जिला महासचि के नेतृत्व में संघ का प्रतिनिधिमंडल मिला। प्रदेश संगठन मंत्री रामचरण वर्मा ने बताया कि जिला अंतर्गत वर्ष 2001 में नियुक्त संविदा शिक्षक वर्ग 02 जो कि वर्तमान में माध्यमिक शिक्षक हे,, जिनको प्रथम नियुक्ति दिनांक से शासन निदेर्शानुसार 24 वर्ष पूर्ण हो गए के क्रमोन्नति आदेश नियमानुसार जारी को लेकर जिलाध्यक्ष ने शीघ्र ही क्रमोन्नति के प्रस्ताव जारी करने को जिला शिक्षा अधिकारी राजगढ़ से प्रति निधिमंडल की उपस्थिति में चर्चा की डीईओ ने आश्वस्त किया कि एक सप्ताह का मुझे समय माँगा, एक सप्ताह में जिला से कार्यवाही कंप्लीट कर दी जाएगी, उक्त कार्य को शीघ्र एवं पारदर्शी रूप से पूर्ण करने हेतु समिति का गठन कर दिया हे। जिला महासचिव श्री खिंची ने अनुरोध किया कि प्राथमिक शिक्षक जो शेष रहे के आदेश भी जारी किए जाए। प्रतिनिधिमंडल में बालचंद दांगी, रामबाबू दांगी, अनिल नागर, पुखराज सिंह राठौर, अशोक नागर, कौशल राव, चोटूलाल मालवीय, गोपालदास वर्मा, सौरभ दुबे, हंसराज तेजरा, बालचंद सिंगला, अजय स्वर्णकार, कमल बसोदिया, नारायणसिंह पंवार, एवं अशोक गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# 'नाव पर लगाया एक दूसरे को गले'



अभिनेत्री तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया पिछले काफी समय से एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर साथ बिताए पलों की झलक और तारा के फैशन इवेंट्स में वीर की मौजूदगी ने पहले ही कयासों को हवा दे दी थी, लेकिन दिवाली पर दोनों के फोटोशूट ने काफी हद तक रिश्ते पर मुहर लगा दी। अब तारा और वीर ने पहली बार किसी इंटरव्यू में खुलकर एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप पर खुलकर बात की है।

### रिश्ते पर खुलकर बोले वीर-तारा

दोनों ने हाल ही में 'ट्रेवल-लेजर इंडिया' को दिए एक इंटरव्यू में अपने शुरूआती दिनों को याद करते हुए बताया कि उनका रिश्ता पहले दिन से ही ईमानदारी से शुरू हुआ है। वीर के मुताबिक, पहली ही डेट से दोनों ने अपने जज्बातों को छुपाने की कोशिश नहीं की और जहां भी रहे, जैसे थे वैसे ही रहे।

### वीर ने साझा किया पहली डेट का पल

पहली डेट का जिक्र करते हुए वीर ने एक बेहद खास पल साझा किया। उन्होंने बताया कि वो शाम उनके लिए यादगार बन गई जब उन्होंने पियानो बजाया और तारा ने गाना गाया। साथ बिताया गया वह समय उनके लिए रिश्ते की पहली मजबूत नींव साबित हुआ। वहीं तारा का मानना है कि किसी एक पल ने नहीं, बल्कि वक्त के साथ एक-दूसरे का साथ निभाने ने उनके रिश्ते को खास बनाया।

### दोनों ने पहले ट्रिप का भी किया जिक्र

जहां पहली डेट ने दिलों को करीब लाया, वहीं पहली ट्रिप ने रिश्ते को और गहरा किया। तारा ने खुलासा किया कि उनकी पहली वेकेशन इटली के खूबसूरत आइल ऑफ कप्री में हुई। इस जगह से जुड़ी एक पारिवारिक मान्यता का जिक्र करते हुए तारा ने बताया कि उनकी मां हमेशा कहती थीं कि कप्री वह जगह है, जहां इंसान अपने सबसे खास दोस्त और प्रिय के साथ जाता है। कहा जाता है कि अगर वहां नाव पर किसी को गले लगाया जाए, तो रिश्ता हमेशा खास बना रहता है।

साउथ सुपरस्टार रजनीकांत 12 दिसंबर को पूरे 75 साल के हो गए। जन्मदिन के अगले दिन शनिवार को सुबह वो परिवार के साथ तिरुपति मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्हें देखकर फैंस की भीड़ जमा हो गई।

# 75वें जन्मदिन के बाद परिवार संग तिरुपति पहुंचे रजनीकांत

## मंदिर में फैंस की लगी भीड़

साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत ने शुक्रवार को अपना 75वां जन्मदिन मनाया। इस मौके पर उनके फैंस और चाहने वालों में जश्न का माहौल था। बर्थडे के तुरंत बाद अभिनेता अपने पूरे परिवार के साथ आंध्रप्रदेश स्थित तिरुमला तिरुपति मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने भगवान वेंकटेश्वर के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। रजनीकांत के मंदिर जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



### शनिवार सुबह मंदिर पहुंचे रजनीकांत

मंदिर परिसर के अंदर प्रवेश करते रजनीकांत को देख उनके फैंस की भीड़ लग गई। उनके साथ पत्नी लता रजनीकांत, बेटियां सौंदर्या और ऐश्वर्या भी मौजूद थीं। खास बात यह रही कि इस दौरान उनके पोते सफर राजा भी साथ दिखाई दिए।

### रजनीकांत का वर्कफ्रंट

काम के मोर्चे पर भी रजनीकांत पूरी तरह सक्रिय हैं। वह जल्द ही 'जेलर 2' में नजर आने वाले हैं, जिसकी शूटिंग अंतिम चरण में बताई जा रही है। माना जा रहा है कि फिल्म इस साल के अंत तक पूरी हो जाएगी और 2026 की गर्मियों में सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। पहले भाग की जबरदस्त सफलता के बाद, दर्शकों की उम्मीदें सीक्वल से और भी ज्यादा बढ़ गई हैं।

### रजनीकांत ने फैंस का क्या अभिवादन

दर्शन के बाद रजनीकांत ने मंदिर परिसर के बाहर प्रशंसकों का अभिवादन किया। मंदिर से बाहर आते समय उन्होंने परिवार के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं, जो देखते ही देखते वायरल हो गईं। रजनीकांत की तस्वीरें और वीडियोज इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

### फिर से रिलीज हुई फिल्म 'पदयप्पा'

उनके जन्मदिन के मौके पर उनकी 1999 की सुपरहिट फिल्म 'पदयप्पा' एक बार फिर सिनेमाघरों में उतारी गई। 4ङ तकनीक से रीमास्टर की गई इस फिल्म को दर्शकों ने चाव से फिर से देखा। सिनेमाघरों में तालियों और सीटियों की गूंज ने यह साबित कर दिया कि रजनीकांत की फिल्मों का जादू आज भी उतना ही असरदार है।

## बॉक्स ऑफिस

# दूसरे शुक्रवार 'धुरंधर' ने तोड़ा 'पुष्पा 2' और 'छावा' का रिकॉर्ड

भारतीय बॉक्स ऑफिस इन दिनों जिस फिल्म की सबसे ज्यादा चर्चा है, वो है 'धुरंधर'। रिलीज के दूसरे हफ्ते में पहुंचते-पहुंचते इस फिल्म ने ऐसे आंकड़े छू लिए हैं, जिनकी कल्पना ट्रेड पंडितों ने भी नहीं की थी। दूसरे शुक्रवार को 'धुरंधर' ने न सिर्फ अपनी पकड़ मजबूत की, बल्कि हिंदी सिनेमा की कुछ सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर फिल्मों के रिकॉर्ड भी ध्वस्त कर दिए।

### दूसरे शुक्रवार को फिल्म का कलेक्शन

आमतौर पर फिल्मों की रफ्तार दूसरे हफ्ते में धीमी पड़ जाती है, लेकिन 'धुरंधर' इस चलन को पूरी तरह नकारती नजर आ रही है। दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने करीब 34.70 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर डाला। यह आंकड़ा अपने आप में इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि इसी दिन के कलेक्शन में इसने 'पुष्पा 2', 'छावा', 'एनिमल', 'गदर 2' और 'बाहुबली 2' जैसी दिग्गज फिल्मों को पीछे छोड़ दिया।

### 'पुष्पा 2'-'छावा' जैसी फिल्मों का तोड़ा रिकॉर्ड


अगर तुलना करें तो दूसरे शुक्रवार को जहां 'पुष्पा 2' का हिंदी कलेक्शन लगभग 27 करोड़ के आसपास रहा, वहीं 'छावा' और 'एनिमल' भी 25 करोड़ के आंकड़े को पार नहीं कर सकीं। 'धुरंधर' ने इन सभी को बड़े अंतर से पछाड़ते हुए यह साफ कर दिया कि दर्शकों में फिल्म के प्रति दीवानगी कम होने का नाम नहीं ले रही।

### फिल्म का भारत में कुल कलेक्शन

भारत में फिल्म का कुल कलेक्शन अब 252 करोड़ रुपये के पार पहुंच चुका है और यह आंकड़ा दूसरे हफ्ते की शुरूआत में ही हासिल कर लिया गया है। यही वजह है कि ट्रेड एक्सपर्ट्स इस समय इसके लाइफटाइम कलेक्शन को लेकर कोई ठोस भविष्यवाणी करने से बच रहे हैं। फिल्म का ट्रेंड ऐसा है मानो हर दिन कोई नया रिकॉर्ड टूटने वाला हो।

### 'धुरंधर' की सफलता की वजह

'धुरंधर' की सफलता के पीछे कई वजहें मानी जा रही हैं। दमदार कहानी, भव्य प्रस्तुति, मजबूत निर्देशन और कलाकारों की प्रभावशाली परफॉर्मेंस ने दर्शकों को सिनेमाघरों तक खींचे रखा है। साथ ही, वीकेंड के साथ-साथ वीकडेज में भी फिल्म का शानदार प्रदर्शन यह दिखाता है कि वर्ड ऑफ माउथ बेहद पॉजिटिव है। जिस तरह से दूसरे हफ्ते में भी फिल्म की कमाई रफ्तार पकड़ रही है, उससे साफ है कि आने वाले दिनों में 'धुरंधर' कई और बड़े माइलस्टोन हासिल कर सकती है। फिलहाल इतना तय है कि यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 2025 की सबसे बड़ी फिल्मों में से एक बन चुकी है।




# Sport

उथप्पा का मानना है कि बड़े लक्ष्य के पीछा में भारतीय बल्लेबाजी को स्पष्ट भूमिकाओं की जरूरत है, शुरूआती ओवरों में जरूरत से ज्यादा लचीलापन नुकसानदेह साबित हो रही है।

# बड़े लक्ष्य का दबाव? उथप्पा ने भारतीय बल्लेबाजी पर उठाए सवाल

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में भारत को 51 रन से हार का सामना करना पड़ा। 214 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 19.1 ओवर में 162 रन पर सिमट गई। इस हार के बाद टीम इंडिया की बल्लेबाजी रणनीति पर सवाल उठने लगे हैं, खासकर बड़े लक्ष्य के पीछा करने के दौरान अपनाए गए अप्रोच को लेकर प्रश्नचिह्न खड़े हो रहे हैं।



### उथप्पा ने रणनीति पर उठाए सवाल

पूर्व भारतीय बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा ने कहा कि समस्या शुरूआती विकेट गिरने की नहीं थी, बल्कि बल्लेबाजों की भूमिका को लेकर स्पष्टता की कमी थी। उनके मुताबिक पारी के शुरूआती ओवरों में जरूरत से ज्यादा लचीलापन (फ्लेक्सिबिलिटी) रन बनाने को और जटिल बना देता है।

### गिल के आउट होने के बाद बदली दिशा

उथप्पा ने खासतौर पर शुभमन गिल के आउट होने के बाद की रणनीति पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब गिल आउट हुए, तब भारत के पास गहरी बल्लेबाजी लाइन-अप मौजूद थी। ऐसे में अक्षर पटेल को एक पिंच-हिटर की भूमिका निभानी चाहिए थी, ताकि तेजी से रन बनाकर दबाव कम किया जा सके और अभिषेक शर्मा को सहयोग मिल सके।

### अक्षर की पारी से नहीं मिला फायदा

उथप्पा के मुताबिक, अक्षर पटेल की संभली हुई 21 रन की पारी (रन-ए-बॉल) दबाव कम करने में नाकाम रही। इससे उल्टा यह हुआ कि विकेट गिरते गए और रन रेट का दबाव और बढ़ता चला गया। नतीजतन भारतीय बल्लेबाजी की रफ्तार और धीमी हो गई, जिससे लक्ष्य और मुश्किल होता चला गया।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भूमिका की स्पष्टता जरूरी

रॉबिन उथप्पा ने साफ शब्दों में कहा कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बल्लेबाजों के लिए स्पष्ट भूमिका और स्पष्ट योजना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि बल्लेबाजों को पहले से पता होना चाहिए कि उन्हें किस तरह पारी बनानी है और किस परिस्थिति में कौन-सा जोखिम लेना है।

### जरूरत से ज्यादा फ्लेक्सिबिलिटी बनी परेशानी

उथप्पा का मानना है कि शुरूआती छह से आठ ओवरों के बाद मैच-अप के हिसाब से फ्लेक्सिबिलिटी ठीक है, लेकिन उससे पहले मजबूत नींव बनाना जरूरी है। उन्होंने एक उदाहरण देते हुए कहा, 'आप बिना नींव के गगनचुंबी इमारत नहीं बना सकते।' उनके मुताबिक, एक ही मैच में खिलाड़ियों से कई भूमिकाओं की उम्मीद करना रन बनाने को और जटिल बना देता है।

### 2007 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य की राय

2007 टी20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का अहम हिस्सा रहे उथप्पा ने कहा कि वह पारी की शुरूआत में ओपनर्स के अलावा बाकी बल्लेबाजों के लिए जरूरत से ज्यादा लचीलापन रखने के पक्ष में नहीं हैं। उनके अनुसार, भारत को बड़े लक्ष्य के पीछा में स्पष्ट रोल्स के साथ उतरने की जरूरत है, तभी ऐसी परिस्थितियों में बेहतर नतीजे मिल सकते हैं।

पीसीबी ने कहा कि भले ही पाकिस्तान आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पांच टीमों में शामिल न हो, लेकिन उसका एक समृद्ध इतिहास है और वह विश्व कप में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाली टीमों में से एक है।

# पाकिस्तान की हुई किरकिरी, आईसीसी की टिकट बिक्री पोस्टर पर कप्तान आगा की तस्वीर नहीं

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप के टिकटों की बिक्री के लिए जारी किए गए प्रचार पोस्टर में अपने कप्तान सलमान अली आगा की तस्वीर न होने से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से नाखुश है।




पीसीबी के एक विश्वसनीय सूत्र ने बताया कि इस मामले को आईसीसी के समक्ष उठाया गया है क्योंकि प्रचार पोस्टर में केवल पांच कप्तानों की तस्वीर है। इसमें सूर्यकुमार यादव (भारत), एडेन मार्कराम (दक्षिण अफ्रीका), मिचेल मार्श (ऑस्ट्रेलिया), दासुन शनाका (श्रीलंका) और हैरी ब्रूक (इंग्लैंड) शामिल है।

सूत्र ने कहा, 'कुछ महीने पहले एशिया कप के दौरान भी हमें इसी तरह की समस्या का सामना करना पड़ा था, उस समय प्रसारकों ने हमारे कप्तान की तस्वीर के बिना ही प्रचार अभियान शुरू कर दिया था।' उन्होंने बताया कि पीसीबी की एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) से बात करने के बाद ही स्थिति में बदलाव आया।


उन्होंने कहा, 'इस बार भी हमें ऐसी ही स्थिति का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि आईसीसी ने टिकटों की बिक्री के लिए जारी किए गए प्रचार पोस्टर में हमारे कप्तान की तस्वीर नहीं लगाई है।' उन्होंने कहा कि भले ही पाकिस्तान आईसीसी टी20 रैंकिंग में शीर्ष पांच टीमों में शामिल न हो, लेकिन उसका एक समृद्ध इतिहास है और वह विश्व कप में सबसे ज्यादा ध्यान खींचने वाली टीमों में से एक है। उन्होंने कहा कि पीसीबी को पूरा भरोसा है कि आईसीसी प्रचार पोस्टर और अभियानों में पाकिस्तानी कप्तान को जरूर शामिल करेगी।

# टाटा स्टील वर्ल्ड 25के: 10 किमी दौड़ का नेतृत्व करेगा ऑल-वुमेन पेसर स्क्वॉड, 25 किमी में उतरेगी डिफेंस टीम

**कोलकाता।** टाटा स्टील वर्ल्ड 25के कोलकाता के 10वें संस्करण में इस बार 22 प्रेरक पेसर शामिल किए गए हैं, जो 21 दिसंबर को हजारों धावकों को सही गति देने के लिए ट्रैक पर उतरेंगे। विश्व एथलेटिक्स गोल्ड लेबल से सम्मानित यह दुनिया की पहली 25 किलोमीटर रोड रेस है। इस वर्ष पेसर्स का समूह विविधता और प्रेरणा का अद्भुत संगम पेश कर रहा है। इनमें सीमाओं पर देश सेवा कर चुके रक्षा बलों के जवान, चुनौतियों को पछाड़कर दौड़ को अपनाने वाली महिलाएं और अपने व्यस्त पेशे के बीच फिटनेस को जीवन का हिस्सा बनाने वाले लोग शामिल हैं। यह सभी टाटा स्टील वर्ल्ड 25ks की 'डिकेड ऑफ डिफरेंस' थीम को साकार करते हैं।

# स्क्वाश विश्व कप में भारत का शानदार प्रदर्शन, द. अफ्रीका को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई

भारतीय स्क्वाश टीम ने विश्व कप खिताब की ओर एक कदम और बढ़ा लिया है। भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है



**चेन्नई।** भारत ने स्क्वाश विश्व कप में शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए शुक्रवार को दक्षिण अफ्रीका को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली। अनुभवी जोशना चिनप्पा, उभरती स्टार अनाहत सिंह और दुनिया के 29वें नंबर के खिलाड़ी अभय सिंह ने क्वार्टर फाइनल में जबरदस्त प्रदर्शन किया। अब भारत का मुकाबला मौजूदा चैंपियन मिस्र से होगा।

जोशना ने पहले महिला एकल में टीगन रसेल को महज 13 मिनट में 3-0 (7-4, 7-4, 7-2) से हराकर भारत को अच्छी शुरूआत दी। अभय ने डेवाल्ड वैन नीकर्क पर 3-0 (7-1, 7-6, 7-1) से जीत हासिल करके बढ़त दोगुनी कर दी। टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की प्रतिस्पर्धी अनाहत ने हेली वार्ड के खिलाफ 3-0 (7-3, 7-3, 7-4) की आसान जीत के साथ भारत की सेमीफाइनल में जगह पक्की कर दी।

इससे पहले शीर्ष वरीय मिस्र ने ऑस्ट्रेलिया को 3-0 से हराकर आसानी से सेमीफाइनल में जगह बना ली थी। भारत ने अपने पूल गेम में स्विट्जरलैंड और ब्राजील को हराया था। विश्व कप में भारत का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन 2023 में रहा था जिसमें टीम ने कांस्य पदक जीता था।

ओडिशा मास्टर्स टूनार्मेंट: उन्नति सहित पांच शटलर सेमीफाइनल में पहुंचे और खिताब पक्का कर लिया

# भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

**कटक।** उन्नति हुड्डा सहित पांच भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओडिशा मास्टर्स बैडमिंटन टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्नति के अलावा तस्नीम मीर, इशारानी बरुआ, किरण जॉर्ज और रौनक चौहान ने अपनी लय जारी रखी। पुरुष एकल में दूसरे वरीय किरण ने रित्विक संजीव को 33 मिनट में 21-11, 21-17 से हराकर अपना दमखम बरकरार रखा। अब उनका मुकाबला रौनक से होगा, जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त हमवतन शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को 41 मिनट के कड़े मुकाबले में 21-19, 22-20 से हराकर उलटफेर किया।



### महिला एकल में खिताब पक्का

इंडोनेशिया के मोहम्मद यूसुफ ने शीर्ष वरीयता प्राप्त थारुन मन्नेपल्ली को 49 मिनट में 21-9, 22-20 से हराया। महिला एकल क्वार्टर फाइनल में भी कुछ चौंकाने वाले नतीजे देखने को मिले जहां सेमीफाइनल में चारों भारतीय खिलाड़ियों के पहुंचने से खिताब भारत के नाम पक्का हो गया। तान्या हेमंत ने तीसरी वरीयता प्राप्त और विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी शर्मा को 39 मिनट में 21-18, 21-17 से हराकर चौंका दिया। उनका मुकाबला शानदार लय में चल रही साथी हमवतन इशारानी बरुआ से होगा। बरुआ ने छठी वरीयता प्राप्त अनमोल खरब को 41 मिनट में 21-16, 21-14 से हराकर अपनी शानदार लय बरकरार रखी।

शीर्ष वरीयता प्राप्त उन्नति हुड्डा ने अनुपमा उपाध्याय को 21-16, 21-15 से हराकर अंतिम में प्रवेश किया। तस्नीम मीर ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए चीनी ताइपे की सातवीं वरीयता प्राप्त तुंग सिउ-टोंग को आसानी से मात देकर महिला एकल में सेमीफाइनल में पक्की की। महिला युगल में अश्विनी भट और शिखा गौतम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए छठी वरीयता प्राप्त कविप्रिया सेल्वम और सिमरन सिंघी को 21-12, 21-14 से हराकर सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली।

## न्यूज कॉलम

### सूरत में अखिल भारतीय महापौर परिषद की बैठक

**इंदौर।** इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव को अखिल भारतीय महापौर परिषद (ऑल इंडिया मेयर कॉन्फ्रेंस) में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। शनिवार को वे गुजरात के सूरत में होने वाली राष्ट्रीय बैठक में पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। इसके चलते वे वहां पहुंचे हैं। अखिल भारतीय महापौर परिषद की 116वीं कार्यकारिणी बैठक 13-14 दिसंबर को सूरत में आयोजित की जा रही है। इस बैठक में देशभर के महापौर हिस्सा लेने के लिए सूरत पहुंचे हैं। इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी इसमें शामिल होंगे और राष्ट्रीय स्तर पर उपाध्यक्ष पद ग्रहण करेंगे। बैठक के दौरान राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय संगठन को सुदृढ़ करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही परिषद के प्रशिक्षण केंद्र के निर्माण और आगे महापौरों के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा होगी। प्रोग्राम में देशभर के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। जिनमें पूर्व मंत्री और परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता भी मौजूद रहेंगे।

### 'कचोरी' 6 माह के लिए जिला बदर

**इंदौर।** शातिर बदमाश राजा उर्फ कचोरी पिता देवप्रकाश श्रीवास निवासी नंदा नगर को 6 माह के लिए जिलाबदर किया गया है। राजा पर हत्या, आर्म्स एक्ट, मारपीट, आबकारी और एनडीपीएस सहित 7 अपराध दर्ज हैं। परदेशीपुरा पुलिस ने बाकायदा उसके इलाके में मुनादी कराकर लोगों को उसे जिला बदर किए जाने की सूचना दी। राजा की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए इंदौर पुलिस कमिश्नर ने मप्र राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के अंतर्गत उसके खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की है। इस अवधि में राजा इंदौर जिले के नगरीय या देहात क्षेत्र और इंदौर के सीमावर्ती जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेगा। पुलिस की कार लगे लाउड स्पीकर से लोगों को इस बात की सूचना दी गई कि राजा 6 माह के लिए जिलाबदर किया गया है। परदेशीपुरा पुलिस टीम ने आरोपी राजा उर्फ कचोरी व उसके परिवार को आदेश का पालन करने के लिए पाबंद किया है। इस दौरान कई लोग भी यहां मौजूद रहे। बता दें कि इसके पहले भी कई बदमाशों के जिलाबदर होने पर पुलिस ने उसके क्षेत्र में जाकर लाउड स्पीकर से मुनादी की थी।

### जिलाध्यक्ष समेत कांग्रेस नेताओं पर एफआईआर

**इंदौर।** इंदौर युवक कांग्रेस ने सोमवार को कलेक्टोरेट पर प्रदर्शन किया था। यह प्रदर्शन शहर में बढ़ते ड्रग्स कारोबार, खराब ट्रैफिक व्यवस्था की खामियों को लेकर हुआ था। इसके खिलाफ पंढरीनाथ थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। एफआईआर में लिखा है कि 8 दिसंबर को युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल के नेतृत्व में इंदौर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया गया। इस दौरान अमन पटवारी, विपिन वानखेडे, निखिल वर्मा, दानिश खान एवं अन्य कार्यकर्ताओं ने कलेक्टर कार्यालय पर प्रदर्शन किया। इन लोगों के बैरिकेड के ऊपर चढ़कर कलेक्टर कार्यालय में प्रवेश करने का प्रयास किया गया। आम मार्ग पर बाधा पैदा कर आमजन का रास्ता रोका। नेताओं पर दर्ज केस में लिखा है कि बिना मंजूरी के वाहन पर तेज आवाज में डीजे बजाया गया। यह पुलिस कमिशनर के प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन है। इन आरोपियों के विरुद्ध धारा 126(2), 223 बीएनएस 2023 का केस किया जाता है। बता दें कि युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमित पटेल के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ था। इसमें शहराध्यक्ष चिंटू चौकसे, जिलाध्यक्ष विपिन वानखेड़े व अन्य नेता शामिल हुए। इस दौरान पुलिस ने बैरिकेड लगा रखे थे। इस पर चढ़ने का प्रयास किया गया। इस दौरान पहले हल्का लाठीचार्ज हुआ और जब नहीं हटे तो वाटर कैनन का उपयोग किया गया था।

### नेशनल लोक अदालत में कर जमा करने पहुंच रहे लोग

**इंदौर।** इंदौर में नगर निगम में नेशनल लोक अदालत आयोजित की गई है। नगर निगम संपत्तिकर और जलकर के सरचार्ज में 100% तक की छूट दे रही है। इसके लिए नगर निगम मुख्यालय और जोनल कार्यालय पर देर तक कैश काउंटर खुले रहेंगे। शनिवार को सुबह से ही टैक्स जमा करने और सरचार्ज का फायदा उठाने के लिए लोग नगर निगम मुख्यालय पर आने लगे। यहां लाइनों में लगकर लोग टैक्स जमा करा रहे है। नगर निगम ने अपने राजस्व विभाग के बाहर एक रंगोली भी बनाई और रंगोली से ही वेलकम भी लिखा है। करदाताओं में काफी उत्साह भी नजर आ रहा है। कैश काउंटर पर करदाता लाइन लगाकर टैक्स जमा करा रहे है। बता दे कि शासन के निदेर्शानुसार शहर के सभी जोनल ऑफिस और निगम मुख्यालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत के तहत शनिवार सुबह से अपने बकाया करो के भुगतान के लिए निगम मुख्यालय स्थित कैश काउंटर पर करदाताओं की लाइन लगी, कैश काउंटर पर आने वाले करदाताओं को निगम राजस्व विभाग की टीम द्वारा हेल्प डेस्क के माध्यम से सहायता की जा रही है।

## इंदौर-उज्जैन संभाग में लगेंगे शिविर

**इंदौर।** महालेखाकार कार्यालय ग्वालियर द्वारा शासकीय सेवकों के जीपीएफ गुमशुदा कटौत्रे, निष्क्रिय जीपीएफ खाते, पार्ट वांट/फुल वांट एवं अप्रविष्ट मदों के निराकरण के लिये इंदौर एवं उज्जैन संभाग के जिलों में शिविर आयोजित किये जाएंगे। शिविर आयोजन का सिलसिला 15 दिसम्बर से प्रारंभ होकर 19 दिसम्बर 2025 तक चलेगा।

**प्लाट बेचना है**
खुली भूमि उत्तर से दक्षिण, पूर्व की ओर 95.8 फीट, पश्चिम की ओर 106 फीट और पूर्व पश्चिम उत्तर की ओर 102.7 फीट, दक्षिण की ओर 99 फीट कुल एरिया 10275 वर्गफीट, जिसके उत्तर में रोड के बाद माहेश्वरी का मकान, दक्षिण में सुन्दरबाई का मकान और नागूलाल का मकान, पूर्व में रामाजी जाट की गली उर्दूपुरा रोड, पश्चिम में रस्सी गली मुन्सीपल नम्बर पुराना 5/1317, नया नम्बर 12 लाल बाई फूलबाई मार्ग उर्दूपुरा उज्जैन जो कि जाधव गुवाड़ी के नाम से जाना जाता है, को विक्रय करना है।
सम्पर्क सूत्र - 9425002108
ब्रजलाल रांका

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क 9826398272



Hippo
BIGG BOSS
Capsule
NO SIDE EFFECT
For Enquiry : 9244262582
2 कैप्सूल रात को गरम दूध के साथ
लम्बे आनंद भरे पलों के लिए
आयुर्वेदिक, केवल पुरुषों के लिए

**बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति**
**कटे कान जुड़वाएं**
**किडनी की पथरी का अंत तुरंत**
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

**अमरूद बेचना है**
अमरूद का बगीचा जवासिया कुमार, लालपुर, उज्जैन में चार बीघा में करीब 400 अमरूद के पेड़ अच्छी बहार आई फल बेचना है।
: संपर्क :
7746856444

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**श्री श्री देवी तारा महा श्मशान निवासनी देवी तारा कृपा**
48 वर्ष पुराना तंत्र, मंत्र, यंत्र ज्योतिष कार्यालय, इंदौर
**पंडित प्रहलाद सूर्यवंशी ज्योतिषाचार्य**
**ज्योतिष कार्यालय गुगल पर देंखे**
देवी तारा, देवी महाकाली, महाशमशानी साधक महावशीकरण, कोर्ट कचहरी, तलाक, गुप्त शत्रु, सास-बहू विवाद, प्रेमी-प्रेमिका का महावशीकरण, गंभीर से गंभीर रोग, जादू टोना, महाशमशानी तंत्र-मंत्र क्रिया, सौतन दुश्मन छुटकारा, मनपसंद शादी।
नोटः जन्म कुंडली, फोटो, हस्तरेखा और अन्य परामर्श शुल्क 1000 अनिवार्य, फोन पर परामर्श शुल्क 3000 अनिवार्य, सात दिन में काम नहीं होने पर 30 प्रतिशत ब्याज सहित पैसा वापस, 101 प्रतिशत ग्यारेंटेड समाधान।
नोटः दिपावली पर 88 लाख महामंत्र से महासिद्धी यंत्र और श्री श्री देवी महालक्ष्मी सिद्ध महायंत्र, 88 लाख महामंत्रों से।
नोटः यंत्र के लिए 3 दिन पहले संपर्क करें।
पताः एमजी रोड, कमिश्नर कार्यालय, जिला कोर्ट गेट नंबर एक के सामने, 34 महतानी मार्केट इंदौर
मोबाइलः 7828672574, 8817546028
समयः प्रातः 11 से रात्रि 9:00 बजे तक एवं रविवार को दोपहर 3:00 बजे से 8:00 बजे तक खुला रहेगा।
नोटः सभी धर्म और जाती के लोग पूर्व समय लेकर निसंकोच मिले।

**पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है**
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क 7773077762

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है। प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर। ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**कृषि भूमि बेचना है**
• उज्जैन से मात्र 16 किमी पर 5 बीघा ग्राम आँवलिया में मात्र 22 लाख रुपये बीघा
• 25X60 का प्लॉट बेचना है एमपी नगर में
• 13X50 का मकान बेचना है मक्सी रोड एम आर 5 रोड पर
• 17X30 तीन मंजिला मकान बेचना है मेन रोड पर सांदीपनी नगर एम आर 5 रोड पर
मो. 9301388290, 9340903559

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

अब आपके इंदौर शहर में... सप्ताह में दिन... सोमवार बुधवार शुक्रवार
**श्री गोपाल हाड़ वैद्य**
हड्डी रोग दवाखाना उज्जैन वाले
समय दोप. 12:30 से शाम 7 बजे तक
मो. 7000813235
चोंट | मोच | फैक्चर विशेषज्ञ
पता- जवाहर मार्ग 11/5 निहालपुरा गुरुद्वारा के सामने वाली पट्टी लक्ष्मी मेडिकल हाल के पीछे निहालपुरा, इन्दौर

**दैनिक अवन्तिका वर्गीकृत**

| | |
|---|---|
| 10 दिन | 1000/- |
| 20 दिन | 1500/- |
| 1 माह | 2000/- |

- सम्पर्क करें-
0734-4041777
0731-4085777
77710-90777

विशेष सूचना- दैनिक अवन्तिका में प्रकाशित विज्ञापनों में किये दावों की पुष्टि पाठक अपने विवेक से करें।

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070

**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
**ए.के. ट्रेडर्स**
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

**हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?**
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
**पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर**
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

**दैनिक अवन्तिका**
स्वागतम् 2026
तीन-तीन बहुरंगीय कैलेंडर



एक वितरित दो और कैलेंडर
जल्द आपके हाथों में
नए साल के तीन तरह के
निःशुल्क कैलेंडर जल्द आपके हाथों में
श्री राम लला मंदिर और श्री महाकाल पोस्टर कैलेंडर
11 दिसंबर के अंक के साथ निःशुल्क वितरित हो चुका है।
अब दो कैलेंडर बाकी पंचांग कैलेंडर और तिथि कैलेंडर
**हॉकर से अपनी प्रति सुरक्षित करें और लेते रहे एक एक करके तीनों कैलेंडर**
9977755777, 77710 90777, 9617957337, 9893047988, 0734 4041777, 0731 4085777

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com